हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

इस कार्रवाई के साथ बीस एकड़ में बनाया गया ड्रग्स केस के आरोपी मछली परिवार का अवैध साम्राज्य तबाह हो गया, मछली परिवार के कब्जे से अब तक करीब 100 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन कब्जे में ली गई




सरकारी जमीन पर कब्जा कर 15 हजार वर्गफीट एरिया में बनाई थी

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने से 21 दिन की देरी

# पांच घंटे में 'मिट्टी' में मिला दी गई मछली परिवार की आलीशान कोठी

**महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर कर दिया पथराव सख्ती के बाद खदेड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

ड्रग्स केस के आरोपी मछली परिवार पर 21 दिन बाद फिर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की वजह से कार्रवाई को रोकना पड़ा था। गुरुवार को जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर हथाईखेड़ा स्थित अनंतपुरा में 15 हजार वर्गफीट में बनाई गई 25 करोड़ लागत से बनी कोठी को ढहा दिया। दोपहर करीब 12 बजे से कार्रवाई शुरू हुई और पांच घंटे में अवैध कोठी को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के पहले कोठी में रखा एक ट्रक सामान भी निकाला गया था।

इसके साथ ही यहां बीस एकड़ में बनाया गया मछली परिवार का अवैध साम्राज्य तबाह हो गया है। यहां ड्रग्स माफिया यासीन और शाहवर मछली द्वारा एक एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर आलीशान कोठी, गार्डन सहित अन्य अवैध निर्माण किए गए थे। टीम ने कोठी को छोड़कर अन्य इमारतों को 31 जुलाई को तोड़ा गया था। तीन मंजिला कोठी में 35 से अधिक कमरे, बड़े-बड़े हॉल थे। जिनमें सभी सुविधाएं मौजूद थीं। कोठी के एक तरफ बड़ा आंगन था, तो वहीं दूसरी तरफ पार्क, झूला घर, गैरेज बने हुए थे। मछली परिवार के कब्जे से अब तक करीब 100 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन कब्जे में ली गई है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

## 25 करोड़ की तीन मंजिला कोठी में 35 कमरे थे

◀ हथाईखेड़ा स्थित अनंतपुरा में थी यह कोठी

◀ कोठी को छह पोकलेन और जेसीबी ने ढहाया




### एक एकड़ के कब्जे को भी हटाया

हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि शाहवर मछली और भतीजे यासीन मछली व उसके परिवार के लोगों ने हथाईखेड़ा के पास कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में करीब 20 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा था। जहां तीन फार्म हाउस, एक वेयर हाउस, एक कारखाना, एक अवैध मदरसा, पांच दुकानें अवैध रूप से बनाई गई थीं। जिनको प्रशासन ने 31 जुलाई को जमींदोज कर दिया था। इस दौरान यहां 15 हजार वर्गफीट में बनी आलीशान कोठी सहित एक एकड़ में हुए कब्जे पर कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के कारण रोक दी गई थी। गुरुवार को कोठी को तोड़कर जगह को कब्जे में लिया गया है।

### शाम 5 बजे तक गिरा दी गई कोठी

कोठी को जमींदोज करने के लिए छह पोकलेन, जेसीबी लाए गए थे, जिनमें से पहले तीन ने एक तरफ का हिस्सा तोड़ना शुरू किया था। इस बीच एक पोकलेन बंद हो गया तो कार्रवाई धीमी हो गई। ऐसे में अधिकारियों ने सभी मशीनों को कोठी को दोनों तरफ से तोड़ने की कार्रवाई शुरू करवा दी। ऐसे में शाम पांच बजे तक पूरी कोठी ताश के पत्तों की तरह भर भराकर गिर गई।

### करीब 200 पुलिस वाले तैनात रहे

कोकता हथाईखेड़ा में सारिक मछली द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने नगर निगम के अलावा भारी पुलिस बल तैनात रहा। देहात के सभी 7 थानों के थाना प्रभारी थाने के बल के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा जिला पुलिस बल और पिपलानी, गोविंदपुरा सहित आसपास के थाना प्रभारी मौजूद रहे। थाना के स्टाफ के अलावा एसएएफ, क्यूआरएफ और जिला पुलिस बल के जवानों को कार्रवाई के दौरान तैनात किया गया। करीब 200 पुलिस वाले तैनात रहे। 12 प्रशासनिक अफसरों का अमला तैनात रहा।






### नोटिस देकर की गई यह कार्रवाई

अनंतपुरा हताईखेड़ा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे कर बड़े-बड़े निर्माण किए गए थे। जिसको लेकर नोटिस देकर कार्रवाई की गई है। गुरुवार को अवैध कोठी को तोड़कर करोड़ों की सरकारी जमीन से कब्जा छुड़वाया गया है।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भाजपा और डीएमके से गठबंधन नहीं: विजय



**नई दिल्ली।** एक्टर विजय की तमिलागा वेट्टी कल्याणगम (टीवीके) पार्टी अगले साल तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में राजनीतिक डेब्यू करेगी। मदुरै में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजय ने ये संकेत दिए कि उनकी पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी न तो डीएमके और न ही भाजपा के साथ गठबंधन करेगी।

### अब थ्री लेयर हुआ सीएम रेखा गुप्ता का सुरक्षा घेरा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बुधवार को 'जन सुनवाई' के दौरान हुए हमले के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड-श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सीआरपीएफ के जवान गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

### आम आदमी को मिलेगी राहत: जीएसटी में बदलाव को लेकर मंत्रिसमूह की मंजूरी

# जीएसटी में खत्म होंगे अब 12 व 28% वाले स्लैब

**लक्जरी कारों पर 40% की दर से कर लगाया जाएगा, जो पहले 50 फीसदी से ज्यादा था**

**केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालन करने वालों की संख्या बढ़ेगी**

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की मौजूदा चार दरों वाली संरचना को 2 दरों से बदलने की योजना को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी रेट्स को युक्तिसंगत बनाने को लेकर मंत्रिसमूह की गुरुवार को हुई एक खास बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

इस प्रस्ताव के तहत अब जीएसटी में दो स्लैब 5% और 18% ही होंगे। बाकी 12% और 28 फीसदी वाले स्लैब को हटा दिया जाएगा। पैनल ने यह भी सिफारिश की है कि लक्जरी कारों पर 40% की दर से कर लगाया जाए, जो पहले 50 फीसदी से ज्यादा था। मंत्रिसमूह के सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा। जीएसटी काउंसिल द्वारा अपनी आगामी बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए इन सिफारिशों पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा*

### जीएसटी में दो स्लैब 5% और 18% ही होंगे

जीएसटी काउंसिल की बैठक में अंतिम मंजूरी

**अच्छी खबर**




#### महंगे होने वाले सामान



◀ सिन गुड्स (40% स्लैब): शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, फास्ट फूड, शुगर, कॉफी, पोर्नोग्राफी आदि

◀ इन पर टैक्स अब 40% रखा गया है, जिससे खपत कम करने का प्रयास है।

◀ सामान्य तौर पर ये सामान महंगे रहेंगे या और महंगे हो सकते हैं।

#### सस्ते होने वाले सामान

1 जो चीजें पहले 12% स्लैब में थीं, उनमें से लगभग 99% को अब 5% स्लैब में शिफ्ट किया जाएगा

**उदाहरण:** दाल, आटा, चावल, दूध, डेयरी प्रोडक्ट्स, कुछ आवश्यक दवाएं। इसका मतलब है कि रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं पहले से काफी सस्ती हो जाएंगी।

2 जो चीजें पहले 28% स्लैब में थीं, उनमें से लगभग 90% को 18% स्लैब में ले जाया जाएगा

**उदाहरण:** मोबाइल फोन, कपड़े, होटल सेवाएं

#### चीजें होंगी सस्ती

*अगर जीएसटी काउंसिल इसकी मंजूरी देता है तो 12 फीसदी के तहत 99 प्रतिशत वस्तुओं को 5 फीसदी वाले टैक्स स्ट्रक्चर में डाला जाएगा। जबकि 28 प्रतिशत रेट्स वाले 90 फीसदी वस्तुओं की कैटेगरी चेंज करके 18 फीसदी वाले कैटेगरी में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे वस्तुओं के दाम में कमी आएगी। केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालने करने वालों की संख्या बढ़ेगी।*

#### बीमा और हेल्थ पर टैक्स छूट से 9700 करोड़ का बोझ

मंत्रिसमूह ने व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के प्रस्ताव की भी समीक्षा की, जिससे सालाना लगभग 9,700 करोड़ का राजस्व प्रभाव पड़ सकता है। अधिकांश राज्यों ने इस योजना का सपोर्ट किया है। लेकिन यह भी कहा है कि इसका लाभ सीधे पॉलिसी होल्डर्स को मिलना चाहिए।

### पीएम मोदी ने संसद नहीं चलने देने पर बोला हमला

# विपक्ष में भी कई प्रभावशाली वक्ता हैं पर राहुल की वजह से उनको नहीं मिलता मौका

बिरला की चाय पार्टी में विपक्षी सांसदों ने भाग नहीं लिया



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष के कई नेता प्रतिभाशाली और अच्छे वक्ता हैं, लेकिन राहुल गांधी की वजह से उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता। पीएम ने अनौपचारिक तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी इसलिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

*लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकालीन समय के स्थगित होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने टी पार्टी दी। टी पार्टी में पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रियों समेत एनडीए के नेता पहुंचे लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष का एक भी सांसद इसमें शामिल नहीं हुआ। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब मैक्रों ने पीएम मोदी को लगाया फोन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की। बातचीत की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता दोहराई। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने व्लादिमीर पुतिन, वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय यूनियन के नेताओं से बातचीत की। अलास्का में पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने जेलेंस्की से बात की। ट्रंप ने उम्मीद जताया है कि जल्द ही तीनों नेता एक साथ बैठकर युद्ध की समाप्ति पर फैसला लेंगे।

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला: पाकिस्तान से खेल संबंध खत्म

# भारत और पाकिस्तान के बीच नहीं होगा कोई द्विपक्षीय खेल मुकाबला

एशिया कप में खेलने के लिए क्रिकेट टीम पर रोक नहीं

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह का कोई खेल संबंध नहीं रखेगी।

खेल मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान किसी भी द्विपक्षीय खेल मुकाबले में शामिल नहीं होंगे, लेकिन क्रिकेट टीम को अगले महीने एशिया कप खेलने से नहीं रोका जाएगा। मंत्रालय ने भारत के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में नई नीति का अनावरण किया, जिसमें पाकिस्तान



पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू है। खेल मंत्रालय की नीति का हवाला देते हुए जारी खबरों में कहा गया कि पाकिस्तान से जुड़े खेल आयोजनों के प्रति भारत का दृष्टिकोण उस देश के साथ व्यवहार करने की उसकी समग्र नीति ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### कितनी बार टेस्ट में आमने-सामने?

*भारत और पाकिस्तान की टीम टेस्ट में कुल 59 बार एक-दूसरे का आमना-सामना कर चुकी है, जिसमें से 9 मैच भारत ने जीते, जबकि पाकिस्तान की टीम ने 12 टेस्ट मैच अपने नाम किए। वहीं, दोनों टीमों के बीच कुल 38 टेस्ट मैच ऐसे रहे जो ड्रॉ पर समाप्त हुए। वहीं, टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर 28 मार्च 2004 को मुल्तान स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में भारतीय टीम ने पारी घोषित करने से पहले* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की तल्ख टिप्पणी

# हाइकोर्ट के जजों पर हर दिन कितना पैसा खर्च हो रहा, वे यह सोचें न्याय सबका अधिकार, अमीर-गरीब के बीच खाई पाटने की जरूरत

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कुछ हाईकोर्ट जजों के काम के प्रति समर्पण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ जज पूरे समर्पण से काम कर रहे हैं और न्याय के पथप्रदर्शक बनकर अपने दायित्वों को निभा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ जज ऐसे हैं, जिनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा जिन लोगों के समर्पण में कमी है, मैं उनसे एक विनती करना चाहता हूं- जब भी आप रात में सोने के लिए जाएं तो लेटने के बाद तकिए पर अपना सिर रखें तो अपने आप से एक सवाल पूछें कि- मुझ पर जनता ▶▶ शेष पेज 4 पर

हमने न्याय के मंदिर बनाए हैं, लेकिन उनके दरवाजे उन्हीं लोगों के लिए संकरे होते जा रहे हैं जिनकी सेवा के लिए ये अदालतें बनाई गई थीं

#### न्याय तक पहुंच समृद्धि का विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए



*उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जो बात मुझे परेशान करती है, वह है एक विरोधाभास जिसे हमने अनजाने में पैदा कर लिया है, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में न्याय तक पहुंच लंबे समय तक समृद्ध वर्ग का विशेषाधिकार बना रहा। जब कानूनी फीस आम नागरिक की मासिक आय से कहीं अधिक हो जाए, जब अदालत की प्रक्रियाओं को समझने के लिए साक्षरता की आवश्यकता हो और लाखों लोगों में यह साक्षरता न हो, जब अदालतों के गलियारे स्वागत की जगह डराने लगें तो हम एक कठोर सच्चाई से रूबरू होते हैं।*

#### कानून को हर भाषा और हर गांव तक पहुंचना चाहिए

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत, जो नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कानून को हर भाषा बोलनी चाहिए, हर गांव को सिखाना चाहिए और न्याय की हर पुकार का जवाब देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर लोकतंत्र को जीवित रखना है तो न्याय हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचना चाहिए।*

## उद्योग और व्यापार जगत के लोगों ने किया दो-स्लैब जीएसटी प्रणाली का स्वागत, विकास की दिशा में बताया सही कदम

# आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप है जीएसटी 2.0



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

जीएसटी की दरों में सुधार करने के ऐलान के बाद कारोबार जगत के साथ ही आम जनमानस में उत्साह दिख रहा है। केंद्र सरकार के इस कदम और प्रस्ताव का उद्योग और व्यापार जगत के दिग्गजों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कराधान प्रणाली में सरलीकरण, पारदर्शिता और दक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह एक बहुत जरूरी सुधार है जो अनुपालन बोझ को कम करने और कर व्यवस्था में स्पष्टता लाने का वादा करता है। जीएसटी स्लैब बदलने से हर वर्ग को फायदा होगा। उद्योग और व्यापारिक संगठनों के दिग्गजों ने एक स्वर में वन नेशन, वन ट्रेड और वन टैक्स दर की मांग भी उठाई है। व्यापारियों ने कहा कि वर्तमान में पांच प्रकार के टैक्स स्लैब से लोग परेशान हैं।


### अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा यह सुधार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी 2.0 की घोषणा किए जाने का सीआईआई ने देश के आर्थिक सुधारों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। वस्तु एवं सेवा कर सुधारों के इस अगले चरण का उद्देश्य दरों को युक्तिसंगत बनाकर कर संरचना को सरल बनाना, वर्गीकरण विवादों, उलटे शुल्क ढांचे जैसे मुद्दों का समाधान करना और अनुपालन बोझ को कम करना है। जीएसटी 2.0 एक दूरदर्शी सुधार है,जो आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आवश्यक वस्तुओं पर कम कर, तेज रिफंड और तकनीक-सक्षम अनुपालन प्रक्रियाएं उपभोग को बढ़ावा देंगी। लागत कम करेंगी और नागरिकों के लिए जीवनयापन को आसान बनाएंगी। सीआईआई इन सुधारों का पूर्ण समर्थन करता है और उद्योग के हितधारकों से नीति निर्माताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने, समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने, भारतीय अर्थव्यवस्था के निर्माण में योगदान देने का आग्रह करता है।

**ऋषि कुमार बागला**, अध्यक्ष, सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र, भारतीय उद्योग परिसंघ


### आर्थिक गति, राहत और स्थिरता देने वाला निर्णय साबित होगा



केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी को केवल दो स्लैब में सरल बनाने का विचार सराहनीय कदम है। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो इससे व्यापार एवं उद्योग, ट्रांसपोर्ट जगत को व्यापक लाभ होगा। वर्तमान में ट्रांसपोर्ट से जुड़े वाहन, पार्ट्स, रिपेयर, टायर-ट्यूब, लुब्रिकेंट्स आदि पर ऊंची जीएसटी दरों का भारी बोझ है। दो स्लैब व्यवस्था से इसमें कमी आने की संभावना है। लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी जिससे माल भाड़ा दरें स्थिर होंगी और व्यापार को गति मिलेगी। इनपुट टैक्स क्रेडिट और रिवर्स चार्ज से जुड़ी जटिलताओं में राहत मिलने से नकदी प्रवाह सुधरेगा। टैक्स कंप्लायंस आसान होने से छोटे ट्रांसपोर्टरों को बड़ा सहारा मिलेगा।गिरते हुए ट्रांसपोर्ट व्यापार को स्थिरता और मजबूती मिलेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को स्थिर और पारदर्शी मूल्य का लाभ मिलेगा महंगाई कम होगी रोजगार पैदा होंगे। केंद्र सरकार अपनी बात पर कायम रह कर ईमानदारी से 2 स्लैब बगैर बायपास रास्ते के जीएसटी को 2 स्लैब में सरल बनाएगी।

**सी.एल. मुकाती**, मैनेजिंग कमेटी मेंबर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली

### दो स्लैब के आने पर अधिकांश वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी



8 फीसदी के स्लैब में अधिकांश प्रोडक्ट आते है जैसे टीवी, फ्रिज, टायर, कार, स्कूटर, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कई आइटम। दो स्लैब के आने पर यह सब कुछ 10 प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे। सरकार ने कई वस्तुओं पर सेस भी समाप्त करने की घोषणा की है, जिससे उपभोक्ता के उपयोग की चीजें सस्ती हो जाएंगी, मार्केट में उछाल आएगा। अब आम उपभोक्ता का दायित्व होगा कि वो स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की ही खरीददारी करें, ताकि भारतीय उद्योगों को फलने -फूलने का अवसर मिले, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान हो।

**अजय सिंह**, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन


### केंद्र सरकार का यह सराहनीय कदम



जीएसटी के टैक्स स्लैब को दो स्लैब में परिवर्तित किए जाने आम जनता को राहत प्रदान होगी। केंद्र सरकार का यह सराहनीय कदम है। इससे निम्न और मध्यवर्गीय लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। आने वाले समय में केंद्र सरकार एक देश एक टैक्स को लेकर गंभीर नजर आ रही है। बस भारत के व्यापारी बंधु जो टैक्स सिस्टम के बहार है । यदि वह भी टैक्स सिस्टम में स्वेच्छा से आ जाए तो आने वाले समय में टैक्स दर और कम हो सकती है । देश की उन्नति और आर्थिक विकास के लिए सभी व्यापारी बंधुओं को नई टेक्नोलॉजी माध्यम व्यापार बढ़ाने की बहुत सी संभावनाएं हैं ।

**संजीव गर्ग (गांधी)**, अध्यक्ष, होलसेल सराफा व्यापारी एसोसिएशन भोपाल

### सक्रिय रूप से खरीदारी का मिलेगा मौका



दो स्लैब से व्यवसायों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाएगा। अगर 99 फीसदी वस्तुओं को 28 फीसदी स्लैब से 18 फीसदी जीएसटी स्लैब में परिवर्तित कर दिया जाए, तो ग्राहकों को लाभ होगा। इससे विभिन्न वस्तुओं की लागत कम होगी और दीपावली से पहले आने से ग्राहकों की खरीदारी में सुधार होगा। अमेरिका द्वारा कड़े टैरिफ लगाने के कारण निर्यात आय में हुए नुकसान को देखते हुए, जीएसटी में कमी से भारत के समावेशी विकास में सुधार होगा।

**आशीष पांडेय, अध्यक्ष**
फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन मप्र

### एसएमई के उत्पाद 18 फीसदी टैक्स स्लैब हटे



नई कर प्रणाली ने एमएसएमई को बड़ी राहत प्रदान की है, जिससे उन्हें उबरने और विकास करने में मदद मिली है। जीएसटी को दो स्लैब में परिवर्तित करना केंद्र सरकार यह एक अच्छा विचार है। परंतु उससे अधिक महत्वपूर्ण है उसमें अधिक से अधिक उत्पाद जो भारत में निर्मित है, उन्हें जीएसटी के कम दर वाले स्लैब में रखा जाए। मध्यम और छोटे एसएमई द्वारा निर्मित उत्पाद को 18 फीसदी टैक्स स्लैब हटाया जाए।

**दीपक शर्मा, अध्यक्ष**
मध्यप्रदेश फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

### उपभोक्ता को भी इसका लाभ मिलेगा



कर की दर कम होने से व्यापार बढ़ता। वर्तमान में अमेरिका द्वारा छेड़े गए टैरिफ वार में यह दो स्लैब का जीएसटी मिल का पत्थर साबित होगा। व्यापारी वर्ग इसका हृदय से स्वागत करता है। जहां एक और व्यापारी को प्रतिस्पर्धा में बने रहने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता को भी इसका लाभ मिलेगा।

**राजेश जैन**, संचालक,
कल्याण दाल मिल्स, भोपाल

### कर अनुपालन को आसान बनाएगा



कम दर स्लैब के साथ एक सरलीकृत जीएसटी न केवल व्यवसायों, विशेष रूप से एमएसएमई के लिए कर अनुपालन को आसान बनाएगा, बल्कि वर्गीकरण विवादों को भी कम करेगा, स्थिरता को बढ़ावा देगा, परिचालन लागत को कम करेगा और राजस्व की भविष्यवाणी को बढ़ाएगा। डीजल-पेट्रोल अगर इसके दायरे में आ जाएंगे तो आम जनता को काफी लाभ होगा। कर छूट की सीमा बढ़ने से जरूर मध्यम वर्ग को फायदा होगा।

**तेजकुलपाल सिंह पाली**, अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

### यह सुधार रोजगार सृजन का इंजन बनेगा



सरलीकृत जीएसटी संरचना और क्षेत्र-संवेदनशील कराधान से अधिक संतुलित और मजबूत अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। नई जीएसटी संरचना न केवल कराधान को सरल बनाएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि भारत के छोटे व्यवसाय, जो रोजगार सृजन का इंजन बनेगा , भविष्य के लिए सशक्त और मजबूत बनें।

**बलदेव खेमानी**, अध्यक्ष,
लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल

### ग्राहकों के लिए सस्ती कीमतों की सौगात



जीएसटी दरों में प्रस्तावित कटौती व्यापारियों के लिए सीधी राहत और ग्राहकों के लिए सस्ती कीमतों की सौगात है। इससे बाजार में मांग को गति मिलेगी। छोटे और मझोले कारोबारियों को प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी।

**शैलेंद्र गुप्ता**, उपाध्यक्ष, लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल

### जीएसटी में सुधार का सभी को था इंतजार



इससे अधिकतर वस्तुएं सस्ती होंगी। व्यापारियों के पास नगदी बढ़ेगी। जीएसटी रजिस्ट्रेशन बढ़ेंगे। ज्यादा व्यापारी टैक्स के दायरे में आएंगे। टैक्स कलेक्शन बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था बेहतर होगी। सभी इसका इंतजार कर रहे थे।

**प्रेमनारायण यादव**
संचालक, कुंदन नमकीन एंड मिष्ठान

### अर्थव्यवस्था को बल देने वाला



जीएसटी रिफंड, रिटर्न फाइलिंग और पंजीकरण को तकनीकी और कानूनी रूप से सरल बनाने का प्रस्ताव है। ये बदलाव आधारभूत और अर्थव्यवस्था को बल देने वाले रहेंगे। दैनिक उपभोग की वस्तु और सेवाएं सस्ते दामों पर उपलब्ध होने की उम्मीद है।

**मृदुल आर्य**,
एडवोकेट एवं जीएसटी विशेषज्ञ

---

## विकृत इतिहास में होगा सुधार: एबीवीपी

# अभाविप ने किया प्रतिरोध, केरल में स्कूली शिक्षा पाठ में होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के सतत प्रयासों से केरल सरकार को अंततः चौथी कक्षा की पर्यावरण अध्ययन शिक्षक-पाठ्यपुस्तक से विकृत सामग्री को हटाने का निर्णय लेना पड़ा। केरल शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा पाठ्यक्रम संशोधन के तहत तैयार इस प्रारूप में नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कायर बताकर यह झूठा प्रचार किया गया कि वे अंग्रेजों से भयभीत होकर जर्मनी भागे थे। साथ ही भारत के मानचित्र में असम और झारखंड जैसे महत्वपूर्ण राज्यों को जानबूझकर हटा दिया गया था।

**नेताजी को बदनाम करने जैसी भूलों को किया दुरुस्त**

**विकृत इतिहास परोसते रंगे हाथ पकड़ी गई**

*अभाविप केरल के प्रदेश मंत्री ईयू ईश्वरप्रसाद ने कहा कि जो केरल सरकार स्वयं को शैक्षिक आदर्श बताती है, वहीं बच्चों के सामने विकृत इतिहास परोसते हुए रंगे हाथ पकड़ी गई है। अभाविप की सामूहिक शक्ति और राष्ट्रव्यापी स्वर के कारण ही सरकार को झुकना पड़ा और इस घोर अपराध को सुधारना पड़ा।*

**भारत के महानतम स्वतंत्रता सैनानी थे बोस**

*अभाविप के राष्ट्रव्यापी विरोध और औपचारिक शिकायत के बाद, केरल के सामान्य शिक्षा विभाग ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए एनसीआरटी को निर्देश दिए हैं कि आवश्यक सुधार किए बिना कोई भी पुस्तक छापी न जाए। अब संशोधित व सही किया गया पाठ एससीआरटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही, इन गंभीर भूलों के लिए जिम्मेदार पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति के सदस्यों को आगे की सभी शैक्षणिक गतिविधियों से प्रतिबंधित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री श्रवण बी. राज ने कहा कि यह केवल अभाविप के प्रखर प्रतिरोध और हस्तक्षेप का परिणाम है कि केरल सरकार को अपनी गलती स्वीकार कर सुधार करना पड़ा। नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भारत के महानतम स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।*

## प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश की प्रगतिशील निवेश नीतियों पर केंद्रित योजनाओं की दी जानकारी

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य डेटा सेंटर का किया भ्रमण

# जर्मन डीप टेक लीडर्स के साथ भागीदारी से प्रदेश को डिजिटल बनने में मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में निवेश एवं नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में जर्मन व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड का भ्रमण किया। इसका उद्देश्य डिजिटल परिवर्तन, डीप टेक और निवेश संवर्धन के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना था। जर्मन डीप टेक लीडर्स का यह दौरा प्रदेश में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

तेजी से प्रौद्योगिकी और नवाचार का केंद्र बन रहे प्रदेश की जर्मन डीप टेक लीडर्स के साथ साझेदारी डिजिटली सशक्त राज्य बनने की यात्रा को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में जर्मनी के अग्रणी उद्यमी और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ जिनमें टाइलर्स के स्टीवन रेनविक, टैलोनिक के निकोलस एडमोपोलोस एवं जोआना माजा मोर्जी, स्टेएक्स के एलेक्जेंड्रा के मिकीटयूक, क्यू-नेक्ट एजी के गेब्रियल वेटज़ेल और आंद्रे लैंग, क्लाउडस्क्विड के फिलिप रेजमस और जर्मनी इंडिया इनोवेशन कॉरिडोर के सिद्धार्थ भसीन शामिल रहे। यह कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कार्यप्रवाह स्वचालन, विकेन्द्रीकृत सॉफ्टवेयर, डेटा अवसंरचना और अगली पीढ़ी के उद्यम समाधानों में अग्रणी हैं।

### प्रगतिशील निवेश नीतियां और अवसर

*प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश की प्रगतिशील निवेश नीतियों और उभरती प्रौद्योगिकी पर केंद्रित योजनाओं जैसे जीसीसी नीति-2025, एवीजीसी-एक्सआर नीति-2025, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति-2025 और आगामी सेमीकंडक्टर नीति-2025 के बारे में जानकारी दी गई। एमपीएसईडीसी के परियोजना निदेशक गुरु प्रसाद ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से प्रौद्योगिकी और नवाचार का केंद्र बन रहा है। जर्मनी और मध्यप्रदेश नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में मजबूत समन्वय साझा करते हैं। जीसीसी, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, और एवीजीसी-एक्सआर जैसे क्षेत्रों में प्रगतिशील नीतियों के माध्यम से हम एक जीवंत स्टार्टअप और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो जर्मन भागीदारों के साथ गहन सहयोग से और समृद्ध होगा।*

### डिजिटल नवाचार का प्रदर्शन

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य डेटा सेंटर का भ्रमण किया और एमपीएसईडीसी की प्रमुख परियोजनाओं से परिचित हुए। प्रस्तुतियों में स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (एमपी स्वान), राज्य डेटा सेंटर और उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से डिजिटल रूप से सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में मध्यप्रदेश के प्रयासों के साथ एकल नागरिक डेटाबेस, साइबर तहसील, संपदा 2.0, ई-नीलामी, आपदा चेतावनी और प्रतिक्रिया प्रणाली, यूनीपे, कार्यप्रबंधन प्रणाली और ई-एचआरएमएस जैसी परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया। नवीन डिजिटल शासन अनुप्रयोगों जैसे ज्ञानकोष, एआई/एमएल-आधारित डिस्कॉम समाधान, पुलिस चैटबॉट, चक्षु भावना विश्लेषण मंच और आबकारी डैशबोर्ड का भी प्रजेंटेशन दिया गया।

## अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय की टीम का निरीक्षण

# हमीदिया अस्पताल: 316 करोड़ की लागत से बन रहा नया ओपीडी ब्लॉक मरीजों को मिलेंगी वन-स्टॉप सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज, भोपाल। राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया में बनने वाले 316 करोड़ रुपए की लागत वाले ओपीडी ब्लॉक का गुरुवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय की टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने निमाणाधीन भवन का जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन से अब तक की प्रगति की जानकारी ली। दरअसल इस प्रोजेक्ट के तहत नया ओपीडी ब्लॉक तैयार किया जा रहा है, जिसमें मरीजों को वन-स्टॉप सुविधा मिलेगी। यानी रजिस्ट्रेशन से लेकर सैंपल कलेक्शन, दवा वितरण और सभी विभागों की ओपीडी एक ही बिल्डिंग में होंगी। मरीजों को अब अलग-अलग जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा।

**निर्माण में देरी पर उठे सवाल**

वहीं ग्राउंड और बेसमेंट में पार्किंग, और ऊपर के पांच फ्लोर पर विभागीय ओपीडी होंगी। टीम ने इस दौरान निर्माण में हो रही देरी पर भी सवाल उठाए। असल में, हमीदिया की पुरानी बिल्डिंग में चल रहे सीटी-एमआरआई सेंटर को हटाया नहीं गया, जिससे नई बिल्डिंग का काम अटक गया। जबकि दिसंबर 2025 तक प्रोजेक्ट पूरा करने की योजना थी। अब तक पुरानी बिल्डिंग का ढांचा भी पूरी तरह से नहीं टूट पाया है, जिसके चलते शासन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रबंधन का कहना है कि 1 दिसंबर 2017 को कंपनी से सात साल का अनुबंध किया गया था, जिसकी मियाद 30 नवंबर 2024 को खत्म हो गई है।

### जीएमसी: प्रॉब्लम सॉल्विंग फॉर बेटर हेल्थ पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन



प्रॉब्लम सॉल्विंग फॉर बेटर हेल्थ समाज के स्वास्थ्य संबंधित विषय पर जीएमसी में प्रतियोगिता हुई। पीएसबीएच के छात्रों को अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता कराई गई। पीएसबीएच के छात्र समाज के विभिन्न वर्गों के स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान के साथ अनुसंधान करके उनके समाधान के लिए कार्य करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. कविता एन सिंह ने किया।

# ग्रामीण बैंक में 86 लाख का गबन, ईओडब्ल्यू ने बैंककर्मी सहित आधा दर्जन पर की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश ग्रामीण बैक में 86 लाख के गबन का मामला सामने आया है। मामला झाबुला जिले की ग्रामीण बेंक शाखा सोण्डवा से जुड़ा है। इंदौर ईओडब्ल्यू ने बैंककर्मी सहित आधा दर्जन आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक बैंक के एक कर्मचारी मोहित गुप्ता ने अपने पद और आईडी का दुरुपयोग करते हुए ऐसे खातों को निशाना बनाया जो लंबे समय से निष्क्रिय थे। इन खातों में जमा धन राशि को बैंककर्मी ने अपने परिचित के खातों में ट्रांसफर कर दिया। इस दौरान 11 अलग-अलग खाताधारकों के खाते से कुल 86 लाख का गबन किया गया। इस दौरान बैंककर्मी के साथ आधा दर्जन अन्य लोगों की मिलीभगत भी सामने आई। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में शिकायत के सत्यापन के बाद मोहित गुप्ता सहित अन्य आरोपियों सौरभ सेंगर, नरेन्द्र सिंह सेंगर, देवराज सिंह, गजेन्द्र सिंह और मुकेश कुमार सबनानी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## बिजली कर्मियों से मारपीट के आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दतिया वृत अन्तर्गत बकाया राशि जमा नहीं करने तथा बिजली कर्मचारियों से मारपीट करने वाले चार आरोपितों के खिलाफ थाना जिगना जिला दतिया में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक विद्युत वितरण केंद्र उदगवां वरुण वर्मा ने बताया कि ग्राम छता के हार में पंप कनेक्शन की बकाया राशि जमा नहीं करने पर उदगवां में ट्रांसफार्मर उतार कर वितरण केंद्र पर ले रहे थे। उपभोक्ता भगवान सिंह यादव पर बकाया राशि 50 हजार से अधिक तथा उपभोक्ता प्रभा देवी यादव पर 23 हजार से अधिक बकाया राशि जमा नहीं करने पर कंपनी ने कार्रवाई की। टीम में लाइन हैल्पर संतोष शर्मा, ब्रजेश रजक के साथ कार्रवाई करने के बाद अपने शासकीय वाहन से जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में आरोपितों ने गालियां देते हुए हमला कर दिया तथा ट्रांसफार्मर शासकीय वाहन से लूट लिया। मारपीट में सहायक प्रबंधक तथा लाइन हैल्पर को चोट आई है। इस दौरान आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली।

## विद्यार्थियों में विद्यमान नवाचार को प्रोत्साहित करना प्रमुख उद्देश्य

विश्व उद्यमिता दिवस का मौका

# आईईएचई: नवाचार का प्रवाह, उद्यमिता का उत्सव, पांच दिवसीय ई-समिट शुरू, विशेषज्ञों का मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में गुरुवार को संस्थान के नवाचार व उद्यमिता प्रकोष्ठ उद्गम एवं नवाचार के क्षेत्र में कार्यरत मध्य भारत की प्रसिद्ध संस्था सविष्कार के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय ई-समिट प्रवाह की शुरुआत हुई। इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्यमान उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना है। उन्हें न सिर्फ अवसर उपलब्ध कराना है, अपितु उनके नए विजन व बिज़नेस आइडिया की कमियों को आमंत्रित विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में दूर कर उसे बाज़ार के लिए और अधिक उपयुक्त बनाना भी है। बैठक की शुरुआत 21 अगस्त यानि विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर की गई है। समिट के मार्गदर्शक की भूमिका संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल निभा रहें हैं। वहीं इसका संयोजन उद्गम प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. निधि चौहान व सविष्कार संस्था के राज्य स्तरीय सचिव (मप्र) डॉ. अतुल तिवारी कर रहे हैं।




**यह रहे मुख्य अतिथि**

उद्घाटन-सत्र में मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक, आईआईआईटी, भोपाल, डॉ. एसएस भदौरिया, निदेशक, यूआईटी, आरजीपीवी, भोपाल और जितेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय सह-सचिव, स्वावलंबी भारत अभियान शामिल हुए।

### आईपीआर पर वर्कशॉप का आयोजन

समिट की शुरुआत के बाद कंपनी की खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न कंपनियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही आईपीआर यानि इंटैलैक्चुअल प्रॉपर्टी राइट विषय पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ. मुनेश चंद्र त्रिवेदी, प्राध्यापक, पीएसएससीआईवीई, भोपाल ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया। कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तरी-सत्र का आयोजन किया गया। समिट के आगामी दिवसों में सर्वश्रेष्ठ नवाचार विचारों की खोज, युवा संसद, कन्सल्टैक्स 2.0, ट्रेज़र हंट एवं फूड स्टॉल जैसी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के लिए ज्ञान व कौशलवर्धक कार्यशालाएं, व्याख्यान व विशेष सत्रों की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी।



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धार के भेरू घाट पर ट्रैफिक जाम में फंसे हजारों वाहन

# 3 किमी लंबा जाम

- नेशनल हाईवे पर एक के बाद 7 गाड़ियां टकराईं
- रॉंग साइड से निकलने के चक्कर में फंसे वाहन
- वाहन चालकों को धार फाटे से बगड़ी होकर मानपुर और फिर इंदौर जाना पड़ा
- 35 किमी का लंबा चक्कर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धामनोद



धार जिले के धामनोद में नेशनल हाईवे -54 के भेरू घाट पर बुधवार रात से सुबह तक 7 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसके चलते सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। गुरुवार सुबह एक लेन बंद होने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। कुछ वाहन चालकों ने दूसरी तरफ से निकलने का प्रयास किया, जिससे गाड़ियां उलझकर रह गईं। इसके चलते करीब 3 किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। मानपुर और काकड़दा पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे किया गया। जाम में छोटे-बड़े कई वाहन फंस गए। कई वाहन चालकों को धार फाटे से बगड़ी होकर मानपुर और फिर इंदौर जाना पड़ा। इस मार्ग से जाने वालों को 35 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। काकड़दा चौकी प्रभारी मिथुन चौहान ने बताया कि लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में डेढ़ से दो घंटे का अतिरिक्त समय लगा। घाट पर लगे जाम को पुलिस ने क्लियर कराया।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज बंगाल व बिहार को देंगे सौगात



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल और बिहार में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी बंगाल में कोलकाता मेट्रो के तीन नए खंडों और हावड़ा में एक एलिवेटेड कॉरिडोर समेत 5,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। बिहार में राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद, जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पर मौजूद जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

### ईएसआई में 19.37 लाख नए कर्मचारी जुड़े



**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून 2025 के लिए अस्थायी पेरोल आंकड़े जारी किए हैं, जिनके मुताबिक इस महीने 19.37 लाख नए कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत शामिल किया गया। जून में 34,762 नए प्रतिष्ठान भी इस सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में आए, जिससे और अधिक कर्मचारियों को सुरक्षा कवच मिला। कर्मचारियों में से 9.58 लाख युवा कर्मचारी थे।

### मायावती को 'मम्मी-मम्मी' कहने पर एफआईआर




**गाजियाबाद।** उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती को 'मम्मी-मम्मी' कहने वाले सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वायरल वीडियो लेकर समर्थकों में नाराजगी को देखते हुए आरोपी इंफ्लुएंशर ने हाथ जोड़कर माफी भी मांगी और भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की बात कही है। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में शिकायत पर कार्रवाई हुई है।

भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी ने नहीं की फंडिंग

# ट्रंप ने झूठ बोला... अमेरिकी दूतावास ने किया बड़ा खुलासा

भारत में चुनाव संबंधी अनुदानों की लिस्ट में 21 मिलियन डॉलर की कोई एंट्री नहीं



*भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का खंडन किया है जिसमें उन्होंने भारत में चुनावी फंडिंग की बात कही थी। दूतावास ने केंद्र सरकार को डेटा दिया है, जिसे सरकार ने संसद में पेश किया है।*

अमेरिकी राजदूत ने बताया है कि 15 अगस्त से यूएसएआईडी ने भारत में कार्य बंद कर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिका से चुनावी फंडिंग पर वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का खंडन किया है। अमेरिकी दूतावास ने यह डेटा केंद्र सरकार को दिया है, जिसने इसे संसद में साझा किया है। इस डेटा के मुताबिक यूएसएआईडी ने भारत में चुनावी गतिविधियों के लिए कोई फंड नहीं दिए। इस डेटा के मुताबिक भारत में चुनाव संबंधी अनुदानों की लिस्ट में 21 मिलियन डॉलर की कोई एंट्री नहीं है। इस साल उनके राष्ट्रपति बनने के बाद फरवरी में ट्रंप प्रशासन ने भी दावा किया था कि भारत के चुनाव में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी ने 21 मिलियन डॉलर खर्च किए।

## 21 मिलियन डॉलर देने का किया था दावा



अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) की ओर से फरवरी में एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया गया था कि अन्य अनुदानों के साथ ही भारत को वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर के अनुदान को रद्द किया जाता है। इससे पहले ट्रंप ने लगातार आरोप लगाए थे कि उनकी पूर्ववर्ती डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार ने भारत के चुनावों में दखल दिया था। उन्होंने इसे अपने चुनावी अभियान का हिस्सा भी बनाया था कि दूसरे देशों को चुनावी अनुदान देने का क्या औचित्य है। एक मौके पर ट्रंप ने कहा था कि भारत में वोटर टर्नआउट के लिए मेरे दोस्त प्रधानमंत्री मोदी को 21 मिलियन डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी वोटर टर्नआउट चाहता हूं।

### अमेरिकी दूतावास ने ट्रंप के दावों का किया खंडन

लेकिन, केंद्र सरकार ने सीपीएम सांसद जॉन ब्रिटास के प्रश्न के जवाब में संसद को बताया है कि जब अमेरिकी प्रशासन ने 16 फरवरी को दावा किया कि वह भारत को चुनाव के लिए मिलने वाले अनुदान को रद्द कर दिया है तो उसने तुरंत अमेरिकी दूतावास से भारत में यूएसएआईडी की ओर से समर्थित सभी तरह के प्रोजेक्ट की बीते 10 वर्षों का ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह के हस्ताक्षर वाले जवाब के अनुसार अमेरिकी दूतावास ने 2 जुलाई को इस संबंध में सूचना मुहैया करवाई। मंत्री ने संसद को बताया कि अमेरिकी दूतावास ने यूएसएआईडी की ओर से फंडिंग वाले सभी अनुदानों की लिस्ट उपलब्ध करवाई है, जिसमें चुनाव संबंधी कोई भी अनुदान का जिक्र नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी राजदूत ने बताया है कि 15 अगस्त से यूएसएआईडी भारत में कार्य बंद कर दिया।

### ट्रंप ने जो बाइडेन प्रशासन पर लगाया था आरोप

अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के दावे से पहले से ही डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि जो बाइडेन सरकार भारत के चुनावों में दखल देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह किसी और को चुने जाने में मदद की कोशिश कर रही थी। एक मौके पर उन्होंने कहा था कि वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर, हमें भारत में वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मेरा अनुमान है कि वे किसी और को जितवाना चाहते थे। हमें भारत सरकार को यह बताना होगा, क्योंकि जब हमने सुना कि रूस ने हमारे देश पर करीब 2,000 डॉलर खर्च किया, यह बहुत बड़ी बात थी। उन्होंने 2,000 डॉलर से कुछ इंटरनेट एड खरीदे। यह पूरी तरह एक सफलता है। एक मौके पर उन्होंने इसे किकबैक स्कीम भी कहा।

*प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार का बड़ा बयान*

# हर समस्या का समाधान अदालत से 'संभव' नहीं

- *केंद्र ने सुझाव दिया कि कुछ मुद्दों पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के बीच बातचीत होनी चाहिए*



◀ हर मामले में न्यायिक समाधान के बजाए राजनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हर समस्या का समाधान सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही किया जाए, ये जरूरी नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर हो रही सुनवाई के दौरान ये तर्क दिया।


केंद्र ने कहा कि कुछ मुद्दों पर मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के साथ बातचीत ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अगर कुछ राज्यपाल विधेयकों पर अड़े भी हुए हैं, तो

कोर्ट के इस आदेश के बाद राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कोर्ट से रेफरेंस मांगा था। इस पर सुनवाई के लिए गठित पीठ के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क देते हुए कहा कि अगर कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

आईपीएस सतीश गोलचा को जिम्मेदारी

# सीएम रेखा गुप्ता पर हमले के बाद बदले गए दिल्ली के पुलिस कमिश्नर



- *अभी तक वे तिहाड़ जेल के महानिदेशक थे*
- *आईपीएस एसबीके सिंह की जगह लेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस को गुरुवार को नया फुल टाइम बॉस मिला। दिल्ली-यूटी काडर के 1992 बैच के अधिकारी और तिहाड़ जेल के महानिदेशक (डीजी) सतीश गोलचा को राष्ट्रीय राजधानी का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वो दिल्ली पुलिस कमिश्नर का एडिशनल चार्ज संभाल रहे आईपीएस एसबीके सिंह की जगह लेंगे। गोलचा की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब, एक दिन पहले बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सुरक्षा में चूक हुई। सीएम के ऊपर सरकारी आवास में जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 22 दिनों के भीतर बदलाव

सिंह को इसी साल 31 जुलाई को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का एडिशनल चार्ज दिया गया था। दिल्ली-यूटी काडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह होमगार्ड के डीजी हैं। उनका रिटायरमेंट महज छह महीने के भीतर होना है। एसबीके सिंह ने आईपीएस संजय अरोड़ा की जगह ली थी। अरोड़ा 31 जुलाई को रिटायर हुए हैं। वो 1988 बैच के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी थे।

ग्वालियर से पिकनिक मनाने गया था

## धौलपुर के झरने में डूबा एयरफोर्स का जवान, तलाश में जुटे गोताखोर



पुलिस को 12 घंटे बाद सुबह मिल सकी सूचना

**धौलपुर।** राजस्थान के धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र स्थित दमोह झरने में एयरफोर्स का एक जवान डूब गया। उसके डूबते ही साथी भाग गए। वह साथियों के साथ ग्वालियर से पिकनिक मनाने आया था। पुलिस को 12 घंटे बाद गुरुवार सुबह 6 बजे हादसे की सूचना मिली। इसके बाद एडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से जवान की तलाश की जा रही है। गुरुवार सुबह ग्वालियर से एयरफोर्स अधिकारी का फोन आया तब ▶▶ शेष पेज 4 पर

दीपावली और छठ पर रेलवे की तैयारी

## 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों की मिलेगी सुविधा



रिटर्न टिकट पर 20 प्रतिशत की छूट

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर के बीच जाने वाली यात्रा और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों को रिटर्न टिकट पर 20% की छूट मिलेगी। इस फैसले से त्योहारों पर बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही रेलवे ▶▶ शेष पेज 4 पर

सेबी अध्यक्ष ने दिए संकेत

## आईपीओ से पहले भी कंपनियों के शेयरों की हो सकेगी खरीद-बिक्री




यह पहल पायलट आधार पर होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार नियामक नियामक सेबी जल्द ही एक विनियमित प्लेटफॉर्म लॉन्च कर सकता है, जहां प्री-आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक पेशकश से पहले) कंपनियां कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी। नियामक के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पहल पायलट आधार पर होगी। फिक्की की ओर से आयोजित ▶▶ शेष पेज 4 पर


प्रदेश में देर रात 9 आईपीएस अफसरों के तबादले

# विनोद मंदसौर और ऋषिकेश नरसिंहपुर के नए एसपी, अभिषेक को उज्जैन एएसपी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने गुरुवार रात 9 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। मंदसौर और नरसिंहपुर के एसपी बदल दिए। विनोद कुमार मंदसौर और ऋषिकेश मीणा नरसिंहपुर के नए एसपी होंगे।

उज्जैन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर अभिषेक रंजन की नियुक्ति की गई है। अभिषेक अभी सिंगरौली में एएसपी के पद पर पदस्थ हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में पुलिस उपायुक्त जोन 4 नगरीय पुलिस भोपाल जितेंद्र सिंह पवार को पुलिस उपायुक्त यातायात नगरीय पुलिस जिला भोपाल बनाया गया है। वहीं नरसिंहपुर की एसपी मृगाखी डेका एआईजी, पीएचक्यू में तैनात किया गया है। मंदसौर के एसपी अभिषेक आनंद को सेनानी प्रथम वाहिनी एसएएफ इंदौर बनाया गया है। ऋषिकेश मीणा पुलिस उपायुक्त जोन 4 नगरीय पुलिस इंदौर को एसपी नरसिंहपुर पदस्थ किया गया है। इसी तरह विनोद कुमार मीणा पुलिस उपायुक्त जोन वन इंदौर को एसपी मंदसौर बनाया गया है। एएसपी उज्जैन मयूर खंडेलवाल को पुलिस उपायुक्त जोन 4 नगरीय पुलिस भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




आनंद कलगी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर को पुलिस उपायुक्त जोन 4 नगरीय पुलिस इंदौर बनाया गया है। कृष्ण लाल चंदानी एएसपी ग्वालियर को पुलिस उपायुक्त जोन वन नगरीय पुलिस इंदौर बनाया गया है।

24 अगस्त को एक और नया सिस्टम बनेगा, इस सप्ताह जारी रहेगी बारिश

नर्मदापुरम में तवा के 7 गेट खुले, केदारेश्वर झरना तीसरी बार बहा

# खंडवा में तेज बारिश, दीवार गिरने से मलबे में रात भर दबा रहा शख्स, रतलाम में 9 घंटे में 3 इंच पानी गिरा



केदारेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश से एक मानसून ट्रफ के गुजरने के चलते कई जिलों में तेज बारिश हुई। नर्मदापुरम में तवा डैम के 13 गेटों में से 7 खोले गए। रतलाम में केदारेश्वर महादेव मंदिर का झरना सीजन में तीसरी बार बह निकला। मंदिर परिसर में पानी ही पानी हो गया।

इधर, खंडवा में नर्मदानगर क्षेत्र के ग्राम डूडगांव में तेज बारिश के चलते एक मकान की दीवार गिर गई। हादसे में गोपीचंद (39) की मौत हो गई है, वह रातभर मलबे में दबा रहा। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने देखा तो मलबा हटाया और व्यक्ति का शव बाहर निकाला। परिजन ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



पुनासा की कावेरी नदी में दो महिलाएं बहीं

### सबसे अधिक असर पूर्वी मप्र में

बारिश का सबसे अधिक असर पूर्वी मध्य प्रदेश में होगा, जबकि पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में भी औसत वर्षा जारी रहेगी। 23 से 24 अगस्त के बीच बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनेगा, जिससे बारिश की अवधि अब लंबी खिंच गई है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी बारिश का जो क्रम चल रहा है, वह अभी जारी रहेगा। 24 अगस्त को नया सिस्टम बनने से बारिश इस सप्ताह भी जारी रहेगी। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### आज इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

मौसम केंद्र के अनुसार अब मानसून ट्रफ प्रदेश के दतिया और सीधी से गुजर रही है, जबकि आसपास दो सकुर्लेशन हैं। इससे अभी बारिश का क्रम जारी रहेगा। शुक्रवार को धार, उज्जैन और श्योपुरकला में अति भारी बारिश होगी। भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मध्यम से हल्की बारिश की उम्मीद है।

# हर घर तक जल आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता केवल हर घर तक नल से जल पहुंचाने की ही नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पेयजल सुविधा आने वाले वर्षों तक सतत और गुणवत्तापूर्ण रूप में उपलब्ध हो।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की नीति को इस प्रकार तैयार किया जाए, जिससे हर गांव में स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था बने और किसी भी परिवार को पानी के लिए कठिनाई न उठानी पड़े। डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं के संचालन एवं संधारण नीति के प्रारूप पर हुई बैठक में यह बात कही।

## मार्च-2027 तक हर ग्रामीण परिवार तक पहुंचेगा जल



### तीन साल के लिए लागू किए जाने का निर्णय

बैठक में निर्णय लिया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार किये गए 'ग्रामीण नलजल योजना संचालन, संधारण एवं प्रबंधन नीति' को सक्षम स्वीकृति उपरांत 03 वर्षों के लिए लागू किया जाए।

### सामुदायिक भागीदारी को दिया जाए बढ़ावा

*सीएम ने कहा कि योजनाओं को निर्माण कार्य तक ही सीमित न रखकर संचालन और रखरखाव की ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे आने वाले वर्षों में भी योजनाएं पूरी क्षमता से कार्य करती रहें। डॉ यादव ने कहा कि पपीएम के नेतृत्व में प्रारंभ किए गए जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल दी है। मध्यप्रदेश ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।*

# स्थापना दिवस पर राजधानी में होगा सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचनः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में आगामी 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन होगा। जनकल्याण, सुशासन और शौर्य के पर्याय सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और योगदान से नागरिकों को महानाट्य के माध्यम से परिचित कराने के लिए दक्ष कलाकार राजधानी आएंगे। इसके साथ ही स्थापना दिवस पर प्रख्यात कलाकारों द्वारा सुगम संगीत कार्यक्रम एवं ड्रोन-शो का आयोजन होगा।

ड्रोन-शो के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आवश्यक तैयारियां प्रारंभ की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए।



### परिषद को भी आयोजनों से जोड़ें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र, नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, सुशासन और अन्य कई क्षेत्रों में नवाचार किए गए हैं। अनेक उपलब्धियां राज्य ने अर्जित की हैं। इन उपलब्धियां की जानकारी आम लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### कई स्तर पर होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी भोपाल सहित जिलों में होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी की जाए। नारी सशक्तिकरण के प्रतीक स्व-सहायता समूह की बहनों को भी आमंत्रित किया जाए। नागरिकों की व्यापक भागीदारी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेवा क्षेत्र में गतिविधियों का आयोजन किया जाए। प्रदेश के स्थापना दिवस का अवसर उल्लास और उमंग का अवसर है और इसमें हर व्यक्ति की सहभागिता होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मसूद मामले में एडीजी की अध्यक्षता में गठित एसआईटी करेगी जांच

**भोपाल।** डीजीपी कैलाश मकवाणा ने विधायक आरिफ मसूद के फर्जी दस्तावेजों के जरिए कॉलेज की मान्यता के मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। उच्च न्यायालय की डबल बेंच के निर्देश के बाद डीजीपी ने एसआईटी का प्रमुख एडीजी संजीव शमी को बनाया ह। एसआईटी में सदस्यों के तौर पर डीआईजी डी. कल्याण चक्रवर्ती और एआईजी (प्रशिक्षण) निमिषा पांडे को शामिल किया है। एसआईटी जाली दस्तावेजों के माध्यम से विधायक आरिफ मसूद के इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज की मान्यता के मामले की जांच करेगी।

- कोहेफिजा थाने में दर्ज हो चुकी धोखाधड़ी की एफआईआर
- हाईकोर्ट ने इस मामले में की थी तल्ख टिप्पणी

दरअसल बुधवार को कोहेफिजा थाने में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ कूटरचित दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया गया था। ऐसा आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने कॉलेज को मान्यता दिलवाई। पिछले दिनों उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी थी। हालांकि, छात्रों के हित को देखते हुए कोर्ट ने कॉलेज को जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन नए एडमिशन पर पूरी तरह रोक लगा दी। हाल ही हाईकोर्ट ने इस मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतने सालों तक ऐसा कॉलेज नहीं चल सकता।

## जलापूर्ति और विकास कार्यों का भूमिपूजन, सीएम डॉ. यादव ने वितरित किए नियुक्ति-पत्र

# बड़े तालाब में कश्मीर की डल झील के समान चलाए जाएंगे शिकारेः मुख्यमंत्री

*कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया भोपाल के सफाई मित्रों का सम्मान*




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल के बड़े तालाब में कश्मीर की डल झील के समान शिकारों का संचालन पर्यटन विकास निगम के सहयोग से किया जाएगा। भोपाल में नगर निगम के माध्यम से प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार बनाए जा रहे हैं। साथ ही नगर में विशाल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा।

डॉ. यादव नगरपालिका निगम भोपाल द्वारा निर्माण कार्यों के भूमिपूजन, नियुक्ति-पत्र वितरण और सफाई मित्रों के सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत रुपए 582.32 करोड़ की लागत से विभिन्न जलापूर्ति संबंधी कार्यों और 16 करोड़ 76 लाख रूपए लागत से विभिन्न वार्डों में होने वाले 50 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही नियुक्ति एवं अनुकंपा-पत्र प्रदान किए और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त होने पर सफाई मित्रों का सम्मान भी किया।

**भोपाल शहर के 30 हजार घरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता होगी सुनिश्चित**



### भविष्य की दृष्टि से पेयजल के लिए प्लान तैयार

भोपाल की महापौर मालती राय ने कहा कि भोपाल नगर निगम द्वारा अमृत परियोजना 2.0 योजना के अंतर्गत भविष्य की दृष्टि से पेयजल के लिए 4 फिल्टर प्लांट और 4 इंटेकवेल बनाए जाएंगे। साथ ही 36 उच्चस्तरीय टंकियों से 700 किमी लंबी पाइपलाइन से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। भोपाल नगर निगम के 31 कर्मचारियों की असमय मृत्यु के बाद उनके परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति के पत्र वितरित किए जा रहे हैं। सीधी भर्ती से चयनित 24 अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पूर्व प्रोटेम स्पीकर एवं विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, रवीन्द्र यति, भोपाल नगर निगम के पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी, सफाई मित्र तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नगरीय विकास के साथ नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार तीव्र गति से हो रहा है। इससे आम आदमी का जीवन सरल और सुगम होगा। प्रदेश में 295 नगरों में विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र हो या राज्य, जब कोई भी योजना लागू होती है तो सबसे पहली भूमिका निकायों की होती है। भोपालवासियों ने ऐतिहासिक रूप से अपने जीवंत लोकतांत्रिक संस्कारों का परिचय दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भोपाल में आरंभ हुआ विलीनीकरण आंदोलन इसका उदाहरण है। देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की सक्रियता और भारतीय सेना द्वारा देशवासियों को दिए गए सुरक्षा के अहसास से हमारी अर्थव्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में विकास की गति तेज हुई है।

### राज्य की तरक्की में नगरों का विकास महत्वपूर्ण

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि किसी भी राज्य की तरक्की में नगरों का विकास अति महत्वपूर्ण है। नगरों में लगातार रोजगार के अवसर सृजित होते हैं तो नगरों का आकार बढ़ता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नगरों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरों के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जो मील का पत्थर साबित हो रही हैं। अमृत परियोजना 2.0 योजना से शहरों की समस्याओं को दूर करने और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए टंकियों का निर्माण किया जाएगा।

### मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में आकार ले रहा भोपाल

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल देश के सुंदरतम शहरों में से एक है। प्रदेश की राजधानी के विकास को सुनियोजित करते हुए भोपाल को राज्य सरकार मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसका लाभ भोपाल के आसपास के जिलों को भी मिलेगा। भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के आवागमन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वेस्टर्न बायपास भी विकसित किया जा रहा है। अक्टूबर 2025 तक भोपाल में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्येक भारतवासी के जीवन को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप ही अमृत 2.0 परियोजना में भोपाल शहर के 30 हजार घरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।*

## सिवनी के कार्यक्रमों में राज्यपाल ने की शिरकत



# घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरुवार को सिवनी जिले के कुरई विकासखण्ड के ग्राम थांवरझोड़ी पहुंचे। यहां ग्राम परिचय कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामवासियों ने परंपरागत कलश यात्रा और गोंडी नृत्य से राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल पटेल ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। उन्होंने ग्रामीणों को जाति प्रमाण पत्र, आजीविका मिशन की बहनों को कैश क्रेडिट लिंक योजना का चैक और विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकल का वितरण किया। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं संचालित कर रही हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही से मिले

*राज्यपाल मंगुभाई पटेल सिवनी जिले की कुरई विस के थांवरझोड़ी प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही राजेन्द्र कुमार उइके के घर पहुंचे। उन्होंने परिवारजनों से चर्चा की। राजेन्द्र कुमार और परिजनों से शासन की योजनाओं के मिले लाभ की जानकारी दी। उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को जाना। सिवनी में ही राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले हिमांशु साहू और गगन सनोडिया को राहवीर योजना के तहत सर्किट हाउस सिवनी में सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र और 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। राज्यपाल ने यातायात प्रबंधन में सराहनीय कार्य के लिए ट्रॉफिक वॉर्डन दल प्रभारी विजय नायक एवं शिवांशु नाग परिहार को भी सम्मानित किया।*

### राज्यपाल ने इमलाबाई के घर किया भोजन



राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरूवार को बालाघाट जिले के बैहर के ग्राम बिरवा में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही इमलाबाई मरकाम के घर पहुंचे। उनके बच्चों के साथ आत्मीय चर्चा की। शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परिवार के साथ सहभोज में शामिल हुए। राज्यपाल पटेल ने ईमलाबाई के बच्चों के साथ चर्चा कर उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। उनको बड़ी बेटी भावगती ने बताया कि वह आईटीआई की पढ़ाई कर रही है। छोटी बेटी सोमवती ने बताया की उसने दसवीं के बाद पढ़ाई रोक दी है। बेटे दीपक मरकाम ने बताया की उसने नवमी कक्षा तक पढ़ाई की है। अब वह खेती कर रहा है। उसने बताया की वह सर्विस सेंटर खोलना चाहता है। राज्यपाल पटेल ने उन्हें पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल पटेल का घर पहुंचने पर ईमलाबाई ने पारंपरिक रीति रिवाज के साथ उनका स्वागत किया।

## सेहतनामा



### अधीक्षक साहब का नवाचार

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में एक गोपनीय नवाचार शुरू किया गया है। इस नवाचार के तहत अस्पताल में आने-जाने वालों मरीजों से इलाज और सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया जाएगा। इसमें डॉक्टरों, नर्स और कर्मचारियों का बर्ताव मरीज के साथ कैसा रहा। बताया जा रहा है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को एक फार्म दिया जा रहा है। जिसमें कुछ बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इस फार्म को भरकर अपना नाम लिखे बगैर ही एक बाक्स में डाला जाएगा। इस बाक्स को खोलने की जिम्मेदारी सिर्फ अधीक्षक साहब की होगी। वे इस बॉक्स को खोलकर देखेंगे कि किस-किस की क्या शिकायत आ रही है। इन सभी शिकायत के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह नवाचार कितने दिन चलता और कितनों पर कार्रवाई होती है।

### बचके रहना गुस्से वाली मैडम से

एनएचएम की एक महिला अधिकारी से कर्मचारी हो या अधिकारी डरे-डरे से रहते हैं। वह इसलिए कि मैडम कब गुस्सा हो जाएं या फटकार लगा दें, पता ही नहीं चलता। मैडम के गुस्सैल स्वभाव के कारण कर्मचारी उनको देखकर ही अपने-अपने काम में लग जाते हैं। मैडम जब तक आफिस में रहती हैं, जब तक कोई भी कर्मचारी या अधिकारी हो इधर-उधर गप्पें लगाना तो दूर अपनी कुर्सी से भी नहीं उठता। मैडम के तेज-तर्राज मिजाज के कारण कुछ अधिकारी तो उनसे बात करने भी डरते हैं। मैडम ने भी सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि समय पर ड्यूटी आएं, अगर लेट लतीफी की तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की लाएगी। मैडम के खिलाफ कुछ कर्मचारियों ने हटाने के लिए मोर्चा भी खोला, लेकिन पावर के चलते मैडम का कुछ नहीं हुआ।

### अफसरशाही से दुखी एम्स के फैकल्टी

एम्स भोपाल में इन दिनों अफसरशाही हावी है। इससे सबसे ज्यादा दुखी हैं तो एम्स के फैकल्टी। प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारी उनको मिलने का समय ही नहीं दे रहे हैं। एम्स के चिकित्सक अब आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। कहने को तो उनकी कई मांगें हैं जिस कारण उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रशासनिक अधिकारियों के व्यवहार से वह दुखी हैं। पूरे प्रदेश के मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टर इस मर्ज की दवा नहीं खोज पा रहे हैं कि अपने ही संस्थान में उनकी इज्जत क्यों नहीं हो रही है। एक डॉक्टर साहब तो यह तक कहते हैं कि हम जनता के बीच अपनी छवि के दम पर जीते हैं। चाहते तो आइएएस अधिकारी बन जाते, लेकिन मरीजों की सेवा करने चले आए। अब तो डॉक्टर यह वजह खोजने में लगे हैं कि आखिरकार प्रशासनिक अधिकारी उनसे क्यों नहीं मिलना चाहते।

सचिन सिंह बैस

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पटवारी पर साधा निशाना

# पटवारी ने एक जनप्रतिनिधि नहीं समूचे पिछड़े वर्ग का अपमान किया हैः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा बैतूल जिले के मुलताई से भाजपा के तीसरी बार के विधायक चंद्रशेखर देशमुख को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के साथ मप्र में पिछड़ा वर्ग को दिए जा रहे सम्मान से कांग्रेस पार्टी और उसके नेता बौखला गए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ विधायक के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग कांग्रेस की हताशा का प्रतीक है। जीतू पटवारी ने एक जनप्रतिनिधि नहीं मध्यप्रदेश के समूचे पिछड़े वर्ग का अपमान किया है।

राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना लोकतांत्रिक परंपराओं की अवहेलना और राजनीतिक मर्यादाओं का हनन है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का अमर्यादित शब्द कांग्रेस पार्टी के गिरते राजनीतिक स्तर को दिखाता है।

### वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे पर वरिष्ठजन को सीएम ने दी शुभकामनाएं



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ल्ड सीनियर सिटीजन-डे के अवसर पर सभी वरिष्ठजन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन मूल्यों से समाज का मार्गदर्शन करने वाले वरिष्ठजन का अनुभव और आशीर्वाद हमारी शक्ति है। डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से बुजुर्गों के प्रति कृतज्ञता, संवेदनशीलता एवं सम्मान का भाव रखते हुए उनकी सेवा और सुरक्षा के प्रयासों में सहभागिता का आह्वान किया है।

## सीएम डॉ. यादव ने स्व. गौर की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# पूर्व सीएम बाबूलाल गौर का भोपाल के विकास में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगाः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिजन से संवेदनाएं साझा करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर ने प्रदेश के विकास के लिए सभी दिशाओं में अपने दायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने श्रमिक, गरीब व कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाई और संघर्ष किया। साथ ही एक आदर्श विधायक के कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनकी अनुशासित और समयबद्ध जीवनशैली तथा जनसामान्य से जीवंत सम्पर्क और जनता के रोजमर्रा के विषयों के प्रति संवेदनशीलता ने उन्हें अजेय जनप्रतिनिधि बनाया।



### राजनीति के अपराजेय योद्धा रहे हैं बाबूजी



*गुरुवार को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की पुण्यतिथि मनाई गई। सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने कहा कि बाबूजी एक महान व्यक्तित्व के धनी थे। आम आदमी की उन तक सहज ही पहुंच रही।*

## यह अपराध नहीं पाप है, पीएचक्यू में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

# स्पेशल डीजी बोले- मानव दुर्व्यापार को लेकर पुलिस को अधिक संवेदनशील होने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा मानव दुर्व्यापार अपराध की रोकथाम के लिए एक दिवसीय राज्यस्तरीय (ऑनलाईन) कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यशाला के प्रत्येक जिले के मानव दुर्व्यापार निरोधी इकाई के नोडल अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) महिला थाना प्रभारी सहित प्रत्येक जिले से निरीक्षक से उप निरीक्षक स्तर के (विवेचक) कुल 20-20 पुलिस अधिकारी ऑनलाईन कार्यशाला में सम्मिलित हुए। कार्यशाला का शुभांरभ स्पेशल डीजी (महिला सुरक्षा) अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव दुर्व्यापार विषय को लेकर हमें और अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। मानव दुर्व्यापार अपराध नहीं पाप है। उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में पुलिस ने कई सराहनीय कार्य किए हैं।



गुना जिले से 16 बंधुआ मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। रीवा जिले में ऑपरेशन नन्हा बचपन के अंतर्गत 6 माह के बच्चे को बचाया गया, जिसमें सड़क किनारे परिवार के साथ सो रहे एक 6 माह के बच्चे को आरोपियों द्वारा अपहरण कर कल्याण मुंबई में पहले 8 लाख रुपए में बेचा गया, इसके पश्चात बच्चे को 29 लाख में रायगढ़ मुंबई में पुनः बेचा गया था।

### प्रभावी रूप से पेश करें चालान

*उन्होंने कार्यशाला में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधिक प्रावधानों के अनुसार मानव ददुर्व्यापार से संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावी अभियोग पत्र तैयार किए जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो पुलिस अधिकारी मानव दुर्व्यापार व बंधुआ मजदूरी की रोकथाम में उत्कृष्ट कार्य करेंगे, उन्हें विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय न्याय मिशन से अधिवक्ता रेनिता द्वारा मानव दुर्व्यापार की प्रवृतियों, प्रसार एवं मानव दुर्व्यापार के विभिन्न स्वरूप एवं इसे रोकने में पुलिस की भूमिका पर वक्तव्य दिया। उन्होंने अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 एवं बन्धित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम 1976 के प्रावधानों से भी अवगत कराया, साथ ही उन्होंने पुलिस की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीड़ित की पहचान, बचाव, पुनर्वास एवं दोषियों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई मानव दुर्व्यापार पर नियंत्रण के लिए अत्यंत आवश्यक है।*

### अपराधों के पर्यवेक्षण की समीक्षा

*उक्त कार्यशाला में विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) द्वारा गंभीर अपराधों के पर्यवेक्षण के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया पर विमर्श एवं समीक्षा कि गई। उन्होंने बताया कि गंभीर अपराधों की प्रभावी निगरानी और पर्यवेक्षण से न केवल अपराधों की रोकथाम हो सकती है, बल्कि अपराधियों पर कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा सकती है।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025





आईटीआई रोड पर दोपहर 3.25 बजे कुछ ऐसा दिखाई दिया मौसम।

# अब राजधानी में पूरे अगस्त तक रुक-रुककर होगी बारिश

## 4 डिग्री गिरा पारा, अब दिन-रात में 4 डिग्री का ही अंतर शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में करीब एक सप्ताह से जारी रिमझिम, बौछारें और बादलों के साथ मध्यम हवाओं का असर दिन के तापमान पर तेजी से दर्ज हुआ है। शहर में दो दिन में ही 4 डिग्री से अधिक दिन के तापमान में गिरावट रही, जबकि रात का पारा थमने से दिन और रात के तापमान में केवल 4 डिग्री का अंतर रह गया।

गुरुवार को दिन का पारा 1.3 डिग्री गिरकर 28.4 डिग्री रहा, जबकि इससे पहले बुधवार को 2.5 डिग्री की कमी के साथ तापमान 29.7 डिग्री रहा था। गुरुवार को पारा सामान्य से दशमलव दो डिग्री कम रहा है। यहां रात का तापमान 23.6 डिग्री पर थमा रहा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी आसपास सिस्टम सक्रिय होने से भोपाल में मध्यम से हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।



### इस महीने बारिश का दौर

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ जैसलमेर, कोटा, दतिया, सीधी, रांची, बांकुरा, दीघा से होकर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। गुजरात -महाराष्ट्र तटों के आसपास एक ट्रफ है। पश्चिमी मप्र और आसपास एक सर्कुलेशन है, जबकि एक ऊपरी हवा का चक्रवात उत्तरी ओडिशा और आसपास बंगाल की खाड़ी पर सक्रिय है। इन प्रमुख सिस्टमों से अभी बारिश जारी रहेगी। इसके साथ ही 24 अगस्त को नया सिस्टम बनने से अगले एक सप्ताह बारिश का दौर और चल सकता है। इस बीच भोपाल में भी ऐसी ही बारिश होती रहेगी।

### अभी सामान्य से कम आंकड़ा

*राजधानी में एक जून से गुरुवार तक कुल 763.8 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 13.8 मिमी कम है। इस सप्ताह मध्यम से हल्की बारिश जारी रहने से यहां अब महीने की सामान्य बारिश का कोटा पूरा होने की उम्मीद कम है। भोपाल में अगस्त महीने की औसत बारिश का कोटा 326 मिमी है। इस महीने में अब तक करीब 63 मिमी ही बारिश हुई है। 263 मिमी बारिश का कोटा अब अगस्त के शेष 10 दिन में पूरा होना फिलहाल मुश्किल है।*



## फार्म हाउस, मैरिज गार्डन, वेयरहाउस और अवैध मदरसा ढहाया

# कोठी में तहखाना ढूंढने दो घंटे तक टाइल्स तोड़ते रहे अधिकारी-मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हथाईखेड़ा के अनंतपुरा में मछली परिवार के बीस एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाई गई कोठी, फार्म हाउस, मैरिज गार्डन, वेयरहाउस और अवैध मदरसे को ढहा दिया गया है। गुरुवार को सुबह 11 बजे जब टीम कोठी को तोड़ने पहुंची, तो एक अफवाह फैल गई कि कोठी में तहखाना भी है। जिसके बाद कार्रवाई रोककर मजदूरों के साथ अफसरों ने भी कोठी के ग्राउंड फ्लोर पर बने कमरों के टाइल्स तोड़ना शुरु कर दिया। ऐसे में कार्रवाई शुरु करने में करीब दो घंटे लग गए।

*गुरुवार को सुबह 11 बजे अवैध कोठी को तोड़ने पहुंची टीम*

*अफवाह के चलते कार्रवाई में हुई दो घंटे की देरी*



### कर्मचारी नेता ने लहराया तिरंगा

*कोठी को जमींदोज करने की कार्रवाई के दौरान रेलवे कर्मचारी नेता राजेश तिवारी ने वहां पहुंचकर तिरंगा लहराया। तिवारी का आरोप था कि शारिक मछली ने उसे बंधक बनाकर कोठी में मारपीट की थी। आज कोठी टूटने पर उसका बदला पूरा हुआ है।*

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे

मछली परिवार की आलीशान कोठी को तोड़ने के दौरान गले में भगवा गमछा डालकर बजरंग दल कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने जय श्री राम के नारे लगाकर खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने ड्रग्स के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर सरकार की सख्ती का स्वागत किया।



### अतिक्रमण पर एक नजर

| अतिक्रमणकारी | अवैध निर्माण | कुल भूमि | कीमत |
|---|---|---|---|
| शकील अहमद | फार्म हाउस | 40 एकड़ | 55 करोड़ |
| शारिक अहमद | वेयर हाउस | 40 हजार वर्गफिट | 10 करोड़ |
| शकील अहमद | सुमन फार्म | 02 एकड़ | 5 करोड़ |
| इरशाद अहमद | कारखाना | 03 एकड़ | 10 करोड़ |
| अता उल रहमान | मदरसा व दुकान | 01 एकड़ | 5 करोड़ |
| शारिक अहमद | बकरा-मुर्गी फार्म | 05 एकड़ | 8 करोड़ |
| शरीफ अहमद व उनके पुत्र | कोठी | 01 एकड़ | 10 करोड़ |

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान परिवर्तित रहेगा यातायात

**भोपाल।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार 23 अगस्त को करोंद चौराहे पर वृहद मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में धर्मावलंबी इकट्ठा होने का अनुमान है। कार्यक्रम स्थल करोंद चौराहा मुख्य मार्ग पर होने और मुख्य मार्ग पर मंच होने के कारण शुक्रवार 22 अगस्त से करोंद चौराहे से गांधी नगर तक भारी मालयान व बड़े यात्री वाहनों का आवागमन पूरी तरह परिवर्तित रहेगा। इस दौरान मिनॉल रेसीडेंसी व अयोध्या नगर की ओर से एयरपोर्ट और गांधी नगर की ओर जाने वाले बड़े वाहन भानपुर रोटरी से बेस्ट प्राइज करोंद की ओर परिवर्तित मार्ग से जा सकेंगे। ये वाहन भानपुर रोटरी से विदिशा रोड, चौपड़ा कला गांव, चौपड़ा बायपास, लांबाखेड़ा बायपास, मीना चौराहा व अब्बास नगर होकर गांधी नगर अथवा एयरपोर्ट की ओर आ-जा सकेंगे।

- *23 अगस्त को करोंद चौराहे पर वृहद मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन*

## वर्तमान में 50 जिलों में कर रहे काम

# वाहनों की ओवर स्पीड पकड़ने खरीदेंगे 5 इंटरसेप्टर व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाइवे में होने वाले सड़क हादसों को लेकर ट्रैफिक संचालनालय, पीटीआरआई गंभीर है। जल्द ही वाहनों की ओवरस्पीड को पकड़ने के लिए 5 और इंटरसेप्टर व्हीकल खरीदे जाएंगे। वर्तमान में 50 जिलों में इंटरसेप्टर व्हीकल काम कर है। हर जिले में एक एक इंटरसेप्टर व्हीकल को वितरित किया गया है। इंटरसेप्टर व्हीकल की उपयोगिता को देखते हुए 5 और इंटरसेप्टर व्हीकल की खरीदी का प्रस्ताव भेजा गया है।

पुलिस वाहनों की ओवर स्पीड के लिए जिन इंटरसेप्टर वाहनों का उपयोग कर रही है, जो 800 मीटर या उससे अधिक दूरी से भी वाहनों की गति माप सकते हैं और तेज गति से चलने वाले या अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान जनरेट करते है। ये इंटरसेप्टर वाहन स्पीड रडार, लेजर टेक्नोलॉजी और अन्य तकनीकी सुविधाओं से लैस हैं, जिससे वे आसानी से नंबर प्लेट पढ़ पाते हैं और ओवरस्पीडिंग व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं इंटरसेप्टर वाहन न केवल ओवरस्पीडिंग के लिए, बल्कि सीट बेल्ट न बांधने सहित अन्य ट्रैफिक उल्लंघनों के लिए भी कारगर है।

### समय-समय पर सड़क हादसों की समीक्षा

*पीटीआरआई द्वारा समय समय पर सड़क हादसों की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा में पाया गया कि इंटरसेप्टर वाहनों के उपयोग से तेज गति से वाहन चलाने पर लगाम कसने में उपयोगी है। जिससे सड़क हादसों का ग्राफ कम किया जा सकता है। वहीं दुर्घटना कर भाग रहे वाहन चालकों को ट्रेस करना भी इस व्हीकल के माध्यम से आसान है। हाइवे पर अधिकांश स्थानों पर इंटरसेप्टर व्हीकल की तैनाती की गई है। हालांकि शहर के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर इनको तैनात नहीं किया जा रहा। पुलिस अफसरों का कहना है कि इंटरसेप्टर व्हीकल की तैनाती का उद्देश्य हाइवे में चलने वाने ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई को लेकर है।*

## बिना डर के किडनी के मरीज करा सकेंगे जांच

# हमीदिया अस्पतालः जापान से आई हाईटेक बाइप्लेन कैथ लैब का इंस्टॉलेशन आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में जापान से आई करीब साढ़े सात करोड़ रुपए की हाईटेक बाइप्लेन कैथ लैब का इंस्टॉलेशन शुरू हो गया है। इस मशीन से हार्ट की जांच में डाई बेहद कम लगेगी और किडनी मरीज भी बिना डर के टेस्ट करा सकेंगे। नई कैथ लैब में प्रोसीजर भी दोगुने तेजी से हो पाएंगे। इस मशीन की खासियत यह है कि इससे जांच करने के दौरान बेहद कम डाई की जरूरत पड़ती है।

वहीं मरीज की स्कैनिंग रिपोर्ट 3डी इमेज फॉर्म में आती है, जिससे हृदय व खून की नसों की बेहतर तस्वीर मिलती है। यह हार्ट में ब्लॉकेज से लेकर अन्य समस्याओं की सटीक जानकारी देती है, जिससे डॉक्टर का काम आसान हो जाता है। जटिल सर्जरी में भी मरीजों को बेहतर परिणाम मिलते हैं।




### मशीन के इंस्टॉलेशन में लगेंगे 15 दिन

*हमीदिया अस्पताल में इस आधुनिक कैथ लैब मशीन के लिए नए भवन ब्लॉक-वन की तीसरी मंजिल पर नई लैब तैयार की गई है। जिसमें जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर इलेक्ट्रिकल काम पूरा हो चुका है। इसके साथ मशीन का इंस्टॉलेशन भी शुरू कर दिया गया है। इसके बाद मशीन की ट्रायल टेस्टिंग होगी। इस पूरी प्रक्रिया में 15 दिन लगेंगे।*

## 42 देशों की यात्रा करने वालों को राहत

# एम्स में शुरू हुआ प्रदेश का पहला यलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में प्रदेश का पहला यलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर शुरू किया गया है। टीका 42 देश की यात्रा करने वाले यात्रियों को लगाया जाता है। वैक्सीनेशन शुरू होने से लोगों को एजुकेशन, बिजनेस और टूरिज्म वीजा मिलने में परेशानी नहीं होगी। दरअसल, 42 देशों की यात्रा से पहले जरूरी वैक्सीनेशन प्रदेश में केवल एम्स भोपाल होता है। वीजा के लिए इसका सर्टिफिकेट जरूरी होता है। गौरतलब है कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कई हिस्सों में यलो फीवर बीमारी पाई जाती है। ऐसे में यहां यात्रा के लिए इसका टीकाकरण जरूरी होता है। एम्स भोपाल प्रदेश का एकमात्र यलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर है, जहां हर महीने करीब 200 से 250 लोग वैक्सीन लगवाने आते हैं। एम्स भोपाल में यलो फीवर वैक्सीन का स्टॉक करीब डेढ़ महीने बाद आया है।

### ब्राजील, फ्रांस और रूस में बनते हैं टीके

एम्स के चिकित्सकों के अनुसार यह टीके ब्राजील, फ्रांस और रूस में बनते हैं और वहां से विश्व स्वास्थ्य संगठन के जरिए भारत सरकार को दिए जाते हैं। इसके बाद वैक्सीन की खेप हिमाचल प्रदेश के कसौली में केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) भेजी जाती है, जहां गुणवत्ता जांच के बाद देशभर के सेंटरों में आपूर्ति की जाती है। कोविड-19 महामारी ने यलो फीवर वैक्सीन के उत्पादन और आपूर्ति को भी प्रभावित किया है।

# ट्रांसमिशन लाइनों के समीप घातक निर्माणों से सचेत करने ट्रांसको का अभियान जारी

## क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण वर्जितः प्रद्युम्न तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा प्रदेश में एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के आसपास प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा के निर्धारित मानकों की अनदेखी कर बने घातक व अवैध निमार्णों को हटाने और नागरिकों को विद्युत सुरक्षा मानकों के प्रति जागरुक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर ने बताया है कि नियमानुसार विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से 132 केवी व उससे अधिक क्षमता की ट्रांसमिशन लाइनों के दोनों ओर 27 मीटर का कॉरीडोर प्रतिबंधित क्षेत्र है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण वर्जित है, क्योंकि ट्रांसमिशन तारों के हवा के दबाव से झूलने (स्विंग) की स्थिति में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### घरेलू बिजली से कई गुना घातक



प्रदेश में अनेक स्थानों पर ऐसे अवैध निर्माण पाए गए हैं, जो न केवल मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा हैं बल्कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति को भी लंबे समय के लिए बाधित कर सकते हैं। घरेलू बिजली की तुलना में ट्रांसमिशन लाइनों में प्रवाहित धारा लगभग 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

### प्रदेश में दिए गए तीन हजार 610 नोटिस

पूरे प्रदेश में 3610 नोटिस ऐसे लोगों को दिए गए हैं जिन्होंने पहले से विद्यमान ट्रांसमिशन लाइन के समीप प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र में अपने निर्माण कर लिए हैं। इनमें से सर्वाधिक संख्या इंदौर की है जहां 1031 नोटिस दिए गए हैं। इसके अलावा राजधानी भोपाल में 855 जबलपुर में 544 तथा ग्वालियर क्षेत्र में 277 नोटिस दिए गए हैं। इंदौर शहर के अलावा मालवा-निमाड़ क्षेत्र में 903 नोटिस एमपी ट्रांसको द्वारा जारी किए गए हैं।

## चार दिन में 40 फीसदी बढ़ी अस्पतालों की ओपीडी, अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़कर हुई 300 के पार

# सेहत पर अटैकः वायरल फीवर और सर्दी-खांसी के साथ पहुंच रहे एलर्जी के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जेपी, हमीदिया समेत अन्य अस्पतालों की ओपीडी बढ़ गई है। चार दिन में अस्पतालों की ओपीडी में 40 फीसदी मरीजों का इजाफा हो गया है। जो मरीज बढ़े हैं, उनमें ज्यादातर वायरल इंफेक्शन के हैं। डॉक्टरों के मुताबिक मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण मरीज बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा मरीज सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार और एलर्जी के हैं। पहले जहां जेपी अस्पताल में इन बीमारियों के दिनभर में करीब 150 मरीज आते थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 300 के पार पहुंच गई है। जेपी के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले एक हफ्ते में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अन्य बीमारियों के मुकाबले सर्दी, खांसी और वायरल के मरीजों की संख्या में ज्यादा इजाफा हुआ है। हमीदिया में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या 100 से बढ़कर 150 के पार पहुंच गई है।



### आंखों में संक्रमणः हर दूसरे मरीज को आईफ्लू

*बारिश के साथ शहर में आंखों के संक्रमण के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। जेपी और हमीदिया अस्पताल की नेत्र रोग ओपीडी में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिन्हें कंजेक्टिवाइटिस है। जेपी अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा मिश्रा ने बताया कि हर दूसरा मरीज कंजेक्टिवाइटिस का आ रहा है। वायरल फीवर के साथ यह संक्रमण आम हो गया है। बच्चों में भी इसके केस बढ़े हैं। समय पर इलाज नहीं होने पर कॉर्निया प्रभावित हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति के तौलिये, रुमाल, चश्मे का इस्तेमाल करने से बचें। आंख या चेहरे को छूने के बाद हाथ साबुन और पानी से धोएं। बिना हाथ धोए आंखों को न छुएं। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें।*

### अभी ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत

जीएमसी के प्लमोनरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पराग शर्मा ने बताया कि मरीजों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी की वजह सुबह और शाम के तापमान में ज्यादा अंतर होना है। ऐसे में उन लोगों को सबसे ज्यादा ध्यान रखना चाहिए जो नियमित दवाइयां लेते हैं और जिनको एलर्जी है।

### कुछ ऐसी है स्थिति

**जेपी अस्तपालः** 300 से 400 बुखार के मरीज
**हमीदियाः** 170 से ज्यादा बुखार के मरीज
**एम्सः** ओपीडी में 30 फीसदी की बढ़ोतरी

## मौसम में बदलावः दिन में गर्मी रात में ठंड से पनप रहा डेंगू का लार्वा

बार-बार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, दिन में गर्मी तो रात के समय ठंड का एहसास होने लगा है। ऐसे में यह मौसम लार्वा पनपने को उचित है, कभी धूप कभी बारिश हो रही है। ऐसे में ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। क्योंकि ऐसे मौसम में लार्वा पनपने की संभावना होती है, अतः लोगो को मच्छर से बचाव रखने की आवश्यकता है। गुरूवार को सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन में गोदरेज के सहयोग से संचालित एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला स्वास्थ्य समिति व्हीबीडी भोपाल के सहयोग से गांधीनगर स्थित विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के साथ जनजागरुकता का आयोजन पोस्टर बैनर के माध्यम से किया गया है, इसके साथ ही घर-घर भ्रमण के माध्यम से लोगों को डेंगू एवं मलेरिया के प्रति जागृत किया गया, ताकि समुदाय के लोग अपने-अपने घरों की स्वयं निगरानी करें, एक हफ्ते से ज्यादा पानी जमा ना होने दें।

### टंकी एवं फ्रिज की ट्रे की समय पर करें जांच



*क्षेत्रीय समन्वयक एंबेड परियोजना डॉ संतोष भार्गव ने सभी छात्र एवं छात्राओं से कहा कि पानी की टंकी एवं फ्रिज की ट्रे को समय-समय पर जांच करते रहें, हर हफ्ते में एक बार पानी अवश्य बदले और घर में किसी को बुखार आने की स्थिति में पर में तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय जाकर खून की जांच कराएं, इसके साथ मलेरिया जोन टीम द्वारा समुदाय स्तर पर लोगो को मलेरिया के बारे में समझाया साथ कैसे बचाव करे के बारे में बताया।*

## जैकेट का शेष...

### विपक्ष में भी कई...

व्यवधान करती है क्योंकि विपक्ष में भी कुछ ऐसे नेता हैं जो राहुल गांधी से बेहतर बोलते हैं और वो ऐसा नहीं चाहते। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी एक चाय पार्टी के दौरान की, जिसमें किसी भी विपक्षी सांसद ने भाग नहीं लिया और यह एनडीए के नेताओं तक ही सीमित रही। चाय पार्टी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि विपक्षी सांसद संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए मजबूर हैं क्योंकि वे राहुल गांधी से बेहतर वक्ता हैं, लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता उन्हें प्रोत्साहित नहीं करना चाहते। विपक्षी सांसदों द्वारा संसद की कार्यवाही नियमित रूप से बाधित की जाती रही है।

### लोकसभा और राज्यसभा ...

को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ने मानसून सत्र में कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा प्रकट करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। अठारहवीं लोकसभा के पांचवें सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी जिसमें 14 सरकारी विधेयक पेश किए गए और 12 विधेयक पारित किए गए।

### भारत और पाकिस्तान...

को दर्शाता है।' इसमें आगे कहा गया, 'जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेल आयोजनों का संबंध है, भारतीय टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लेंगी। न ही हम पाकिस्तानी टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे।'

हालांकि, बहुपक्षीय कार्यक्रमों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोकेंगे, क्योंकि वह एक बहुपक्षीय प्रतियोगिता है।' उन्होंने कहा कि लेकिन पाकिस्तान को द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय धरती पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन हम उन्हें बहुपक्षीय आयोजनों से नहीं रोकेंगे, क्योंकि हम ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे।'

### कितनी बार टेस्ट...

5 विकेट पर 675 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। ये मैच एक पारी और 52 रन से भारत ने जीत लिया था।

### हाइकोर्ट जजों पर हर...

का कितना पैसा हर दिन खर्च हो रहा है? जितना लोगों ने मुझ पर विश्वास किया, क्या मैं समाज को उतना लौटा पा रहा हूं? शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि हमने न्याय के मंदिर बनाए हैं, लेकिन उनके दरवाजे उन्हीं लोगों के लिए संकरे होते जा रहे हैं जिनकी सेवा के लिए ये अदालतें बनाई गई थीं। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के 'न्याय सभी के लिए' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में जस्टिस सूर्यकांत ने मामलों के फैसले होने में हो रही देरी, बार-बार सुनवाई स्थगित होने और जटिल मामलों की लंबी सुनवाई पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोग न सिर्फ अपने मामलों पर सुनवाई का इंतजार कर रहे हैं बल्कि वे हमें याद दिला रहे हैं कि हम न्याय देने के लिए नियुक्त हुए हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने की और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

### हर समस्या का...

होनी चाहिए। सरकार ने कहा कि हर मामले में न्यायिक समाधान के बजाए राजनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये सुनवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा अप्रैल में विधेयकों को पारित करने की समयसीमा तय किए जाने के बाद राष्ट्रपति ने रेफरेंस भेजकर कोर्ट से कुछ सवाल पूछे थे। दरअसल, तमिलनाडु, केरल और पंजाब जैसे कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों ने आरोप लगाए थे कि विधानसभा से पारित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा जानबूझकर रोका जा रहा है। तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच तकरार सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई और फिर अप्रैल में शीर्ष अदालत ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए विधेयकों को राज्यपाल या राष्ट्रपति द्वारा 30 दिनों के भीतर मंजूरी दिए जाने की समयसीमा तय किया।

### अगर कुछ ...

राज्यपाल विधेयकों पर अड़े भी हुए हैं, तो न्यायिक समाधान की जगह राजनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समाधान हो भी रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री से मिलकर अनुरोध करते हैं, राष्ट्रपति से मिलते हैं। कहते हैं कि ये विधेयक लंबित हैं, कृपया राज्यपाल से बात कर उन्हें निर्णय लेने को कहें। ये मुद्दे टेलीफोन पर सुलझाए जा सकते हैं। लेकिन इससे अदालतों को समयसीमा तय करने का अधिकार नहीं मिल जाता।

### धौलपुर के झरने...

जवान के डूबने का पता चला। जानकारी के अनुसार ग्वालियर से एयरफोर्स के कुछ जवान बुधवार को धौलपुर के दमोह झरने पर पिकनिक मनाने आए थे। इस दौरान एक जवान पानी डूब गया। उसकी पहचान तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के तारोड़ा निवासी लक्ष्मी प्रसाद के रूप में हुई। जवान के डूबते ही अन्य जवान बिना किसी को सूचना दिए चले गए। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने लापता जवान की तलाश शुरू कर दी है। राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। साथ ही स्थानीय गोताखोर भी तलाश में जुटे हैं। धौलपुर जिले के सरमथुरा उपखंड में दमोह एक प्राकृतिक झरना है, इसमें 300 फीट ऊंचाई से पानी गिरता है।

### 12,000 से ज्यादा...

ने चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की भी घोषणा की है, जो गया से दिल्ली, सहरसा से अमृतसर, छपरा से दिल्ली और मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के बीच चलाई जाएंगी। इसके अलावा, एक नई बुद्ध सर्किट ट्रेन भी शुरू की जाएगी, जो वैशाली, हाजीपुर, सोनपुर, पटना, राजगीर, गया और कोडरमा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन में सुविधा होगी। वहीं बिहार में रेलवे के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार कार्य भी शुरू किए जाएंगे। बक्सर-लखीसराय रेल खंड को चार लाइन कॉरिडोर में बदला जाएगा और पटना में रिंग रेलवे प्रणाली विकसित की जाएगी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने रेल मंत्री का स्वागत किया।

### आईपीओ से पहले ...

एक कार्यक्रम में बोलते हुए पांडे ने कहा कि निवेशकों के लिए निवेश निर्णय लेने के लिए कंपनियों की लिस्टिंग से पहले अक्सर पर्याप्त नहीं होती है। सेबी प्रमुख ने संकेत दिया कि हम पायलट आधार पर एक ऐसा प्लेटफॉर्म ला सकते हैं, जहां आईपीओ से पहले कंपनियां कुछ खुलासे कर व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं। सेबी प्रमुख ने कहा कि इस पहल के अनावश्यक प्रक्रियाओं और समस्याओं के दूर करने की उम्मीद है। यह धन जुटाने, प्रकटीकरण और निवेशक को शामिल करने में अनावश्यक परेशानी पैदा करती हैं।

### सीएम रेखा गुप्ता...

फौरन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। गोलचा की नियुक्ति को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले आदेश तक दिल्ली का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। वो दिल्ली पुलिस में डीसीपी, ज्वॉइंट और स्पेशल सीपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वे स्पेशल सीपी (इंटेलिजेंस) के साथ-साथ उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों के समय लॉ एंड ऑर्डर के प्रभारी भी रह चुके हैं। सतीश गोलचा अरुणाचल प्रदेश के डीजीपी भी रह चुके हैं। दिल्ली पुलिस और कानून व्यवस्था में उनका लंबा प्रशासनिक और पुलिसिंग अनुभव रहा है। गोलचा सख्त लेकिन व्यवहारिक अफसर के तौर पर जाने जाते हैं।

### खंडवा में तेज ...

बताया कि वह परिवार से अलग होकर पैतृक घर में रहता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वहीं, तेज बारिश से कावेरी नदी उफान पर आ गई और इलाके में बाढ़ जैसे हालात बन गए। जिससे हड़कंप मच गया। इस दौरान रपटा पार करते वक्त दो महिलाएं तेज बहाव में बह गईं, हालांकि लोगों ने उन्हें बचा लिया।

प्रदेश से मानसून ट्रफ के गुजरने की वजह से रतलाम में 9 घंटे में करीब 3 इंच बारिश हो गई। दमोह में ढाई इंच बारिश दर्ज की गई। इसी तरह इंदौर, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, भोपाल, नरसिंहपुर, उज्जैन, बैतूल, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, शाजापुर, आगर-मालवा, छिंदवाड़ा, जबलपुर, रीवा, सागर, सतना, सीधी, नरसिंहपुर, उमरिया, बालाघाट, राजगढ़, विदिशा, देवास में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी का दौर जारी रहा।

**सीसीपीए ने बिना किसी देरी पूरा मुआवजा देने के दिए निर्देश**

# 'रैपिडो' पर भ्रामक विज्ञापन के लिए लगाया 10 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ऑनलाइन राइड प्लेटफॉर्म रैपिडो (रॉपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) पर भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, सीसीपीए ने कंपनी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जिन उपभोक्ताओं को ऑटो इन 5 मिनट्स ऑर गेट 50 रुपए ऑफर के तहत 50 रुपए का लाभ नहीं मिला है, उन्हें बिना किसी देरी और शर्त के पूरा मुआवजा दिया जाए। सीसीपीए ने पाया कि रैपिडो के विज्ञापन, जैसे ऑटो इन 5 मिनट्स ऑर गेट 50 रुपए और 'गारंटीड ऑटो', झूठे और भ्रामक थे। जांच में पता चला कि विज्ञापन में दिखाया गया 50 रुपए वास्तव में नकद नहीं बल्कि 'रैपिडो कॉइन्स' थे, जिनकी वैधता सिर्फ 7 दिनों तक थी और जिन्हें केवल रैपिडो बाइक राइड्स में ही इस्तेमाल किया जा सकता था। इतना ही नहीं, कई मामलों में यह लाभ 50 रुपए तक सीमित था, यानी हमेशा 50 नहीं मिलता था।

**नियम और शर्तों के फॉन्ट में गफलत**

विज्ञापन में दिए गए नियम और शर्तों का उल्लेख बेहद छोटे और पढ़ने में कठिन फॉन्ट में था, जिससे उपभोक्ताओं को असली शर्तें समझ में नहीं आ पाईं। कंपनी ने यह भी दावा किया कि यह गारंटी रैपिडो नहीं बल्कि व्यक्तिगत ड्राइवर कैप्टन दे रहे हैं, जिससे जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की गई। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2023 से मई 2024 के बीच रैपिडो के खिलाफ 575 शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि जून 2024 से जुलाई 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 1,224 हो गई।

**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रं.-1 भदभदा रोड, भोपाल

क्र./1233/तशा/प.यं./2025 दिनांक : 19.08.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा कुलेथ जिला ग्वालियर एवं भाण्डेर जिला दतिया स्कूल में फर्नीचर प्रदाय एवं स्थापित करने का कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_445361_1 **दिनांक 28.08.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं जेम पोर्टल पर फर्नीचर/इलेक्ट्रीक/इलेक्ट्रॉनिक सामग्री हेतु BID NO: GEM/2025/B/6531243 दिनांक 26.08.2025, BID NO: GEM/2025/B/6574169 दिनांक 02.09.2025, BID NO: GEM/2025/B/6590770 दिनांक 05.09.2025, BID NO: GEM/2025/B/6591310 दिनांक 11.09.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **www.https://gem.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121673/2025 **परियोजना यंत्री**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा सही नाम डॉ. मारिया हुसैन (Dr. Mariya Husain) पुत्री ताहैर हुसैन (Taher Husain) पत्नी इब्राहीम लतीफ (Ibrahim Lateef) आयु 44 वर्ष निवासी नियर बोहरा मस्जिद हरदा म.प्र. है। आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस एवं पेन कार्ड में यही नाम दर्ज है। शैक्षणिक अंकसूचियां एवं डिग्री और पासपोर्ट तथा अन्य शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मेरा एवं मेरे पिता का नाम गलत एवं त्रुटिपूर्ण लिखा है। मैं अब नये और सही नाम डॉ. मारिया हुसैन (Dr. Mariya Husain) पुत्री ताहैर हुसैन (Taher Husain) पत्नी इब्राहीम लतीफ (Ibrahim Lateef) आयु 44 वर्ष निवासी नियर बोहरा मस्जिद हरदा म.प्र. के नाम से ही जानी एवं पहचानी जाती हूं।

आवेदिका
**डॉ. मारिया हुसैन (Dr. Mariya Husain) पुत्री ताहैर हुसैन (Taher Husain) पत्नी इब्राहीम लतीफ (Ibrahim Lateef) आयु 44 वर्ष निवासी नियर बोहरा मस्जिद हरदा म. प्र.**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Water Work Department**
Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Office Telephone No. 0755-2701663, 2701669

NIT No 46 W.W.D./2025 NOTICE INVITING e-TENDER Bhopal, Dated : 19.08.2025

Online Tender are invited on website http://mptenders.gov.in for following works. Document can be purchased on website from 19.08.2025 and online submission till 19.09.2025.
Corrigendum for above NIT shall not be published separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website. Detailed NIT and other information can be seen on website http://mptenders.gov.in

| S. No. | Tender No | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_445547_1 | Repairing of sump tank Providing and installation motor pump etc. at malikhedi pump house zone 16. | 14,12,115.00 | 10,591.00 | 2,000.00 | 90 days including Rainy Season |

T.N. 2306/025/026

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal

## लंच बॉक्स में छुपाकर लाया तमंचा, टीचर को मारी गोली

**देहरादून।** उत्तराखंड से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा के छात्र ने अपने शिक्षक को तमंचे से गोली मार दी। बताया जा रहा है कि शिक्षक ने पहले छात्र को थप्पड़ मारा था। इसके बाद छात्र गुस्से में अपने लंच बॉक्स में तमंचा छुपाकर स्कूल आया। गोली शिक्षक के दाहिने कंधे के नीचे लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद पूरे जिले के शिक्षकों में गुस्सा है। उत्तराखंड के सीबीएसई बोर्ड से जुड़े अध्यापक इस घटना के विरोध में धरने और हड़ताल पर बैठ गए। काशीपुर सहित कई जगहों पर गुरुवार को स्कूल बंद रखे गए हैं। पुलिस ने छात्र को हिरासत में ले लिया है। तमंचा बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**उत्तराखंड में मौसम का कहर!**

## भूस्खलन से बंद हुए यमुनोत्री गंगोत्री हाईवे

**देहरादून।** उत्तराखंड में बारिश का कहर अब भी जारी है। उत्तरकाशी में भारी बारिश के कारण गंगोत्री हाईवे और यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है। उत्तरकाशी पुलिस ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थान और सोनागाड़ के पास बंद हुआ है, जबकि यमुनोत्री हाईवे कुथनौर और नारदचट्टी के पास बंद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यहां ट्रैफिक को बहाल करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ये दोनों ही राजमार्ग भूस्खलन के कारण बंद हुए हैं।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। धामी ने लिखा कि डबराणी में गंगोत्री राजमार्ग पर पहाड़ का मलबा गिरने की वजह से दो लोगों की मौत का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। धामी ने लिखा कि मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान मुख्यमंत्री के निर्देशों पर धराली-हर्षिल में बादल फटने के बाद आई तबाही के बाद से लगातार राहत-बचाव और मलबा हटाने का काम चल रहा है। इसमें जिलाधिकारी प्रशांत आर्य खुद हर्षिल, धराली और गंगोत्री नेशनल हाईवे के बंद हुए हिस्सों का निरीक्षण करने जा रहे हैं।

### 5 अगस्त को आई भीषण तबाही

बता दें कि 5 अगस्त को उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने के कारण भीषण तबाही आई थी, जिसमें कई लोगों की मौत होगई थी। इस आपदा के बाद से इलाके के लोगों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।




हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**फायनेन्स**
फाइनेंस- आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्कः- 9310481187.
R-18,20,22-08-2025

**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करेंः- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

**नाम परिवर्तन**
मैं हरीश विश्वकर्मा पुत्र श्री भगवत प्रसाद आयु 37 वर्ष निवासी-1108, शिवाजी नगर, उदयपुरा, जिला-रायसेन, म.प्र. । मेरे शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम व सरनेम हरीश विश्वकर्मा (HARISH VISHWAKARMA) पुत्र श्री भगवत प्रसाद (BHAGWAT PRASAD) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम त्रुटिवश हरीश कुमार विश्वकर्मा (HARISH KUMAR VISHWAKARMA) पुत्र भगवत भगवत विश्वकर्मा (BHAGWAT VISHWAKARMA) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम हरीश विश्वकर्मा (HARISH VISHWAKARMA) पुत्र श्री भगवत प्रसाद (BHAGWAT PRASAD) के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक CY 997385

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5965



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5


**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -5964 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5975

★★★★☆ कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5974 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# वेल्लोर इंस्टीट्यूट ने आयोजित किया छात्र सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चेन्नई




वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई ने आयोजित क्रिस्टल कनेक्शंस पूर्व छात्र सम्मेलन के दौरान अपने पूर्व छात्रों को पूर्व छात्र उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए। सिनेमा जगत के दिग्गज और सांसद डॉ. कमल हासन ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, वीआईटी के संस्थापक-कुलपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने समारोह की अध्यक्षता की और वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ.जीवी सेल्वम ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। डॉ. कमल हासन ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को जीवन में असफलताओं का साहस के साथ सामना करना चाहिए और सफलता की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम शायद ही कभी स्वतंत्रता की बात करते हैं - असफल होने की स्वतंत्रता, जिसके बिना कोई भी नवाचार संभव नहीं है, क्योंकि जो देश असफलता से डरता है, वह कभी अपनी वास्तविक क्षमता का पता नहीं लगा पाएगा। भारत में, असफलता को भी अक्सर आजीवन कारावास की तरह माना जाता है, और यह डर गरीबी से कहीं ज़्यादा सपनों को मार देता है।' उन्होंने बताया कि हर सफलता की कहानी में लोग उन असफलताओं की लंबी सूची की प्रशंसा करते हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखीं। डॉ. कमल हासन ने कहा कि हर 100 विचारों में से 90 पहले पाँच सालों में ही विफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा, 'सिलिकॉन वैली में इसे एक अनुभव माना जाता है। भारत में इसे शर्म की नज़र से देखा जाता है।' वीआईटी के संस्थापक और कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि केवल शिक्षा, विशेषकर उच्च शिक्षा ही भारत को एक विकसित देश बना सकती है।

### छात्र नौकरी ढूंढ़ने के बजाए उद्यमी बनें और दूसरों को नौकरी प्रदान करें

*वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ.जी.वी.सेल्वम ने कहा कि छात्र नौकरी ढूंढ़ने के बजाय उद्यमी बनें और दूसरों को नौकरी प्रदान करें। उन्होंने कहा, 'जो लोग अपनी आजीविका के लिए विदेश जाते हैं, मैं उनसे कहूंगा-वहां जाएं, वहां सीखें, वहां कमाएं और लौटकर अपनी मातृभूमि (भारत) की सेवा करें। इस समारोह में डॉ. वीएस कंचना भास्करन, कुलपति, वीआईटी, डॉ. टी.त्यागराजन, प्रो वाइस चांसलर, वीआईटी चेन्नई, डॉ. के.सत्यनारायणन, निदेशक, वीआईटी चेन्नई, डॉ. पीके मनोहरन, अतिरिक्त रजिस्ट्रार, वीआईटी चेन्नई और डॉ. मनोज कुमार राजगोपाल, अध्यक्ष, इंस्टीट्यूशनल चेन्नई चैप्टर, वीआईटी एलुमनी एसोसिएशन (वीआईटीएए) शामिल रहे।*

## केपी ग्रुप ने किया सरकारी साझेदारियों का समर्थन प्राप्त

**नई दिल्ली।** केपी ग्रुप 2030 तक 10 गीगावाट क्षमता तक पहुंचने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ अपने विस्तार को आगे बढ़ा रहा है। गुजरात में पहले से ही चल रही परियोजनाओं के साथ, यह ग्रुप राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसे मजबूत ऑर्डर बुक और सरकारी साझेदारियों का समर्थन प्राप्त है। केपी ग्रुप ने 2.6 गीगावाट से अधिक क्षमता वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए गुजरात, ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, साथ ही अन्य राज्यों में नए अवसरों की तलाश भी कर रहा है। केपी ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, डॉ. फारुक पटेल ने कहाकि राज्य सरकारों, खासकर गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा के साथ हमने जो साझेदारियां की हैं, वे तो बस एक शुरुआत हैं।

# आईसीएआई भोपाल शाखा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवदृष्टिः एक्सप्लोरिंग न्यू होराइजंस टुगेदर' कल से

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सीआईआरसी) की भोपाल शाखा का बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'नवदृष्टिः एक्सप्लोरिंग न्यू होराइजन्स टुगेदर' का आयोजन 23 एवं 24 अगस्त को कोर्टयार्ड बाय मैरियट डीबी सिटी मॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक और आईसीएआई भोपाल शाखा के अध्यक्ष सीए अर्पित राय ने बताया कि यह महत्वपूर्ण व्यावसायिक आयोजन आईसीएआई की कंटिन्यूइंग प्रोफेशनल एजुकेशन (सीपीई) समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है तथा इसमें भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को 12 सीपीई घंटे प्रदान किए जाएंगे। शनिवार को तकनीकी सत्र 1 में आयकर कानून में हाल के न्यायिक निर्णय पर चर्चा की जाएगी जिसमें वक्ता दिल्ली के कपिल गोयल रहेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं वित्तीय पेशेवरों को नवीनतम रुझानों, न्यायिक निर्णयों, कर नीतियों, डिजिटल नवाचारों और उभरते वैश्विक अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक समय मंच उपलब्ध कराना है। सुव्यवस्थित तकनीकी सत्रों और विशेषज्ञों द्वारा संचालिल संवाद के माध्यम से यह सम्मेलन प्रतिभागियों को ऐसे उपयोगी दृष्टिकोण प्रदान करेगा जो उनके पेशेवर कौशल को सुदृढ़ करेंगे और उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाएंगे। 'नवदृष्टि - एक्सप्लोरिंग न्यू होराइजन्स टुगेदर' केवल एक तकनीकी आयोजन नहीं है, बल्कि इसे सीखने, नेटवर्किंग और सहयोग के संगम के रूप में डिजाइन किया गया है।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल, प्लाट
P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव,
हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot
P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1026 दिनांकः 12/08/2024

// संदर्भ //

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (18) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| S.no | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB5741818 | U24290MP2022PTC059541 | मैक्सोलैक पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB5809932 | U71100MP2023PTC065401 | व्यजेटेक इनोवेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB5318397 | U13100MP2012PTC029553 | सिमरन माइनरल्स & ओरेस प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB5335150 | U01619MP2023PTC064992 | टेकरीमा एग्रो रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB5278294 | U72900MP2019PTC048875 | एक्सलवेब टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB5122225 | U01403MP2011PTC025524 | पैशन ग्रीन्स फार्मटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB5362454 | U30007MP1992PTC007294 | स्पर सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB4696270 | U40100MP2010PTC023823 | ग्रीन अर्थ पावर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB4734627 | U15100MP20210PC057279 | गार्लीको वेंचर्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB4537890 | U46596MP2024PTC072087 | नैविगेट इंडिया लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB5124550 | U74140MP2011PTC025570 | ग्रीन अर्थ कंसल्टेंसी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB5309871 | U01229MP2022PTC063829 | कश्यापी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड |
| 13 | AB5443746 | U62099MP2024PTC069435 | एंटिप्रोटॉन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AB5526568 | U72900MP2017PTC042320 | ऐप्सटीन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB5436481 | U74109MP2025PTC076352 | अनबिल्ट डिजाइन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB5504008 | U15100MP2021PTC055778 | फूडी फन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB5292048 | U29150MP2021PTC057173 | फाबकोन सस्पेंशन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AB5418880 | U30007MP1986PTC003369 | प्राइम प्लांट ग्रोवर्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षो से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है. पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
सहायक रजिस्ट्रार
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0345/2526

# रिपोर्टः रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान सबसे सस्ते, मिल रहा अधिक डेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस जियो के टैरिफ प्लान अन्य टेलीकॉम ऑपरेटरों की तुलना में अभी भी सबसे सस्ते बने हुए हैं। एनालिस्ट हाउस बीएनपी पारिबास ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हालिया टैरिफ में किए गए बदलावों के बावजूद जियो के लोकप्रिय प्लांस सस्ते होने के साथ अधिक डेटा भी उपलब्ध करा रहे हैं। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि टेलीकॉम सेक्टर की तीनों बड़ी कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के एंट्री लेवल प्लान्स अब 299 रु के हो गए है। पर रिलायंस जियो के ग्राहकों को एक जैसी कीमतों के बावजूद अधिक डेटा मिल रहा है। बीएनपी पारिबास ने एक टेबल जारी कर बताया है कि कीमतों के हिसाब से देंखे तो 299 रु वाले 28 दिनों के प्लान में रिलायंस जियो 1.5 जीबी डेटा रोजाना उपलब्ध कराता है। वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 299 रु में सिर्फ 1 जीबी डेटा प्रतिदिन ही ग्राहकों को इस्तेमाल के लिए देते हैं। रिलायंस जियो 28 दिनों के 1.5 जीबी प्लान के लिए 299 रु ले रहा है वहीं एयरटेल और वोडाफोन आइडिया समान अवधि के 1.5 जीबी प्लान के लिए 50 रु ज्यादा यानी 349 रु चार्ज कर रहे हैं। इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय प्लान्स मे से एक 84 दिनों वाले 1.5 जीबी प्रतिदिन के प्लान के लिए जहां एयरटेल और वोडाफोन आइडिया 859 रुपए ले रहे हैं। वहीं जियो इसी तरह के प्लान के लिए 60 रु कम यानी मात्र 799 रु ही ग्राहकों से ले रहा है। इसी 799 रुपए वाले रिलायंस जियो के रिचार्ज प्लान को बंद करने की खबरें आई थी, जिसका कंपनी ने खंडन किया है।


# 128 टेंट व्यापारी 5 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने श्रीलंका के लिए रवाना



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश 128 टेंट व्यापारी श्रीलंका की राजधानी कोलंबो रवाना हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि इस अधिवेशन देशभर से 26 प्रदेशों के व्यापारी अपनी सहभागिता कर रहे हैं। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष संजय जैन, महासचिव (संगठन) राजेश हार्डिया ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन 5 दिवसीय होगा, जो कि 20 से 24 अगस्त तक रहेगा। महासचिव गुड्डा अग्रवाल ने कहाकि अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाने है जिसमें प्रमुख रूप से जीएसटी की दरों को 18 फीसदी से कम कर 12 फीसदी कि एजाने का प्रस्ताव पास किया जाना है। राष्ट्रीय अधिवेशन श्रीलंका में रवाना होने वालों में मुख्य रूप से परमजीत सिंह खनूजा, प्रदीप अग्रवाल, राजेश हडिया, संजय जैन,स्वदेश सोनी, मुन्ना वर्मा,अमित खनूजा, मुकेश वर्मा, प्रदीप जैन, हरिनारायण गुप्ता आदि व्यापारी शामिल हैं।

## सैमसंग ने पेश किए गैलेक्सी बड्स थ्री एफई



**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपने गैलेक्सी बड्स लाइनअप में नया सदस्य गैलेक्सी बड्स थ्री एफई लांच करने की घोषणा की। कंपनी का उद्देश्य है कि और अधिक लोगों तक ऑडियो इनोवेशन पहुंचाया जाए। गैलेक्सी बड्सथ्री एफई को प्रीमियम फीचर्स और किफायती दाम पर तैयार किया गया है। इनमें शामिल हैं- आइकॉनिक ब्लेड डिजाइन, अपग्रेडेड ऑडियो परफॉर्मेंस और गैलेक्सी एआई क्षमताएँ, जो इन्हें गैलेक्सी इकोसिस्टम से और भी मजबूती से जोड़ती हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, नटेरन, जिला विदिशा (म. प्र.)**

प्र. क्रं. 20/ अपील / 2025-26
1- देवेन्द्र पुत्र हरिनारायण
2- ललित पुत्र ओमप्रकाश जाति साहू निवासीगण ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
..........अपीलांट
बनाम
1- मोहित कुमार पुत्र राजकुमार जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
2- अन्नपूर्णा पुत्री जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम तलैया मोहल्ला मंदिर के सामने विदिशा तहसील विदिशा म.प्र.
3- जमनाबाई पुत्री जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी डंडापुरा विदिशा तहसील विदिशा म.प्र.
4- रामकुमार पुत्र जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
5- रामेश्वरप्रसाद पुत्र जगन्नाथ जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
6- पर्वतसिंह पुत्र नारायणसिंह मीणा निवासी ग्राम सायर पो. करेला तह. व जिला विदिशा म.प्र.
7- कालूराम पुत्र नारायणसिंह मीणा निवासी ग्राम सायर पो. करेला तह. व जिला विदिशा म.प्र.
.......... रेस्पोडेंट

:: सूचना ::

एतद द्वारा रेस्पोडेंट पक्ष को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलांट देवेन्द्र पुत्र हरिनारायण आदि निवासी ग्राम पमारिया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र. द्वारा तहसीलदार नटेरन के प्रकरण क्रमांक 205/अ-27/2020-21 आदेश दिनांक 24.12.2020 देवेन्द्र बनाम ललित के विरूद्ध म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में आगामी दिनाक 29.08.2025 सुनवाई हेतु नियत है। अतः आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक सहित नियत दिनाक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनाक 14.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की प्रदमुदा से जारी किया गया।

(अजय प्रतापसिंह पटेल)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग-नटेरन

## क्रॉम्पटन स्थापित करेगा 1,884 सोलर वाटर पंप

**मुंबई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने हरित ऊर्जा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से मागेल त्याला सौर कृषि पंप योजना, पीएम-कुसुम बी योजना से अनुमोदन प्राप्त कर लिया है। इस अनुबंध में 1,884 ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवोल्टाइक वाटर पंपिंग सिस्टम्स (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परिवहन, इंस्टॉलेशन, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य है।

# इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जारी की 'आईटीआर-6 एक्सेल यूटिलिटी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर-6 फॉर्म का एक्सेल यूटिलिटी जारी कर दी है। यह यूटिलिटी कंपनियों के लिए है। इसकी मदद से कंपनियां इनकम टैक्स रिटर्न आसानी से फाइल कर सकती हैं। यह नया टूल ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है और इसमें कई अपडेटेड फीचर्स शामिल हैं, जो कंपनियों के लिए रिटर्न भरने की प्रक्रिया को और आसान बनाते हैं। आइए जानते हैं कि यह फॉर्म कौन भर सकता है, यह किसके लिए है और इसे भरने के लिए क्या चाहिए। आईटीआर-6 फॉर्म खास तौर पर उन कंपनियों के लिए है, जो कंपनी एक्ट, 2013 या उससे पहले के कंपनी एक्ट, 1956 के तहत रजिस्टर्ड हैं। इसमें प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां, पब्लिक लिमिटेड कंपनियां और वन पर्सन कंपनियां शामिल हैं। हालांकि, वे कंपनियां जो इनकम टैक्स एक्ट की धारा 11 के तहत छूट का दावा करती हैं, वे इस फॉर्म को नहीं भर सकतीं।

## एचडीएफसी बैंक ने किया एआई कंपनी कोरोवर में निवेश

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एआई कंपनी कोरोवर में निवेश की घोषणा की है। कोरोवर एक अग्रणी, संप्रभु और उद्यम-स्तरीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) है जिसने भारतजीपीटी का निर्माण किया है। कोरोवर का उपयोगकर्ता आधार लगभग 1 अरब है और इस पर 25,000 से अधिक उद्यम और डेवलपर्स भरोसा करते है जो संवादात्मक एआई एजेंट, एआई सहायक (वीडियोबॉट, वॉयसबॉट, चैटबॉट) और टेलीफोनी एआई समाधान विकसित करता है। ये समाधान भारतजीपीटी द्वारा संचालित हैं।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में सात दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम ज्ञानारंभ का शुभारंभ



**भोपाल।** एलएनसीटी समूह की विभिन्न संस्थाओं एलएनसीटी, एलएनसीटी एंड एस, एलएनसीटीई , एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में सात दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम ज्ञानारंभ 2025 का शुभारंभ जे एन चौकसे, चेयरमैन एलएनसीटी समूह एवं चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर आपने कर्म और भाग्य की व्याख्या करते हुए नव प्रवेशित विद्यार्थियों से आह्वान किया कि भाग्य को चमकाने के लिए स्टूडेंट का कर्म निभाए, आप अपने सब्जैक्ट और संस्था को सबसे अच्छा माने, संस्था के नियमों का पालन करें, सो प्रतिशत अटेंडेंस रखें । संस्था के सचिव एवं जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अनुपम चौकसे ने पीपीटी के माध्यम से संस्था के मेंटर सिस्टम, अटेंडेंस के महत्व, जीरो रैगिंग, एकेडेमिक कैलेंडर, एलुमनाई, प्लेसमेंट, इनक्यूबेशन सेंटर, एआईसीटीई आइडिया लैब, नवाचार , शोध , पेटेंट, स्टार्टअप के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए समाज ओर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पूजा श्री चौकसे , एक्जीक्युटिव डायरेक्टर, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन डॉ.अशोक रॉय, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. अनुज गर्ग सभी संस्थाओं के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सेवक स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### पीएनबी मेटलाइफ ने मप्र के बच्चों को भेंट किए स्कूल बैग

**भोपाल।** पीएनबी मेटलाइफ ने पुराने विज्ञापन होर्डिंग और बैनर से 1 हजार पर्यावरण–अनुकूल स्कूल बैग बनाए और इन्हें मध्य प्रदेश के बच्चों को भेंट दे दिए। पीएनबी मेटलाइफ ने कोहका फाउंडेशन के साथ मिलकर 32 हजार वर्ग फुट से अधिक फ्लेक्स और बैनर सामग्री से ये बैग तैयार किए। इन बैगों के साथ पांचवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को एक संपूर्ण स्कूल किट भी दी गई, जिसमें नोटबुक, स्टेशनरी सेट और बैग टैग शामिल था। पीएनबी मेटलाइफ के चीफ मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन ऑफिसर सौरभ लोहटिया ने कहाकि यह पहल केवल अपसाइक्लिंग नहीं है, बल्कि हमारे इस विश्वास का प्रतीक है कि हर बच्चे को शिक्षा पाने के लिए सही संसाधन मिलने चाहिए।

### एचसीएल टेक भोपाल में हाई स्कूल स्नातकों को सशक्त बनाएगी

**भोपाल।** प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएलटेक भोपाल के हाई स्कूल स्नातकों को अपने टेक बी अर्ली कॅरियर प्रोग्राम में शामिल करने और उन्हें प्रौद्योगिकी उद्योग में कॅरियर बनाने का अवसर देने की योजना बना रही है। टेकबी हाई स्कूल स्नातकों के लिए डिजाइन की गई एक परिवर्तनकारी पहल है। यह एक अनूठा 'सीखते हुए कमाएं' मॉडल है जो व्यावहारिक तकनीकी प्रशिक्षण को उच्च शिक्षा के साथ जोड़ता है। यह कार्यक्रम छात्रों को उद्योग से संबंधित कौशल सिखाता है और उन्हें शैक्षणिक उन्नति के लिए सक्षम बनाता है, जिससे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक करियर की नींव रखी जा सके। टेकबी स्नातक पहले से ही एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उन्नत क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान दे रहे हैं और एचसीएल टेक के फॉर्च्यून 500 ग्राहकों को सेवाएं दे रहे हैं।

### सहकारिता मंत्रालय ने नाबार्ड के सहयोग से आयोजित की कार्यशाला



**भोपाल।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने नाबार्ड और मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से गुरूवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य तीन प्रमुख सहकारी पहलों यथा बहुउद्देशीय पैक्स का गठन, दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना और पैक्स तथा कृषि विकास बैंकों का कम्प्यूटरीकरण के अंतर्गत 5 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रगति को सुव्यवस्थित करना था। इस कार्यशाला में मंत्रालय, नाबार्ड मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों, राज्य सहकारिता विभागों, क्षेत्रीय सहकारी समितियों, भारतीय खाद्य निगम के कार्यालयों और राज्य सहकारी बैंकों तथा जिला सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। 5 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक डीसीसीबी और पैक्स प्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग लिया।

### देशभर के 5 करोड़ एमएसएमई के लिए डिजिटल खरीदारी का रास्ता खुला

**बैंगलोर।** देशभर के उद्यम और एफएसएसएआई लाइसेंस धारकों के लिए अमेजन बिजनेस ने ऐसा एक्सेस उपलब्ध करवाया है, जहां से वे अब अमेजन बिज़नेस पर साइन अप कर सकते हैं। मौजूदा जीएसटी और बिज़नेस पैन विकल्पों के साथ, त्योहारों के मौसम से पहले यह विस्तार देश के 5 करोड़ से ज्यादा एमएसएमई को डिजिटल खरीदारी की सुविधा प्रदान करता है। अमेजन बिज़नेस के निदेशक मित्ररंजन भादुड़ी ने कहाकि हम लगातार खरीदारी को सरल एवं कुशल बना रहे हैं। हमने उद्यम और एफएसएसएआई जैसे अन्य व्यावसायिक लाइसेंसधारक बहुत सारे सूक्ष्म व्यवसायों से सुना कि उन्हें भी अमेजन बिजनेस द्वारा दी जाने वाली सरलीकृत डिजिटल खरीदारी से लाभ होगा।

**न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 0032/अ-20(3)/2023-2024
मौजा- मुगालिया हाट तहसील हुजूर, भोपाल

// उद्घोषणा पत्र //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि कार्यालय कलेक्टर महोदय, जिला भोपाल म.प्र के पत्र क्रमांक 125/आर.एम. / 2023 भोपाल दिनांक 14.03.2023 के द्वारा ग्राम मुगालिया हाट प.ह.न. 03 तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 661 एंव 745 कुल रकबा 1.01 हे. मे से रकबा 0. 6413 हे. भूमि रामगंज मंडी से भोपाल नई बडी रेल लाईन परियोजना हेतु पश्चिम मध्य रेल्वे भोपाल के संबंध मे मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 24.09.2020 को प्रकाशित मध्यप्रदेश नजूल निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार प्रारूप 1 मे आवेदन पत्र भूमि आवंटन हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28.08.2025 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05.08. 2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-हुजूर, भोपाल

G-17517/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**

श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002
ई-मेलः eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक 0755-2661511
क्रमांक : 17 /तक/का. यं/लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड/भोपाल 2025-26
दिनाँक 14.08.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से फार्म "सी" पर "SUPPLY OF "LABORATORY CHEMICAL" के कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.08.2025 से दिनांक 08.09.2025 को 16:00 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 08.09.2025 को 16:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 09.09.2025 को 16:00 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2025 PHED_444745_1, PHED Date 14.08.2025)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of Laboratory Chemical | - | रू 500000.00 (रू पांच लाख मात्र) | रू 2000.00 (रू दो हजार मात्र) | - |

विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य तिथियाँ

| | | |
|---|---|---|
| क्रय करने की तिथि | : | 14.08.2025 से |
| | : | 08.09.2025 बजे 16:00 तक |
| जमा करने की अंतिम तिथि | : | 08.09.2025 16:00 बजे तक |
| बोली पूर्व बैठक तिथि | : | 21.08.2025 16:00 बजे |
| लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि | : | 09.09.2025 16:00 बजे तक |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड, भोपाल

G-17511/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल फोन-0755 2463894**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्न लिखित कार्यों हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उधृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदाएँ पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। विभाग किसी भी प्रकार के डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं रहेगा।

| क्रं | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | 1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दिनांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्राप्ति का दिनांक एवं कार्यालय | निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं कार्यालय | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32/25-26 व.ले.लि. दि. 20.8.2025 | विधायक गृह विश्राम में वार्षिक संधारण के अन्तर्गत खण्ड 3 एवं अ, ब, स की आंतरिक वायरिंग एवं सहायक उपकरणों का कार्य । | 1. रू 9,94,450.00 2. रू 19890.00 | 1. 27.08.2025 सायं 5.30 बजे | रू 2000.00 | 1. 28.8.2025 अपरान्तह 3:00 बजे तक 2. कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.3 लो.नि.वि. भोपाल। | 1. 28.8.2025 समय 3:00 बजे तक 2. कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.3 लो.नि.वि. भोपाल। | 1. 06 माह 2. केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली 3. प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 33/25-26 व.ले.लि. दि. 20.8.2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार खण्ड-2 (कक्ष क्र. 69, 70, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 82, 88, 89, 90, 95) एवं खण्ड-3 (85, 86, 88) में विद्युतीकरण नवीनीकरण कार्य । | 1. रू 7,00,214.00 2. रू 14044.00 | -- तदैव -- | रू 2000.00 | -- तदैव -- | -- तदैव -- | 1. 03 माह 2. तदैव 3. तदैव |
| 3 | 34/25-26 व.ले.लि. दि. 20.8.2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के अन्तर्गत विभिन्न खण्डों में गैरेज, स्टोर दुकानों के रोलिंग शटर का सामान्य सुधार, ओवरहालिंग एवं सर्विसिंग कार्य | 1. रू 6,73,343.00 2. रू 13467.00 | -- तदैव -- | रू 2000.00 | -- तदैव -- | -- तदैव -- | 1. 06 माह 2. तदैव 3. तदैव |
| 4 | 35/25-26 व.ले.लि. दि. 20.8.2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्म्त के एन.पी.पी. खण्ड ब एवं स विंडो बाक्स छज्जा की मरम्मत एवं सुदृढिकरण तथा ए.सी.पी. शीट के साथ पेनलिंग कार्य । | 1. रू 9,90,500.00 2. रू 19810.00 | -- तदैव -- | रू 2000.00 | -- तदैव -- | -- तदैव -- | 1. 04 माह 2. तदैव 3. तदैव |
| 5 | 36/25-26 व.ले.लि. दि. 20.8.2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के नवीन पारिवारिक खण्ड एन-1 एवं 2 की छत पर टॉरफेल्ट का सुधार एवं संधारण कार्य । | 1. रू 9,96,550.00 2. रू 19931.00 | -- तदैव -- | रू 2000.00 | -- तदैव -- | -- तदैव -- | 1. 04 माह 2. तदैव 3. तदैव |

(1) कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। (2) निविदा का वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। (3) यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। (4) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय निर्धारित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उसकी निविदा खोली नहीं जावेगी। (i) म.प्र. लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में वैद्य पंजीयन (ii) पेन कार्ड (iii) नो रिलेशन सर्टिफिकेट (iv) जी.एस.टी. पंजीयन (V) निविदा प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र (Vi) ई.पी.एफ. पंजीयन। (5) कार्य की अन्य शर्तों के बाबत जानकारी अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग
ई-5. अरेरा कालोनी, भोपाल 0755-2463894

G-17519/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# धनखड़ के इस्तीफे व वोट चोरी के शोर में बीता सत्र

विस्तारित अवधि के साथ संसद के मानसून सत्र का अनिश्चितकाल के लिए अवसान हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 15 विधेयक पारित हुए। सबसे महत्वपूर्ण गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करने वाला विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो गया। सत्र की यह बड़ी उपलब्धि रही। 21 जुलाई से शुरू मानसून सत्र के करीब एक माह की अवधि 21 अगस्त तक में अधिकतर समय विपक्ष का हंगामा ही जारी रहा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर और बाद में एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते व्यवधान उत्पन्न होते रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में चर्चा हुई, पर विपक्ष सरकार के जवाब से नाखुश ही रहा। राज्यसभा में हंगामे की वजह से एक बार भी शून्यकाल और प्रश्नकाल सामान्य तरीके से नहीं हो पाया। लोकसभा में पास विधेयकों में मर्चेंट शिपिंग विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक अहम हैं। एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग के चलते लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही, वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। विपक्ष सहयोग देता तो मानसून सत्र अधिक उत्पादक होता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। विपक्ष ने विधेयकों का तीखा प्रतिकार किया है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। मानसून सत्र इस बात के लिए हमेशा याद रखा जाएगा कि पहले ही दिन 21 जुलाई को देर शाम में राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कारण स्वास्थ्य बताया गया, पर यह किसी को पचा नहीं। भारत के संसद सत्रीय इतिहास में ऐसा पहली बार था कि सभापति ने अचानक चौंकाते हुए सत्र के पहले दिन ही पद छोड़ दिया हो। इस सत्र में एक भी दिन किसी सदन में गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कायदे से देखा जाए तो वोट चोरी के आरोप लगाने वाले विपक्ष के असहयोग के बावजूद सरकार अपने महत्वपूर्ण विधेयक पास करा ले गई। अतीत में भी संसद के अनेक सत्र हंगामे में स्वाहा हुए हैं, यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष अपना दायित्व समझे और सरकार लचीला रुख अपनाए, जिससे सत्र की उत्पादकता बढ़ पाए।



सेहत
डा. मोनिका हीरा

# एंटी एजिंग दवाओं की सनक से रहें दूर

एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

प्रकृति के नियम के साथ जीवन जीएं, यह सबसे अधिक आनंदपूर्ण है। ग्लैमर इंडस्ट्री में युवतियों पर जवां दिखने का दबाव है, इसके लिए वे एंटी एजिंग दवाओं जैसा रासायनिक तरीका अपनाती हैं, जो शॉर्टकट है, हानिकारक है, कुछेक केस में जानलेवा है। प्राकृतिक जीवनशैली से भी लंबे समय तक जवां रहा जा सकता है और यह तरीका सुरक्षित भी है। महज़ 42 साल की उम्र में अभिनेत्री शेफ़ाली जरीवाला की अचानक मौत ने एंटी एजिंग को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। हालांकि शेफ़ाली की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इस केस की जांच में जुटे कुछ पुलिस अधिकारियों ने ये कहा है कि शेफ़ाली एंटी-एजिंग टैबलेट्स समेत कई दवाइयां ले रही थीं।

संभवतः ये दवाइयां ख़ाली पेट लेने की वजह से उनका ब्लड प्रेशर अचानक गिर गया और फिर उन्हें संभाला नहीं जा सका। एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, उसके साथ ही चेहरे पर महीन रेखाएं, झुर्रियां भी दिखने लगती हैं, चेहरे की त्वचा भी धीरे-धीरे लटकने लगती है। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। आजकल क्रीम, सीरम के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी, इंजेक्टेबल फ़िलर्स, बोटॉक्स वग़ैरह एंटी एजिंग उपायों का चलन बढ़ा है। एंटी एजिंग उपचार कुछ दवाओं और ऐसे कंपाउंड्स के कॉम्बिनेशन से होता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। इन सबमें ज़्यादा प्रचलित बोटॉक्स है जो एक ऐसा पावरफुल इंजेक्शन है, जो कि हमारी मांसपेशियों को बहुत ही छोटे हिस्से में रिलैक्स करता है। 20 साल से भी अधिक समय पहले यूएस फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में इसके इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज़ हुई, जब यूएस सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक चेतावनी जारी करते हुए ये कहा कि 25 से 59 साल की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शंस देखे गए हैं।

डर्मल फ़िलर्स इंजेक्शन होते हैं जो स्किन के अंदर दिए जाते हैं। ये उसी पदार्थ से बनते हैं, जिससे हमारी त्वचा की कोशिकाएं बनी होती हैं। स्किन में उम्र के साथ कोलेजन कम होने लगता है, मगर फ़िलर्स की मदद से कोलेजन वापस डाला जाता है और चेहरा जवान लगने लगता है। एंटी एजिंग के लिए कई लोग ग्लूटाथियोन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करते हैं। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं को होने वाले डैमेज को रोकने में काम आते हैं। ग्लूटाथियोन अक्सर इंट्रावेनस इंजेक्शन और टैबलेट्स के ज़रिए लिया जाता है। ग्लूटाथियोन हमारे शरीर में पहले से ही मौजूद होता है, लेकिन उम्र के साथ-साथ शरीर ग्लूटाथियोन बनाना कम कर देता है। इसलिए इसे बाहर



से लिया जाता है। मगर इसके साइड इफ़ेक्ट्स भी हैं। ये एफ़डीए अप्रूव्ड नहीं हैं। यूएस एफ़डीए ने ग्लूटाथियोन को इसलिए अप्रूव नहीं किया, क्योंकि देखा गया कि इससे कुछ मरीज़ों को एनाफाइलैक्सिस हो सकता है, इंजेक्टेबल दवाओं से स्टीवन जॉनसन जैसी बीमारियां हो सकती हैं, जो लोग स्किन लाइटनिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, उन पर इसका असर तब तक ही होता है जब तक वो इसे ले रहे हैं। इसका असर, हमेशा नहीं रहता।

एंटी एजिंग दवाओं के चलते हार्मोन डिस्टर्ब, पैरालिसिस, स्किन कैंसर आदि साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, एएचए, बीएचए, सैलिसिलिक एसिड और पर्फ्यूम्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा की प्राकृतिक परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा पतली और सेंसिटिव हो जाती है। जब स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, तो वह जलन, खुजली और सूखापन जैसी समस्याओं से जूझने लगती है। कुछ एंटी-एजिंग क्रीम्स और सीरम्स में पैराबेन्स, फाइटोएस्ट्रोजन और अन्य हार्मोन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन के जरिए शरीर में प्रवेश करके हार्मोनल गड़बड़ी का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, मूड स्विंग्स और थायरॉइड असंतुलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। रेटिनॉल और हाइड्रोक्विनोन जैसे तत्व त्वचा को सनलाइट के प्रति ज्यादा सेंसिटिव बना देते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जवां दिखने के लिए, त्वचा में निखार लाने के लिए व गोरापन पाने के लिए क्या एंटी एजिंग दवाएं ही विकल्प हैं? तो जवाब है कि प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

ब्रोकली, पालक, केला में सल्फर की अच्छी मात्रा पाई जाती है जसिसे ग्लूटाथियोन की मात्रा, शरीर में बढ़ती है। विटामिन-सी रचि फ्रूट्स जैसे आंवला या संतरा और नींबू पानी का सेवन करने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ती है। इसी तरह एवोकाडो, अखरोट और बादाम वगैरह का सेवन करने से शरीर को डटॉक्स करने में मदद मलिती है। ग्रीन टी और हल्दी का दूध पीने से शरीर को एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मलिते हैं। बेरीज फ्री रेडकिल्स की मात्रा को कम करके त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। पानी सबसे बड़ा डटॉक्स एलिमेंट है। वटिामनि-सी, ई, जकिं और सेलेनयिम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स फलों व सब्जियों से ग्रहण करें। एलोवेरा जेल, गुलाब जल, शहद और नारियल तेल का मिश्रण सबसे असरदार घरेलू एंटी-एजिंग उपाय है। ये त्वचा को पोषण, नमी और नेचुरल ग्लो देता है। डाइट में मूंगफली, अखरोट, ब्लूबेरी, गाजर, चुकंदर, टमाटर, आंवला और सिट्रस फ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। ताजा फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और बीजों को डाइट में शामिल करें। सफेद नमक और चीनी से बचें। जंक व पैक्ड फूड व पेय, तली चीजें, व ट्रांस फैट्स से बचें। नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल या शुद्ध घी में किसी का सेवन करें। स्किन को हेल्दी रखने के लिए फेशियल योग या हल्की मसाज करना फायदेमंद होता है। रोजाना कम से कम एक घंटा योग या व्यायाम करें और साइकिलिंग या तैराकी जैसी एक्टिविटीज अपनाएं। मेडिटेशन करें। अच्छी नींद लें। फिर आपको किसी एंटी एजिंग दवाओं की जरूरत नहीं होगी।

(लेखिका प्राकृतिक चिकित्सक व आहार विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

प्रवीण दत्त शर्मा



# समाज के लिए खतरा है ऑनलाइन गेम की लत

यह एक स्वागतयोग्य समाचार है कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगाम कसने को तत्पर हो गयी है। ऑनलाइन गेमिंग को रेग्युलेट करने सम्बन्धी बिल लोकसभा और राज्य सभा से पास हो गया है। इसका मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं । इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है। इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 30 प्रतिशत वार्षिक की तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब भारत में गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी लगता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की गिनती 20 लाख थी। 2022 में यह संख्या 22 करोड़ पहुंच गयी। इस सेक्टर के फलने-फूलने का एक कारण इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट कानून का न होना भी है। साल 1867 का पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट कहता है सार्वजनिक स्थानों पर ऑनलाइन गेम प्रतिबंधित है। हालांकि भारत में ही कुछ राज्य हैं जहां ऑनलाइन गेंमिग अपराध नहीं है। सिक्किम गोवा, और दमन जैसे स्टेट्स में इसे कानूनी मान्यता है क्योंकि संविधान ये कहता है कि गेंमिग कई मामलों में राज्य का विषय है। इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कुछ देशों में सट्टेबाजी लीगल है। साल 1966 में सुप्रीम कोर्ट ने रमी और घुड़दौड़ में भी सट्टेबाजी को लीगल करार दिया लेकिन क्रिकेट में सट्टेबाजी गैर-कानूनी है। दरअसल हर किसी का सपना अमीर और सम्पन्न बनने का होता है। कई युवा तो बिना कुछ किए-धरे, दिन रात अमीर बनने के ख्वाब देखते रहते हैं। ऑनलाइन जुए के वे लुभावने विज्ञापन, जिनमें बड़े-बड़े खिलाड़ी व फिल्म अभिनेता लोगों को ऑनलाइन गेम या सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों की सत्यता का कोई प्रमाण नहीं होता। बस विज्ञापन के नीचे एक चेतावनी कि 'इसको खेलने में जोखिम है, अतः सावधानी से खेलें' लिखकर विज्ञापन कंपनियां अपने कर्तव्य की पूर्ति कर लेती हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी जुए के दुष्परिणामों से वाकिफ थे। इसलिए 26 मई 1921 को मुंबई में उन्होंने कहा था, 'घुड़दौड़ों में दांव लगाना और सट्टा खेलना भी शराबखोरी और वेश्यागमन जैसा ही बुरा काम है। इसके लिए एक प्रबल आंदोलन की जरूरत है"। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने की निर्णय लेकर समाज को इस नए दौर के जुए से बचाने का प्रयास किया है। अब राष्ट्रीय स्तर की एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी बनाने जा रही है। किसी मौजूदा अथॉरिटी या एजेंसी को भी यह भूमिका दी जा सकती है। इसका काम ऑनलाइन गेम्स को कैटिगरी में बांटना और रजिस्ट्रेशन करना होगा। यही अथॉरिटी तय करेगी कि कोई गेम मनी गेम की श्रेणी में आएगा या नहीं। ऑनलाइन गेम्स से जुड़ी शिकायतों को भी यही निकाय देखेगा। नियमों का सही से पालन हो, इसके लिए गाइडलाइंस, आदेश, प्रैक्टिस कोड जारी करने का जिम्मा भी इसी अथॉरिटी का होगा। इस विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग केवल खेल नहीं रहा, यह आज के दौर का जुआ है। इसकी लत ने हजारों युवाओं का भविष्य और परिवारों की शांति छीन ली है। सरकार का यह कड़ा क़दम समय की मांग है। लेकिन केवल कानून ही काफी नहीं होगा, जरूरत है सामाजिक चेतना, माता-पिता की सतर्कता और युवाओं की आत्मसंयम की। सरकार और समाज मिलकर ही इस बुराई से युवा पीढ़ी को बचा पाएंगे।


# धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है



संकलित
## दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# चंद्रदेव को दक्ष ने दे दिया था श्राप



संकलित
## प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## सटाका




## आज की पाती

### नाश का दूसरा नाम है नशा

26 जून, सन 1987 को दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है। *– मनीष सिसोदिया, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा चीन

चीन के सरकारी अधिकारियों ने पिछले महीने तिब्बती पठार के ऊंचाई वाले इलाके में एक स्थान दिखाया और दावा किया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म होगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्रफल 610 किलोमीटर होगा, जो अमेरिका के शिकागो शहर के बराबर है। चीन दुनिया के किसी भी अन्य स्थान की तुलना में बहुत तेजी से सौर पैनल स्थापित कर रहा है और उसे इस क्षेत्र में निवेश करने का लाभ भी मिलना शुरू हो गया है।




बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन में बताया गया है कि देश का कार्बन उत्सर्जन एक साल पहले की तुलना में, इस वर्ष के पहले छह महीनों में एक प्रतिशत कम हो गया। अध्ययन में कहा गया है कि मार्च 2024 में कार्बन उत्सर्जन में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ था, जो जारी है। लेकिन दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक चीन को वैश्विक जलवायु परिवर्तन को धीमा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए कार्बन उत्सर्जन में और भी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। फिनलैंड में रहने वालीं अध्ययन की लेखिका तथा ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र की प्रमुख विश्लेषक लॉरी माइलीविर्ता ने कहा कि चीन को 2060 तक कार्बन तटस्थता के अपने घोषित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अगले 35 वर्षों में उत्सर्जन में औसतन तीन प्रतिशत की गिरावट की आवश्यकता होगी।

## ऑफ बीट

# मालिक पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे

यूरोप में पवन-फार्म मालिक अपनी पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे हैं ताकि वे उनसे अधिकतम बिजली पैदा कर सकें। पवन टर्बाइनों को 25 वर्षों



तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बिजली की कीमतों में वृद्धि के चलते मालिकों की गणना में बदलाव आया है। उद्योग प्रतिनिधि विंड यूरोप के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की तुलना में केवल 454 मेगावाट (एमडब्ल्यू) पुराने टर्बाइनों को बंद किया गया था। यह 1,000 से अधिक टर्बाइनों के बराबर है जिनका जीवन यूरोप में बढ़ा दिया गया है। वास्तव में, यह स्पष्ट रूप से लगातार तीसरा वर्ष है जिसमें पवन टर्बाइनों के डिकमीशनिंग को कम किया गया है। इस बीच, वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद ने बताया है कि उत्तर अमेरिकी टर्बाइन डीकमीशनिंग साल दर साल 668एमडब्ल्यू से घटकर 276एमडब्ल्यू हो गई है। यह उस समस्या को हल करने के लिए थोड़ी और अधिक गुंजाइश बनाता है जिसने कुछ समय से रीसाइक्लिंग विशेषज्ञों को परेशान कर रखा है। जबकि अधिकांश पवन टर्बाइन को दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, उसके ब्लेड को नहीं। वे अधिकतर ग्लास फाइबर या कार्बन-फाइबर प्रबलित प्लास्टिक से बने होते हैं।

## X ट्रेंड

### कांग्रेस गैरजिम्मेदार



130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष और उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस का रवैया न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है। सदन में बिल को फाड़कर फेंकना दर्शाता है कि ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी संवैधानिक परंपरा का अपमान कर सकते हैं।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### स्वदेशी सामान खरीदें



जो चीज़ें भारत में बनती है, वही खरीदें, इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम सेल्फ हेल्प ग्रुप का बना सामान खरीदें, इससे हमारी बहनों-बेटियों को रोजगार भी मिलेगा और हमारा पैसा हमारे ही लोगों के पास रहेगा। भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है।
-शिवराज सिंह चौहान,केंद्रीय कृषि मंत्री

### पुनर्विचार करे सरकार



130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हमला निंदनीय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# शूटर्स के कारतूस खोखों की होगी गिनती, 77 शूटर्स को नोटिस

**शूटर्स के घर पहुंचकर जांच कर रही टीम, रिकॉर्ड देने के बाद ही मिलेंगे नए कारतूस**

## कारतूस की ब्लैक मार्केटिंग पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के 77 शूटर्स को दिए जा रहे स्पोर्टस कारतूस की ब्लैक मार्केटिंग को लेकर जिला प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। जिसके तहत इन खिलाड़ियों को दिए जाने वाले लाखों कारतूसों का रिकॉर्ड तलब किया गया है। इधर, कलेक्टर द्वारा गठित टीम ने भी शूटर्स के घर जाकर जांच शुरू कर दी है। टीम इनके घरों पर जाकर शूटर्स द्वारा चलाए गए कारतूसों के खोखों की भी गिनती कर रही है, जिससे पता लगाया जा सके कि शूटर्स ने इन कारतूसों का उपयोग शूटिंग में किया है या इन्हें किसी अन्य को बेचा गया है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि जब तक शूटर्स के कारतूसों को लेकर टीम जांच कर रही है। जब तक शूटर्स पुराने कारतूसों का रिकॉर्ड नहीं देंगे, तब तक उन्हें नए कारतूस नहीं दिए जाएंगे। राजधानी में पहली बार कलेक्टर ने शूटर्स को दिए जा रहे लाखों कारतूसों के रिकॉर्ड की पड़ताल का काम शुरू कराया है, जिसके तहत शहर के 77 शूटर्स को नोटिस देकर पिछले दस साल में लिए कारतूस और खेले गए टूर्नामेंट की जानकारी मांगी है। हालांकि शूटर्स ने भी जवाब देना शुरू कर दिया है। कुछ ने टूर्नामेंट और इंदौर में शूटिंग रेंज में प्रेक्टिस करने की जानकारी दी है।

### शाह आर्मरी के यहां कारतूस के रिकॉर्ड में गड़बड़ी




जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने कारतूसों की खरीद-फरोख्त में हुई गड़बड़ी को लेकर सेफिया कॉलेज रोड स्थित शाह आर्मरी की जांच की तो यहां रजिस्टर में आधी अधूरी जानकारी दर्ज मिली। कई एंट्री में गन लाइसेंस का नंबर तक नहीं था, इसके साथ मोबाइल नंबर भी दर्ज नहीं मिले। टीम ने जब संचालक अनस से गन लाइसेंस मरम्मत का लाइसेंस मांगा, तो वह नहीं दिखा सका।

### एनआरएआई से कारतूस खरीद रहे शूटर्स

टूर्नामेंट खेलने वाले शूटर्स दिल्ली स्थित नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया से कारतूस खरीदते हैं, जहां से उन्हें बाजार रेट से कम दाम पर कारतूस दिए जाते हैं। शूटर्स यहां से थोक में पांच से लेकर दस हजार तक कारतूस खरीदते हैं। रेंज में प्रेक्टिस के बाद कारतूस के खाली खोखों को भी सुरक्षित रखा जाता है।

### बोरों में भरे कारतूस के खोखे दिखाए

टीम जब एक शूटर्स के घर पहुंची तो उससे पिछले आठ महीने में लिए गए पचास हजार से अधिक कारतूसों की जानकारी मांगी। तब शूटर्स ने घर में रखे बोरों में भरे कारतूस के खोखे दिखा दिए। टीम ने अंदाजा लगाया कि यह कारतूस शूटिंग प्रेक्टिस में उपयोग किए गए हैं।

### आरके गन हाउस में नहीं मिला मरम्मत का लाइसेंस

टीम ने प्लेटिनम प्लॉजा स्थित आरके गन हाउस में भी जांच की, जहां कारतूस बिक्री रजिस्टर में तो गड़बड़ी नहीं मिली, लेकिन यहां पर मरम्मत के लिए कई गन रखी हुई थीं। टीम ने जब संचालक राजकुमार नागवंशी से मरम्मत का लाइसेंस मांगा, तो वह नहीं दिखा सका।

### रिकॉर्ड की हो रही जांच

शूटर्स को प्रेक्टिस के लिए बल्क में कारतूस का कोटा दिया जाता है। पुराने शूटर्स के टूर्नामेंट नहीं खेलने और प्रेक्टिस नहीं करने पर भी कारतूस लिए गए हैं, जिसको लेकर पिछले दस साल का रिकॉर्ड जांचा जा रहा है।
**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

# कोर्ट के सामने से वकील की ऑडी कार चोरी, प्रकरण दर्ज

**कार दिल्ली ले जाकर चोर ने खोल लिए थे पार्ट्स**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित कोर्ट परिसर से वकील की ऑडी कार चुराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ऑडी कार चुराने के बाद चोर उसे दिल्ली ले गया। मायापुरी में रहने वाले चोर ने ऑडी कार का इंजन खोल लिया था और उसके पार्ट्स बेचने की फिराक में था। इससे पूर्व ही एमपी नगर पुलिस ने उसे दबोच लिया। ऑडी कार का इंजन खुलने के कारण उसे लगेज कर भोपाल लाना पड़ा। पुलिस को चोर ने बताया कि उसने भोपाल के एक चोर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। अब पुलिस भोपाल में रहने वाले चोर की तलाश कर रही है।

एसआई कुलदीप खरे ने बताया कि रविकांत त्रिपाठी जिला न्यायालय में वकालत करते हैं। उन्होंने गत 23 जुलाई को शिकायत करते हुए बताया कि कोर्ट परिसर उनकी ऑडी कार अज्ञात व्यक्ति ने चुरा ली है। ऑडी कार में सेफ्टी फीचर अधिक होने के कारण कार चोरी की बात पुलिस के गले नहीं उतरी। पुलिस ने कोर्ट परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो चोरी होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की।

## खबर संक्षेप



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार संघ के मीडिया प्रमुख नीरज चावला, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष विवेक मित्तल एवं वरिष्ठ व्यापारी रवि कमल चर्चा करते हुए।

### तीन तस्कर अरेस्ट, 15 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**भोपाल।** रातीबड़ पुलिस ने थार और मारुति स्विफ्ट कार में शराब की तस्करी करने वाले 3 तस्करों को गिरफ्तार कर 15 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल थार और मारुति स्विफ्ट कार जब्त की है। इसके बाद आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर स्टेट डेयरी के पास चैकिंग पाइंट लगा कर महिन्द्र थार और मारुति स्विफ्ट कार को रोका। तलाशी लेने पर थार में अंग्रेजी शराब रायल चैलेंज की चार पेटी और बेगपाइपर की दो पेटी, एमडी की दो पेटी, ऑफीसर च्वाईस की पांच पेटी सहित 135 लीटर अंग्रेजी शराब मिली। थार चालक शुभम जैन एवं एक अन्य ने अपना नाम आयूष अग्रवाल बताया। स्विफ्ट कार के चालक ने अपना नाम शुभम सोनकार बताया।

### मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने वाले होंगे पुरस्कृत

**संतनगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि गणेश महोत्सव को लेकर बच्चों एवं बडों में काफी उत्साह है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश महाराज जी की प्रतिमा मिट्टी से जो भी बनाकर घर से लाएगा, उनको बजरंग सेना समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। जो कि 25 अगस्त तक भारतीय सिंधु सभा, श्री नारायण सेवा समिति कार्यालय में बनाकर एवं अपना नाम लिखवाकर समिति महासचिव गुरदास रामचंदानी मो.7000196687 को जमा करना है। जो भी भगवान गणेश महाराज जी की मिट्टी से बनी प्रतिमा जमा करता है उन्हें 31 अगस्त को नगद राशि एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5016 | | |
| दिन: | 355 | 39 | 478 |
| रात: | 190 | 06 | 150 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 468 | 89 | 360 |
| रात: | 245 | 15 | 267 |

### आशिमा मॉल से दानिश तिराहा के बीच हुआ हादसा

# ड्यूटी कर रात सवा बजे घर लौट रहे स्कूटर सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

## पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक और चालक की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर आशिमा मॉल और दानिश नगर तिराहा के बीच ट्रक ने जुपीटर (स्कूटर) सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के समय स्कूटर सवार युवक कॉल सेंटर से काम कर घर लौट रहा था, तभी रात करीब एक से सवा एक बजे के बीच हादसा हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार अंशुमान सिंह राठौर पिता शैलेंद्र सिंह राठौर (22) मकान नंबर 67, शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी, बागसेवनिया में रहता था और मैपल मॉल में संचालित आईजीटी साल्युशन कॉल सेंटर में नौकरी करता था। बुधवार रात वह कॉल सेंटर छूटने के बाद अपने दोस्त आदित्य के साथ घर आने के लिए निकला था। अंशुमान जुपीटर स्कूटर पर अकेला था, जबकि आदित्य पीछे कार से आ रहा था। बुधवार रात करीब एक से सवा बजे के बीच अंशुमान आशिमा मॉल निकलने के बाद दानिश तिराहा से पहले लॉपिनो पिज्जा के सामने मुख्य सड़क पर पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। पीछे से टक्कर लगने के कारण अंशुमन स्कूटर सहित डिवाइडर में जा घुसा था। इससे उसे सिर में और शरीर में गंभीर चोट आई। आदित्य राहगीरों की मदद से अंशुमन को अपनी कार से निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां करीब एक घंटे चले इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नवीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ढोली खदान इलाके में रहने वाले 16 साल के किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश बेड पर पड़ी मिली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे दो-तीन दिन से बुखार आ रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।पुलिस के अनुसार नमन वंशकार पिता मुकेश वंशकार (16) ढोली खदान रोड कोलार में रहता था। वह नवीं कक्षा का छात्र था। बुधवार सुबह उसके माता-पिता मजदूरी करने गए थे। छोटा भाई भी स्कूल चला गया। घर में नमन अकेला था। दोपहर करीब 12 बजे स्कूल से छोटा भाई लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। उसने पिता को कॉल कर बताया। पिता घर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोला गया। इस दौरान नमन बेड पर बेसुध अवस्था में पड़ा नजर आया। पिता नमन को ऑटो से लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर नमन को मृत घोषित कर दिया।

### झुग्गी में ली गई सर्विस लाइन टूटकर गिरी, करंट से युवक की मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित छावनी पठार इलाके में गुरुवार सुबह करंट से झुलसकर युवक की मौत हो गई। हादसा गुरुवार तड़के का बताया जा रहा है। परिजन ने उसे सुबह करीब साढ़े 8 बजे बेसुध पड़े देखा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राहुल बघेल (23) मूलतः कर्नाटक का रहने वाला था और कांच कटिंग और डिजाइन का काम करता था। वह परिवार के साथ छावनी पठार में झुग्गी में रह रहा था। गुरुवार तड़के वह लघुशंका करने के लिए उठा था। सुबह करीब साढ़े 8 बजे परिजन ने उसे बेसुध पड़े देखा। उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर मर्चूरी भेज दिया था। बताया जाता है कि उसकी झुग्गी के पास से पचास मीटर दूर झुग्गी में एक व्यक्ति ने तार डालकर रखे हैं। रात में तार टूटकर गिर गया था। इसी तार के संपर्क में आने से राहुल को करंट लगा था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### करंट से झुलसकर युवक की मौत

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बड़ा मोहल्ला बरखेड़ी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी करंट से झुलसकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार यशवंत यादव (47) बड़ा मोहल्ला बरखेड़ी, जहांगीराबाद में रहता था और अविवाहित था। उसके पिता नहीं है। घर में केवल मां साथ रहती है। बुधवार रात मां पड़ोस में रहने वाले अपने भाई के घर गई थी। घर पर यशवंत अकेला था। भाई के घर से मां अपने घर लौटी तो उन्होंने यशवंत को फर्श पर पड़े देखा था। पास ही बिजली का बोर्ड और खुले तार पड़े थे। मां मामा के साथ यशवंत को अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर यशवंत को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



### मुख्यमंत्री ने रायसेन कलेक्टर को किया सम्मानित

**औबेदुल्लागंज।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्पूर्णता अभियान अंतर्गत रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। अरुण विश्वकर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला सीईओ अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे ने बधाई दी।

### विधायक पटवा के निवास पर मिले प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा के सदस्य, सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा औबेदुल्लागंज के अध्यक्ष नवलकिशोर मालवीय, कोषाध्यक्ष सीताराम मालवीय, सचिव प्रेमनारायण सोनी, उपाध्यक्ष अरुण भावसार, कार्यकारणीय के वरिष्ठ सदस्य आजीवन तथा अन्य सदस्यों ने विधायक पटवा का फूल माला से स्वागत किया। साथ ही प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा औबेदुल्लागंज ने अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन प्रधान मंत्री, देहली सांसद, लोक सभा विदिशा केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री मंत्री के नाम सौपा है।

### शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## विद्या ही हमारी सभी इच्छाओं की पूर्ति कर सकती है: सिद्ध भाऊ



**संतनगर।** केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल एवं कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल, करोंद (भोपाल) में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ, विद्यालय के सचिव घनश्याम बूलचंदानी एवं प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सिद्ध भाऊ ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्या से ही हमें सम्मान मिलता है और विद्या ही हमारी सभी इच्छाओं की पूर्ति कर सकती है, इसलिए मन लगाकर अध्ययन करें। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने हेड बॉय सत्यम शर्मा को विद्यालय का ध्वज सौंपा।



## औबेदुल्लागंज की जनपद पंचायत के जर्जर भवन में होती है बैठक हर तरफ फैली रहती है गंदगी

**औबेदुल्लागंज।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष के हाल बेहाल हैं, फिर भी कक्ष में आय दिन बैठकें हो रही है। हाल को गंदगी का घर बना रखा है। औबेदुललागंज जनपद पंचायत के अंदर शौचालय की सुविधा नहीं है, जबकि पंचायत सचिवों को हर दम उनकी ग्राम पंचायतों को स्वच्छ रखने को जोर दिया जाता है और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता देखी भी जा सकती है, लेकिन औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत के सभा कक्ष में गंदगी फैली हुई है। वहीं जनपद पंचायत भवन की दीवारें भी जर्जर हो गईं है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अगर मीटिंग के दौरान किसी को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

**सड़क हादसों में एक दर्जन से ज्यादा गायों की हो चुकी है दर्दनाक मौत**

# गायों की मौत से नाराज़ लोगों ने नेशनल हाईवे-46 पर चक्का जाम कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



गायों की मौत से नाराज़ लोगों ने नेशनल हाईवे-46 पर करीब 2 घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इस दौउरान यातायात पूरी तरह बाधित रहा। बिसनखेड़ा टोल प्लाजा से नेशनल हाइवे क्षेत्र में बारिश के दौरान सड़क हादसों में करीब दर्जनों गायों की दर्दनाक मौत हो गई है, जिसके बाद गुरुवार को स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम कर अपना विरोध जताया। पशु सुरक्षा की अनदेखी और सड़क सुरक्षा की कमी ने ग्रामीणों को आंदोलन करने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय नगरिकों को प्रशासन ने आश्वासन दिया की इस मामले को सुलझाने की पूरी कोशिश की जाएगी।थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया।

गौरतलब है कि हाल ही में हुई गायों की मौतें सड़क हादसों और अन्य कारणों से हुई हैं। मंडीदीप-औबेदुल्लागंज मार्ग पर 30 किलोमीटर के दायरे में 3 दिन में 16 गायों की मौत हो चुकी हुईं, जिनमें से 11 गायों की मौत सड़क दुर्घटना में हुई। स्थानीय लोगों और गोसेवकों का कहना है कि जिला प्रशासन, नगरीय निकाय और जनपद पंचायत इस समस्या पर ध्यान देना नहीं दे रहा है। गोवंश को सड़क हादसों से बचाने के लिए न ही ठोस उपाय किया है। इधर जिला प्रशासन ने दो गो-पेट्रोलिंग वाहन तैनात किए हैं, लेकिन इनका कोई खास असर नहीं दिख रहा है।

### एसडीएम ने दिया गोशाला खुलवाने का आश्वासन

सड़क जाम की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को कहा कि दशहरा मैदान को अस्थायी गोशाला बनाया जाएगा। प्रशासन की समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए और हाईवे से हट गए। साथ ही एसडीएम ने कहा की बंद पड़ी गोशाला भी खुलवाएंगे।

**1987 में शुरू हुआ था सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय**

# एयरपोर्ट रोड गांधीनगर के पास नया नेत्र चिकित्सालय भवन बनकर तैयार, लोगों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



परमहंस संत हिरदाराम साहिब द्वारा साल 1987 में शुरू कराया गया सेवा सदन अस्पताल अब आंखों की बीमारियों के क्षेत्र में नया अध्याय लिखने जा रहा है।

राजधानी के एयरपोर्ट रोड गांधीनगर के पास स्थित एक नया नेत्र चिकित्सालय भवन बनकर तैयार हो गया है। अब यह भोपाल और मध्यभारत अंचल का बड़ा नेत्र चिकित्सालय होगा। लगभग 6 एकड़ भूखंड पर 1.30 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल में बने तीन मंजिला भवन में आंखों से जुड़ी सभी गंभीर बीमारियों का इलाज मिल सकेगा। सेवा सदन अस्पताल में नेत्र रोगियों को विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही यहां विभिन्न नेत्र संबंधी बीमारियों पर रिसर्च भी होगी। यह एनएबीएच से एक्रिडिटेड़ नेत्र अस्पताल है। जीव सेवा संस्थान के सहयोग से देश-विदेशों के दान दाताओं के सहयोग से इस अस्पताल का निर्माण करवाया गया है।

### 1000 से 1500 नेत्र रोगियों के उपचार की व्यवस्था

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में अभी ओपीडी में रोजाना करीब 450 मरीज आते हैं। नई बिलिंडग में प्रतिदिन 1000 से 1500 नेत्र रोगियों के उपचार की व्यवस्था होगी। अस्पताल में 11 मॉड्यूलर ओटी होंगे, जहां हर साल 50 हजार से ज्यादा ऑपरेशन किए जा सकेंगे। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने बताया कि 175 बिस्तरों वाले अस्पताल को परहमंस संत हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस 21 सितंबर 2025 को शुरू करने की कार्ययोजना को मूर्तरूप देने की कोशिष की जा रही है। अस्पताल में नकली आंख लगवाने वाले मरीजों के लिए नेत्र प्लास्टी ( ऑक्युलोप्लास्टी ) की सुविधा भी सुलभ रहेगी। सेवा सदन के नवीन भवन में 24 घंटे आपातकालीन सुविधा, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सोलर पैनल्स, विषाल पार्किंग, फायर फाइटिंग सिस्टम, आई.टी कक्ष, थर्ड पार्टी चिकित्सा बीमा प्रतिपूर्ति की सुविधाएं दी जाएंगी।

# बाइक गिरने के विवाद पर टेलर पर चाकू से जानलेवा हमला, पत्थर से सिर फोड़ा

**अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में हुई वारदात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में बुधवार शाम तीन अज्ञात लड़कों ने एक युवक पर चाकू व पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। किसी और से झूमाझटकी के दौरान आरोपी लड़कों ने फरियादी की बाइक गिरा दी थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और तीनों लड़कों ने मारपीट करते हुए फरियादी के सिर पर पत्थर दे मारा। दूसरे आरोपी ने उसकी आंख के पास गाल पर चाकू से हमला किया और फरार हो गए। प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन निवासी साजिद अंसारी (23) अयोध्या नगर क्षेत्र में सिलाई का काम करता है। बुधवार शाम करीब छह बजे वह सुभाष कॉलोनी में अपने दोस्त की एमपी ऑनलाइन की दुकान पर गया था। उसने अपनी बाइक दोस्त की दुकान के सामने खड़ी की थी। इस बीच वहीं पर एक लोडिंग ऑटो चालक और मैजिक वाहन चालकों के बीच विवाद होने लगा। झूमाझटकी होने पर साजिद अंसारी की बाइक गिर गई। साजिद ने आपत्ति व्यक्त की तो तीनों युवक उसके साथ गाली-गलौज करने लगे।

साजिद ने कहा कि तुम लोगों ने मेरी गाड़ी गिराई और मुझे ही गाली दे रहे हो। विवाद बढ़ने पर तीनों ने साजिद से मारपीट शुरू कर दी। एक लड़के से उसके सिर पर बड़ा सा पत्थर मारकर लहूलुहान कर दिया। दूसरे युवक ने उस पर चाकू से हमला किया और गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि वहां लगे कैमरों के फुटेज से आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है।

# भावी प्रशासनिक अधिकारी हो सकें 'रंगमंच कला' से परिचित, इसलिए भरतमुनि रचित नाटक का किया मंचन

## प्रशासनिक अकादमी में नाटक 'नाट्योत्पत्ति कथा' का मंचन, फीमेल आर्टिस्ट ने निभाए पुरुष किरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में गुरुवार को संगीता गुंदेचा के निर्देशन में नाटक 'नाट्योत्पत्ति कथा' का मंचन हुआ। जिसे देखने प्रमुख रूप से भावी प्रशासक, जिनमें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और नायाब तहसीलदार शामिल हैं, देखने आए। निर्देशिका संगीता गुंदेचा ने कहा कि भरतमुनि रचित 'नाट्योत्पत्ति कथा' के मंचन का प्रमुख उद्देश्य भावी प्रशासनिक अधिकारियों को रंगमंच कला से परिचित कराना है। इसलिए इस नाटक का मंचन उनके लिए किया गया है। क्योंकि प्रशासनिक दायित्वों में कहीं न कहीं कला और संस्कृति का प्रमुख हिस्सा है, यही इस नाटक के मंचन का उद्देश्य है।







### नाटक की कहानी

नाटक की सबसे अहम चीज इसमें पुरुष पात्रों के लिए अभिनय फीमेल आर्टिस्ट ने ही किया। यह नाटक नाट्यशास्त्र की उत्पत्ति के बारे में है, जो भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में वर्णित है। नाटक के मंचन में भरतमुनि का आश्रम, भरत से आत्रेय आदि मुनियों के पांच प्रश्न, इन्द्रादि देव, अप्सराएं, ब्रह्मा आदि के बारे में विस्तार से अभिनय किया गया है। इस नाटक में आंगिक और वाचिक एकसाथ न होकर उनका क्रमिक प्रयोग किया गया है। संगीता ने बताया कि हमारा प्रयास है कि अभिनेत्रियां अपने अभिनय से ही रंगब्रह्माण्ड की सृष्टि करें। इसके लिए रंगमंच पर चीजों का न्यूनतम उपयोग किया गया है। प्रस्तुति में यह दिखाने का प्रयास किया कि क्यों इन्द्रादि देवों ने अपने को नाट्यप्रयोग के लिए असमर्थ बताया और क्यों त्रेता युग में नाट्यशास्त्र की आवश्यकता अनुभव हुई? इस तरह नाट्यशास्त्र के लिखे जाने का आधार भी इस नाटक में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।



## भारत भवन में मप्र रंगोत्सव समारोह के तहत हुआ नाटक 'मर्दानी लक्ष्मीबाई' का मंचन

# अंतरंग सभागार के मंच पर गूंजी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की गर्जना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की धरती हमेशा से कला, संस्कृति और लोक परंपराओं की धरोहर रही है। इन्हीं परंपराओं को जीवंत करने के लिए भारत भवन में चल रहे मध्यप्रदेश रंगोत्सव नाट्य समारोह में गुरुवार की शाम एक यादगार प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर 'मर्दानी लक्ष्मीबाई' नाटक का मंचन किया गया, जिसने सभागार में बैठे दर्शकों को गर्व और भावनाओं से भर दिया। नाटक का निर्देशन गीतांजलि गीत द्वारा किया गया।





### नारी शक्ति का जीवंत चित्रण

नाटक में दिखाया गया कि किस तरह झांसी की रानी ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। प्रस्तुत नाटक केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व का पुनरावर्तन नहीं था, बल्कि महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी था। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से स्पष्ट कर दिया कि रानी लक्ष्मीबाई केवल एक योद्धा नहीं थीं, बल्कि साहस, आत्मसम्मान और देशभक्ति की मिसाल भी थीं।

अन्याय के पक्ष से न्याय के पक्ष में 'शक्ति' को खड़ा करने, राम करते हैं शक्तिपूजा

# रविंद्र भवन में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की प्रस्तुति 'राम की शक्ति पूजा'

**भोपाल।** राम की शक्तिपूजा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की एक अद्भुत कविता है जो कि कृतवास रामायण के एक प्रसंग से प्रेरित होकर लिखी गई है। सूर्यास्त हो चुका है और रणभूमि पर एक विचित्र सा विराम है जहां न पूर्ण विजय है न पूर्ण पराजय। दिन भर के भयानक युद्ध के बाद रावण गौरवान्वित है। उसने राम के हर वार को निष्फल कर दिया है। दूसरी ओर राम और उनकी सेना के चेहरे पर थकान और मन में गहन विषाद है, हर योद्धा रावण की असीम शक्ति पर विस्मित है। ऐसे में भगवान राम विजय के लिए शक्ति पूजा करते हैं तो उसी को आधार बनाकर नाटक 'राम की शक्ति पूजा' का मंचन गुरुवार शाम रविंद्र भवन सभागार में किया गया। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लिखित मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की रंग प्रयोगशाला नाट्य प्रस्तुति के रूप में मंचित इस नाटक में संगीत एवं निर्देशन इश्तियाक खान का रहा।




### कथासार

इस प्रस्तुति में दिखाया कि केवल हनुमान ही हैं जो निराशा से अछूते, अडिग और अचल अब भी उत्साह से भरे हुए हैं। संध्या वंदना के पश्चात सुग्रीव, विभीषण, नल, नील, जामवंत और लक्ष्मण आदि मिलकर युद्ध की समीक्षा और आगामी रणनीति पर विचार करने बैठे हैं, राम मौन हैं किंतु भीतर ही भीतर उनका हृदय पीड़ा से भरा हुआ है। अचानक उन्हें स्मरण होता है कि पहली बार उन्होंने सीता को कैसे देखा था। कहां वह पावन मिलन, वह दिव्य सौंदर्य और कहां आज वही सीता लंकेश की अशोक वाटिका में व्यथित। यह देख हनुमान का हृदय आक्रोश से भर जाता है। क्रोध की अग्नि में हनुमान रणभूमि की ओर निकल पड़ते हैं। यह देख मां शक्ति भी उनसे भिड़ने निकल पड़ती हैं। किंतु देवाधिदेव महादेव बीच में आते हैं और देवी से कहते हैं- देवी यह कोई साधारण योद्धा नहीं बल्कि राम के परम भक्त हैं। इनके हृदय में असीम भक्ति और शक्ति है। फिर विद्या का आश्रय ले शक्ति हनुमान के क्रोध को शांत करती हैं। राम के दल के वरिष्ठ साथी विभीषण और जांबवंत राम को अनेक तरीकों से निराशा छोड़कर युद्ध में आगे बढ़ने के लिए मां शक्ति की आराधना कर उन्हें अन्याय के पक्ष से न्याय के पक्ष में खड़ा होने के लिए शक्तिपूजा हेतु तैयार करते हैं।

# प्रसिद्ध चित्रकार आलोक भावसार ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन देते हुए बनाया युवती का चित्र

रविंद्र भवन में जारी 'सृजन साधना' का तीसरा दिन



**भोपाल।** रविंद्र भवन में जारी 'सृजन साधना' के तीसरे दिन प्रसिद्ध चित्रकार आलोकभावसार ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया, जिसके अंतर्गत उन्होंने एक युवती का चित्र बनाया और दर्शक दीर्घा में बैठे कला प्रेमियों को चित्रकला की बारीकियों से भी अवगत कराया।

# पैरेंट्स ने कहा 11वीं फेल हो ज्यादा पढ़े लिखे तो हो नहीं, कैसे फिल्म लेखन का काम करोगे...

जाने-माने फिल्म लेखक विपुल के रावल ने हरिभूमि को बताए अपने अनुभव



हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं 11वीं में फेल हुआ, उसके बाद मैंने नेवी में जॉब की, और उसी जॉब के दौरान में आधी दुनिया घूमी जिससे मुझे काफी अनुभव हुआ और अलग-अलग प्रकार के लोगों के बारे में पता चला, यह एक्सपीरियंस मेरे लेखन में काम आया। क्योंकि फिल्म की कहानी लिखने का शौक बचपन से ही था, लेकिन जब पैरेंट्स से कहा कि मैं फिल्म राइटर बनना चाहता हूं तो उन्होंने कहा कि इतना पढ़े लिखे तो हो नहीं तो कैसे लिखोगे, लेकिन मेरा जवाब था कि मुझे कोई शेक्सपियर या बड़ा राइटर नहीं बनना, सिर्फ जड़ों से जुड़ी हुई कहानी ही लिखनी है और इस प्रकार मेरा फिल्म लेखन का कॅरियर शुरू हुआ।

यह कहना है जाने-माने फिल्म लेखक विपुल के रावल का, जो माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में जारी अभ्युदय कार्यक्रम में आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### अच्छा लेखक बनने के लिए अच्छा रीडर होना जरूरी

विपुल कहते हैं कि मेरी पहली किताब 'फिल्म की कहानी कैसे लिखें' में मैंने यही चीज बताई है कि एक अच्छे लेखक बनने के लिए एक अच्छा रीडर होना जरूरी है, जब तक आप पढ़ोगे नहीं, आप कैसे अच्छे से लिख पाओगे और यही मैंने भी किया। मैं पढ़ता रहा और इसी पढ़ने के शौक ने मुझे फिल्म का लेखक बना दिया।

### मेरे दोस्त का बेटा जो डाउन सिंड्रोम पीड़ित ग्रस्त था उस पर बनाई फिल्म 'अहान'

वहीं उन्होंने बताया कि मेरी ज्यादातर फिल्में रियलिटी बैकग्राउंड पर आधारित है, जैसे रुस्तम की कहानी असल में नौसेना अधिकारी कमांडर केएम नानावटी की एक सच्ची घटना पर आधारित है। जिस पर मुझे लगा कि फिल्म बनानी चाहिए और यह फिल्म दर्शकों को भी बेहद पसंद आई। ऐसे ही मेरी फिल्म अहान एक डाउन सिंड्रोम बच्चे की कहानी है, जिसमें भारत में पहली बार डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चे ने किरदार निभाया। वह बच्चा मेरे दोस्त का ही बच्चा था जो डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त था।

### मुंबई एयरपोर्ट स्मगलर का प्रमुख अड्डा है, इसी पर बना रहा हूं वेबसीरिज

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मैं मुंबई एयरपोर्ट के स्मगलर्स के ऊपर एक 'तस्कर' वेब सीरीज नीरज पांडे के साथ लिख रहा हूं, जो दिसंबर में नेटफ्लिक्स पर आएगी, क्योंकि मुंबई एयरपोर्ट स्मगलर का अड्डा है। जहां से करीब 40,000 करोड़ रुपए की स्मगलिंग होती है और इस वेबसीरिज में हमने दिखाया है कि किस तरह से कस्टम ऑफिसर स्मगलर्स को प्रीवेंट करते हैं और स्मगलर, स्मगलिंग करने में कितना दिमाग लगाते हैं।

एमसीयू सत्रारंभ कार्यक्रम 'अभ्युदय' का दूसरा दिन

# शब्द 'बम' का काम भी करते हैं और 'मरहम' का भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शब्द 'बम' का काम भी करते हैं और 'मरहम' का भी। अच्छा बोलना चाहते हैं तो अच्छा सुनना सीखिए। शब्द उदास भी करते हैं और शब्दों में वह ताकत भी होती है जो खुशी से भर दे। शब्द ब्रम्ह भी है, जिसकी हम प्राण प्रतिष्ठा करते हैं। अच्छी भाषा के साथ अच्छा बोलने का संस्कार ही उद्घोषक को सफल बनाते हैं। आवाज की दुनिया विषय पर उपरोक्त विचार कहे प्रख्यात रेडियो उद्घोषक कमल शर्मा ने। जो एमसीयू के सत्रारंभ कार्यक्रम 'अभ्युदय' के दूसरे दिन बोल रहे थे।



### शब्द की प्राण प्रतिष्ठा वाणी से ही होती है...

उन्होंने कहा कि शब्द की प्राण प्रतिष्ठा वाणी से ही होती है और वह प्रभावशाली हो जाता है। बोलते वक्त व्याकरण का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। उन्होंने ऑडियो मीडियम में आ रहे बदलावों सहित वाइस प्रोजेक्शन, रेडियो के लिए लेखन आदि विषयों पर विस्तार से बात की।

### एआई एक अच्छा साथी या सेवक हो सकता है...

वरिष्ठ पत्रकार और लेखक यशवंत व्यास ने कहा कि एआई एक अच्छा साथी या सेवक हो सकता है। इसका मुकाबला ईमानदारी जैसे गुणों से किया जा सकता है। एआई से घबराने की कोई जरूरत नहीं। प्रिंट मीडिया को एआई से बहुत फायदा होगा। एआई के इस दौर में हाइपर लोकल दुनिया बहुत महत्वपूर्ण है, इससे भविष्य में प्रिंट मीडिया में फील्ड रिपोर्टिंग के जॉब्स बढ़ेंगे।

# मप्र भवन, नई दिल्ली में 'सुरमयी सांस्कृतिक संध्या' में आज नृत्य प्रस्तुति देंगी डॉ. लता सिंह मुंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 'सुरमयी सांस्कृतिक संध्या' की तृतीय प्रस्तुति शुक्रवार 22 अगस्त को मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में होगी।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मधुर लोक-संगीत और भावपूर्ण स्वरों की झलक होगी, जो दर्शकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधता और विरासत से परिचित कराएगी। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. लता सिंह मुंशी एवं समूह, भोपाल द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। डॉ. लता सिंह मुंशी मध्यप्रदेश की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं। उन्होंने भारत सहित विश्व के कई देशों में अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दी हैं। डॉ. मुंशी ने भरतनाट्यम शैली में नवीन प्रयोग भी किए हैं, जिन्हें अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई। नृत्य कला में उनके योगदान, निरन्तर साधना और उत्कृष्टता के लिए उन्हें वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश शासन ने प्रदेश का सर्वोच्च शिखर सम्मान भी प्रदान किया था।

## रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि में कार्यशाला

# विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने सीखा मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल में गुरुवार को ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। भोपाल के प्रसिद्ध मिट्टी कला विशेषज्ञ श्री लक्ष्मण प्रजापति ने प्रशिक्षण दिया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाना सीखा।

कुलपति प्रो. आरपी दुबे, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड लिबरल आर्ट्स के अंतर्गत एक क्रिएटिव आर्ट सेंटर की स्थापना की जाएगी, जहां विद्यार्थियों को पेंटिंग, आर्ट और क्राफ्ट जैसी



रचनात्मक कलाओं को सीखने का अवसर मिलेगा। प्रो. वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। फैकल्टी की डीन डॉ. रुचि मिश्रा तिवारी ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हमारी धार्मिक आस्था को प्रकृति से जोड़ना है, क्योंकि रासायनिक रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी प्रतिमाओं के विसर्जन से नदियों और तालाबों का जल प्रदूषित होता है।



# हिंउस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चंद्रशेखर के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ


**भोपाल।** श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चंद्रशेखर तिवारी के चुनाव कार्यालय का गुरुवार को भवानी चौक, सोमवारा में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संत श्रीगुरुदेव रामजीवन जी दुबे (चामुंडा दरबार), महंत कन्हैया दास जी, गुफा मंदिर के कार्यकारी महंत विमलदास महाराज सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समिति के सदस्यों एवं युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यालय उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में तिवारी ने कहा कि यदि उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलती है, तो वे समिति को एक सशक्त, पारदर्शी एवं सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण संस्था के रूप में विकसित करेंगे।

## नामांकन के बाद रेड्डी का पहला बयान

# उपराष्ट्रपति चुनाव भारत के विचार की पुष्टि का विषय, व्यक्ति विशेष पर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी



और राहुल गांधी की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। दाखिले के बाद उन्होंने अहम टिप्पणी भी की। उन्होंने यह भी बताया कि अगर वे उपराष्ट्रपति निर्वाचित किए जाते हैं तो क्या करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद रेड्डी ने कहा कि यह चुनाव महज एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, बल्कि भारत के उस विचार की पुष्टि के बारे में है जहां संसद ईमानदारी से काम करती है। जहां असहमति का भी सम्मान किया जाता है और संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करती हैं। रेड्डी ने कहा कि आज मुझे विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का सम्मान मिला।

## विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी रेड्डी ने नामांकन किया दाखिल

**मुझे सम्मान दिया गया**



शीर्ष नेता रहे कार्यक्रम में मौजूद

### निष्पक्षता के साथ निभाऊंगा भूमिका

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पर संसदीय लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। यदि मैं निर्वाचित होता हूं तो मैं निष्पक्षता, गरिमा तथा शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका निभाने का वचन देता हूं।

### असहमति का सम्मान हो और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा

उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक व्यक्ति के बारे में नहीं है। यह हमारे संस्थापकों द्वारा परिकल्पित भारत के विचार की पुष्टि करने के बारे में है। एक ऐसा भारत जहां संसद ईमानदारी से काम करे, जहां असहमति का सम्मान किया जाए और जहां संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करें।

### विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति आभार जताया

इस दौरान विपक्षी उम्मीदवार रेड्डी ने विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति भी गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में विश्वास और हमारे लोगों में आशा के साथ मैं इस यात्रा पर निकल रहा हूं। हमारी लोकतांत्रिक भावना हम सभी का मार्गदर्शन करती रहे।

### 80 सांसदों ने नामांकन पत्र पर किए हस्ताक्षर

विपक्षी नेताओं के अनुसार विभिन्न दलों के 80 सांसदों ने उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में नामांकन पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद न्यायमूर्ति रेड्डी ने सभी से उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि वह विनम्रता, जिम्मेदारी और संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की गहरी भावना' के साथ राजनीतिक क्षेत्र में कदम रख रहे हैं।

### देश की विविधता एकता में निहित

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज और लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित एक नागरिक के रूप में सार्वजनिक जीवन ने उन्हें यह सिखाया है कि भारत की असली ताकत प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, संवैधानिक नैतिकता की रक्षा में निहित है। यह हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा परिकल्पित उस भारत की अवधारणा की अभिपुष्टि करने के बारे में है।

### यह रहा गणित
### सत्तापक्ष एनडीए भारी

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है। बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ एनडीए को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। वाईएसआरसीपी जैसी पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में बर्ड फ्लू 3200 मुर्गियों की मौत



**कुमाऊं।** उत्तराखंड के कुमाऊं में बर्ड फ्लू ने कहर बरपाया है। ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा और किच्छा क्षेत्र के पोल्ट्री फार्मों में अब तक करीब 3200 मुर्गियों की मौत हो चुकी है। किच्छा में 2222 मुर्गियों में फ्लू है। खटीमा में भी सैकड़ों मुर्गियों की मौत ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर ला दिया है। पशुपालन और वन विभाग हाई अलर्ट पर हैं।

### पंजाबी सिंगर औलख को जान से मारने की धमकी



**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें फोन कॉल में ये धमकी दी गई है, जो एक विदेशी नंबर से कॉल और वॉट्सएप मैसेज के जरिए दी गई है। औलख ने तुरंत इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। औलख फतेहाबाद के रहने वाले हैं।

### पालघर में गैस लीक चार लोगों की मौत



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के तारापुर-बोईसर औद्योगिक क्षेत्र में दवा कंपनी में गैस रिसाव से 4 लोगों की मौत हो गई। यह घटना मुंबई से लगभग 130 किमी दूर बोईसर औद्योगिक क्षेत्र में मेडली फार्मा में दोपहर में हुई। पालघर जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे के बीच नाइट्रोजन गैस का रिसाव हुआ।

### लव मैरिज के लिए 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा



**ब्यावर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के रास थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुआ एक वाकया फिल्मी सीन से कम नहीं रहा। यहां मस्तान पुत्र भंवर सिंह नामक युवक अपने ही परिवार की लड़की से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन परिजनों ने इस रिश्ते को सिरे से ठुकरा दिया। वह हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया।

### अभिनेत्री के आरोप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा



**पलक्कड़।** केरल में मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री रिनी एन जॉर्ज ने कांग्रेस पार्टी के एक नेता पर उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के एक दिन बाद कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दे दिया। हालांकि वह केरल विधानसभा में पलक्कड़ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

---

## पैसे वाले खेलों पर प्रतिबंध लगाने वाला ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पास

# बैंक और वित्तीय संस्थानों को भी होगी 3 साल तक जेल या 1 करोड़ रुपए का लगेगा जुर्माना

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया। राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिना बहस के इसे मंजूरी दे दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है। विपक्षी सदस्यों की ओर से प्रस्तुत संशोधनों को अस्वीकार करने के बाद उच्च सदन ने इसे मंजूरी दे दी।

यह विधेयक बुधवार को लोकसभा और गुरुवार को राज्यसभा से पारित हो गया। इसमें ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर भी रोक लगाने और बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या हस्तांतरण करने से रोकने का प्रावधान है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे।

### राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिना बहस के इसे मंजूरी दी

**राष्ट्रपति के हस्ताक्षर को भेजा**



इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री वैष्णव ने किया था पेश

### लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा

इन गेम्स के कारण बच्चों और युवाओं को इसकी लत लग जाती है। उन्हें वित्तीय नुकसान भी होता और इस कारण आत्महत्याएं भी होती हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग हर साल ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में करीब 20,000 करोड़ गंवाते हैं। सरकार ने महसूस किया है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए एक बड़ी समस्या है।

### विज्ञापनदाताओं को 2 साल तक की जेल और या 50 लाख तक का जुर्माना

कानून का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 1 करोड़ तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऐसी सेवाओं का विज्ञापन करने वालों को दो साल तक की जेल और/या 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे। बार-बार अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें 3-5 साल की जेल और अधिक जुर्माना शामिल है। हालांकि, यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वालों को अपराधी नहीं मानता, बल्कि उन्हें पीड़ित मानता है।

### ड्रीम 11, फैंटेसी गेम्स पर भी लागू होगा: वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण समाज में एक कुरीति फैल रही है। हमारे आने वाली पीढ़ियों पर इसका असर पड़ रहा है। नशे की तरह ये इस तरह से देश में एक समस्या बन चुका है। यह सभी प्रकार के गेम पर समान रूप से लागू होगा।

### एयर इंडिया व एयर इंडिया एक्सप्रेस को 9568 करोड़ रुपए का घाटा

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कर से पहले कुल मिलाकर 9,568.4 करोड़ का घाटा हुआ। पिछले वित्त वर्ष में, अकासा एअर और स्पाइसजेट ने कर से पहले 1,983.4 करोड़ और 58.1 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया, जबकि इंडिगो को कर से पहले 7,587.5 करोड़ रुपए का लाभ हुआ। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में ये आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि अभी ये आंकड़े अस्थायी हैं।

### नाराज सांसद ने उठाई मांग
### सांसदों से वसूला जाए संसद सत्र का खर्च

संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहा। लोकसभा में चर्चा के लिए 120 घंटे का समय तय था, लेकिन चर्चा हुई महज 37 घंटे ही। अंतिम दिन केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के निर्दलीय सांसद उमेश पटेल ने सदन में गतिरोध के लिए सांसदों के वेतन में कटौती की मांग करते हुए संसद भवन परिसर में प्रोटेस्ट किया। उन्होंने सांसदों को दोषी ठहराया।

### स्पीकर बिरला ने सदस्यों को लगाई फटकार

## अहम मुद्दों पर चर्चा बाधित की जा रही, देश की जनता सब देख रही



संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजनीतिक दलों से अपने बर्ताव पर नियंत्रण रखने का आह्वान किया। बिरला ने कहा कि संसद के अंदर और बाहर सांसदों की भाषा गरिमामय होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सांसदों को लताड़ लगाते हुए कहा कि सदन में विपक्ष का आचरण लोकतंत्र के मूल्यों के अनुरूप नहीं रहा। ये संसद की गरिमा के अनुसार नहीं है। देश की जनता देख रही है कि किस तरह से अहम मुद्दों पर चर्चा को बाधित किया जा रहा है।

### 37 घंटे हो सकी चर्चा 12 विधेयक पारित

उन्होंने बताया कि इस सत्र में 419 सवाल किए गए, जिसमें से सिर्फ 55 के मौखिक उत्तर दिए जा सके। चर्चा का समय 120 घंटे निर्धारित किया गया था, लेकिन 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए।

### यह सभी के लिए आत्मचिंतन का समय

गुरुवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही तुरंत ही स्थगित कर दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई, जिसमें बिरला ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान बार-बार कार्यवाही बाधित करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए आत्मचिंतन का समय है।

### यहां भाषाएं सदन के अनुरूप नहीं रहीं

उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और संसद परिसर में की जा रही नारेबाजी और सुनियोजित व्यवधान हमारी परंपरा नहीं है। विशेषकर इस सत्र में जिस भाषा का प्रयोग किया गया है, वह सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। हमें स्वस्थ परंपराओं का पालन करना चाहिए। सदन के अंदर गरिमापूर्ण चर्चा के प्रयास होने चाहिए। मैं लगातार सुनियोजित विरोध और नारेबाजी देख रहा हूं। संसद के अंदर और बाहर हमारी भाषा अनुशासित और गरिमामय होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन हमारा सामूहिक प्रयास यह होना चाहिए कि हम संसद की गरिमा, शांति और मर्यादा बनाए रखें।

### प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में रहे मौजूद

लोकसभा के इस सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आदि मंत्रीगण सदन में उपस्थित थे।

### बिहार एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पूरा गतिरोध रहा

संसद में इस बार बिहार एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पूरा गतिरोध रहा। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए बिहार के लोगों के वोट काटे गए हैं। विपक्ष इन्हीं मुद्दों को लेकर सदन में चर्चा के लिए आखिरी दिन तक अड़ा रहा। संसद में नारेबाजी, बिल फाड़कर फेंकने और तख्तियां लहराने जैसे कई घटनाक्रम देखने को मिले।

---

### अहमदाबाद के स्कूल में छात्र की हत्या
## 500 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अहमदाबाद के सेवेंथ डे स्कूल में एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद शहर में बवाल मच गया। कई लोगों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया तो पुलिस ने 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज किया है। स्कूल के ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार भीड़ ने स्कूल के दफ्तर, क्लासरूम और बस पर हमला किया, जिसमें भारी नुकसान हुआ। स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। कहा गया कि यह तोड़फोड़ पुलिस की मौजूदगी में होती रही। पूरे इलाके में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। सेवेंथ डे स्कूल के आसपास और 500 मीटर की दूरी तक पुलिस तैनात है। हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य शख्स को भी हिरासत में लिया है।

### नवादा में पुलिसकर्मी को लगी थी टक्कर
## राहुल गांधी की गाड़ी के ड्राइवर के खिलाफ मामला कायम

एजेंसी ▶▶ नवादा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी गांधी बिहार के कई जिलों में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। बीते दिनों वे नवादा जिले में यात्रा के दौरान राहुल के वाहन से टक्कर लग जाने के कारण एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। भाजपा ने इस घटना को लेकर राहुल पर निशाना भी साधा था। अब पुलिस ने इस घटना को लेकर राहुल के वाहन के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने राहुल के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज होने की जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। धीमान ने पहले कहा था कि कांस्टेबल काफिले में एक वाहन के सामने गिर गया जिससे वाहन उनके पैरों से थोड़ा सा टकरा गया और उन्हें चोटें आईं।

### देश की शीर्ष अदालत ने की शादी पर बड़ी टिप्पणी

शादी का मतलब ही दो आत्माओं का साथ आना

## रिश्ते में पति व पत्नी पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं, एक-दूसरे पर निर्भर रहना ही होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि विवाह के रिश्ते में पति या पत्नी यह नहीं कह सकते कि वे पूरी तरह स्वतंत्र होकर जीना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि शादी का मतलब ही दो आत्माओं और दो व्यक्तियों का साथ आना है। अगर कोई व्यक्ति स्वतंत्र रहना चाहता है तो उसे विवाह नहीं करना चाहिए। बेंच ने कहा कि विवाह में पति-पत्नी का एक-दूसरे पर भावनात्मक और सामाजिक रूप से निर्भर रहना स्वाभाविक है।

### शादी क्यों की? कोर्ट ने बच्चों पर चिंता जताई



न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि छोटे बच्चों को टूटे हुए परिवार का बोझ क्यों झेलना पड़े। अदालत ने दोनों पक्षों से आपसी मतभेद दूर करने और बातचीत से हल निकालने की अपील की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि आप यह नहीं कह सकतीं कि आप किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहतीं। अगर ऐसा है तो शादी क्यों की? अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को तय की।

**पति सिंगापुर तो पत्नी हैदराबाद में रह रहे**

पत्नी ने आरोप लगाया कि सिंगापुर में पति के व्यवहार के कारण उसके लिए वापस वहां लौटना मुश्किल है। वह बिना किसी आर्थिक मदद के बच्चों की परवरिश कर रही है। पति की ओर से कहा गया कि दोनों के पास सिंगापुर में अच्छी नौकरियां थीं।

---

### आवारा कुत्तों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला

उच्चतम न्यायालय ने दिए थे निर्देश

## तत्काल सुनवाई करने से अदालत ने किया इनकार

### आरोप-एमसीडी ने जल्दबाजी में शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर दायर एक नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई करने



से इनकार कर दिया। यह याचिका आवारा कुत्तों को एमसीडी द्वारा उठाए जाने के खिलाफ दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने इस मामले में कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की। वकील ने दलील दी कि एमसीडी ने बिना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार किए आवारा कुत्तों को उठाने और शेल्टर होम में रखने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### एमसीडी के नोटिफिकेशन को बताया न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन

नई याचिका पर दोबारा की सुनवाई



कोर्ट में दायर नई अर्जी में यह तर्क दिया गया कि सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच को अभी यह तय करना है कि दो जजों की बेंच की ओर से दिए गए आदेश यानी आवारा कुत्तों को उठाकर शेल्टर होम में रखने के निर्देश को बरकरार रखा जाए या नहीं। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि एमसीडी का नोटिफिकेशन न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।

**कोर्ट ने 11 अगस्त को दिया था आदेश**

इससे पहले 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की बेंच ने आदेश दिया कि दिल्ली-एनसीआर में सभी आवारा कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए और उन्हें सड़कों पर वापस न छोड़ा जाए।

### अदालत ने बुनियादी ढांचे के निर्माण का दिया था आदेश

पीठ ने अधिकारियों को कुत्तों के लिए तुरंत आश्रय स्थल बनाने और 8 सप्ताह के भीतर इस तरह के बुनियादी ढांचे के निर्माण के बारे में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जाएगा और उन्हें सड़कों, कॉलोनियों या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छोड़ा जाएगा। शीर्ष अदालत ने 11 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से खासकर बच्चों में होने वाले रेबीज के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए 28 जुलाई को शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान कई निर्देश जारी किए थे।

### एससी-एसटी व चाय श्रमिकों को छूट
## असम में वयस्कों का आधार कार्ड बनाने पर लगी रोक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर कई बार चिंता जता चुके हैं। अब उनकी कैबिनेट ने फैसला किया है कि राज्य में वयस्कों को आधार कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। इस फैसले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान समुदायों के सदस्यों को राहत दी गई है, उन्हें एक और साल का समय दिया जाएगा। इस फैसले का ऐलान खुद सरमा ने किया। उन्होंने बताया कि यह फैसला राज्य में आधार कार्ड के सैचुरेशन को देखते हुए और अवैध प्रवासियों द्वारा इस दस्तावेज तक पहुंचने से रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में लिया गया है। हिमंता ने बताया कि असम में आधार सैचुरेशन 103 फीसदी है, लेकिन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय बागान समुदायों में यह 96 फीसदी है।

गगनयान मिशन इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी

### मिशन की कुल लागत 20,193 करोड़ रुपए

# भारत तैयार: दिसंबर में इसरो लॉन्च करेगा पहला गगनयान परीक्षण

पहली दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएगी

तीसरी फ्लाइट में एक रोबोट भेजा जाएगा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसरो दिसंबर तक पहला गगनयान परीक्षण मिशन लॉन्च करेगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो प्रमुख वी. नारायण और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मीडिया से यह बात की। शुभांशु ने गगनयान मिशन पर कहा कि जल्द ही भारत अपने रॉकेट और कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि 20 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद शरीर गुरुत्वाकर्षण भूल जाता है और जमीन पर वापसी पर उसे दोबारा ढलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक्सिओम मिशन इसके तहत वे दो हफ्तों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में रहे। इस दौरान वे मिशन पायलट और कमांडर के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

## निसार उपग्रह सही ढंग से काम कर रहा

*इसरो प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट ने नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। यह उपग्रह पूरी तरह से सही ढंग से काम कर रहा है। नारायणन ने कहा कि अगले दो से तीन महीनों में भारत 6,500 किलो का अमेरिकी कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी अपने लॉन्च व्हीकल से प्रक्षेपित करेगा।*

### आईएसएस का अनुभव यादगार

शुक्ला ने इस मिशन को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने बताया कि आईएसएस पर रहते हुए कई प्रयोग किए गए और पृथ्वी व अंतरिक्ष से जुड़ी तस्वीरें भी ली गईं। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबी ट्रेनिंग ली गई थी और यह अनुभव उनके जीवन का सबसे अलग और यादगार रहा।

### भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन

*शुभांशु शुक्ला ने भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की कुल लागत लगभग 20,193 करोड़ रुपए है। शुक्ला ने कहा कि गगनयान की तैयारी के लिए पहले दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएंगी, इसके बाद एक फ्लाइट में रोबोट भेजा जाएगा। जब यह सब सफल हो जाएगा।*

### पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को मिली नई गति

*कार्यक्रम में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई गति मिली है। उन्होंने याद दिलाया कि दक्षिण एशियाई सैटेलाइट को भारत ने बनाकर सदस्य देशों को समर्पित किया। इसके अलावा भारत ने जी20 देशों के लिए भी एक सैटेलाइट तैयार किया। नारायणन ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ एक स्पेस स्टार्टअप था, लेकिन आज 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। निजी कंपनियों ने अब तक दो सब-ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। यह दिखाता है कि भारत की स्पेस इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसका और विस्तार होगा।*

### राजनाथ सिंह की शुभांशु से मुलाकात

#### कहा- उनकी उपलब्धियों पर देश को गर्व



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की। शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष सफर, कक्षा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयोगों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने उनके प्रेरणादायक अंतरिक्ष सफर, अंतरिक्ष में किए गए अहम प्रयोगों, विज्ञान और तकनीक में हो रही प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के भविष्य पर चर्चा की।

### रूस दौरे के अंतिम दिन जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना, कहा

# हम नहीं, चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, 50% टैरिफ 'गलत'

एलएनजी के रूस से बड़े खरीदार यूरोपीय देश

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी रूस यात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को मीडिया से चर्चा में एक बार फिर कहा कि हम (भारत) रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, वह चीन है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। हम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाना गलत है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश हैं, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है।

वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा कि मैंने रूस की सेना में सेवा कर रहे भारतीयों का मुद्दा भी उठाया। कई लोगों को रिहा किया गया है, लेकिन अब भी कुछ मामलों में लोग लापता हैं या प्रक्रिया लंबित है। हमें उम्मीद है कि रूसी पक्ष जल्द इन मामलों का समाधान करेगा।

> *जयशंकर ने कहा कि भारत एक ऐसा देश हैं, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है*

रूस ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत के संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन किया

भारत कृषि, दवा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों से रूस को निर्यात बढ़ाएगा



### भारत संग विशेष रणनीतिक साझेदारी

रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा रूस भारत के साथ अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है।

### व्यापार असंतुलन को ठीक करना जरूरी

जयशंकर ने कहा कि भारत-रूस ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और टिकाऊ तरीके से बढ़ाने की अपनी साझा इच्छा दोहराई है। इसके लिए भारत को रूस को होने वाले निर्यात को बढ़ाना जरूरी है। इसके लिए गैरजरूरी शुल्क बाधाओं और नियमों से जुड़ी अड़चनों को जल्दी दूर करना होगा। भारत के कृषि, दवा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर इस व्यापार असंतुलन को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा रक्षा और सैन्य तकनीकी सहयोग भी मजबूत बना हुआ है। रूस भारत के 'मेक इन इंडिया' लक्ष्य का समर्थन करता है, जिसमें संयुक्त निर्माण और तकनीक हस्तांतरण शामिल है।

### दुनिया में सबसे स्थिर रहे भारत-रूस संबंध

जयशंकर ने कहा कि बुधवार को उनकी रूसी डिप्टी पीएम डेनिस मांतुरोव के साथ अंतर-सरकारी आयोग की बहुत कामयाब बैठक रही। हमने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा की और कई समाधान भी निकाले। जयशंकर ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से भारत और रूस के संबंध दुनिया के सबसे स्थिर और मजबूत संबंध रहे हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापार और निवेश के जरिए सहयोग बनाए रखना भी बहुत जरूरी है।

### द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा सार्थक रही

जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक की। इस दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत रूस से राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और लोगों के आपसी संबंधों पर विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता है। हमारे नेताओं ने पिछले साल जुलाई में 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में और फिर कजान में मुलाकात की थी। अब हम साल के अंत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। हमारे नेताओं ने हमेशा हमें विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने कहा कि इस बैठक के दौरान राजनीतिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा सार्थक रही।

### चीन ने किया भारत पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ का कड़ा विरोध

# मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हुई जयशंकर की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बीच भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। जो उनकी बीते 19 अगस्त से जारी रूस की तीन दिवसीय यात्रा का बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव के समान है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच चीन मजबूती से भारत के साथ खड़ा हो गया है और उसने अमेरिका के नई दिल्ली के खिलाफ उठाए गए टैरिफ से जुड़े कदम का पूरी तरह से विरोध किया है।

जयशंकर के साथ बुधवार को रूस के प्रथम डिप्टी पीएम डेनिस मंतुरोव ने भी दोनों देशों की साझेदारी को लेकर बयान दिया। मंतुरोव ने कहा कि भारत को रूसी तेल और ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति लगातार जारी है। भविष्य में रूस से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के निर्यात की भी संभावना है। मॉस्को में आयोजित भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करते हुए मंतुरोव ने कहा, हम भारत को तेल की आपूर्ति जारी रखे हुए हैं। हम अब भारत को एलएनजी निर्यात की संभावनाएं भी देख रहे हैं। मंतुरोव ने कहा कि रूस और भारत के बीच व्यापारिक लेनदेन का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अब राष्ट्रीय मुद्राओं में हो रहा है।नों देश बैंकिंग क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेंगे और बीमा क्षेत्र में भी परस्पर तालमेल बढ़ाया जाएगा। उन्होंने भारत-रूस के बीच परमाणु ऊर्जा सहयोग को भी विस्तार देने पर जोर दिया।

### पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच संवाद जारी

उक्त टैरिफ संकट के मध्य भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलीफोन पर लगातार बातचीत जारी है। बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति ने पीएम को अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत से जुड़े प्रत्येक घटनाक्रम से अवगत कराया था। दोनों देश अपनी पुरानी और भरोसेमंद साझेदारी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई अपनी चर्चा को लेकर एक्स पर पोस्ट में कहा था कि पुतिन मेरे मित्र हैं। हम दोनों ने आगे भी निकट संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई है।

### चीन बोला- चुप्पी धमकाने वालों को देती है बड़ी ताकत, हम भारत के संग

**नई दिल्ली।** चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ (शुल्क) का विरोध किया और भारत-चीन सहयोग को और मजबूत करने की बात कही। शू ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगाया है और इससे ज्यादा की भी धमकी दी है। चीन इसका कड़ा विरोध करता है। चुप्पी केवल धौंस जमाने वाले को और ताकत देती है। चीन मजबूत से भारत के साथ खड़ा रहेगा। चीन एकतरफा व्यापारिक दबावों के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। शू ने कहा कि भारत और चीन का एक साथ आना न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक विकास के लिए भी जरूरी है। इतने बड़े दो देशों के लिए एकता और सहयोग ही साझा विकास का रास्ता है। भारत और चीन की दोस्ती पूरे एशिया के लिए लाभकारी है। हम दोनों एशिया के आर्थिक विकास के दो इंजन हैं। भारत-चीन की एकता पूरी दुनिया के लिए लाभकारी है। दुनिया में बराबरी और संतुलन वाली बहुध्रुवीय व्यवस्था को बढ़ावा दें। हम प्रतिद्वंद्वी नहीं, साझेदार हैं। हम भारत के साथ मिलकर रणनीतिक विकास को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम भारतीय वस्तुओं का चीनी बाजार में स्वागत करते हैं।



## खबर संक्षेप

### इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की 9 मई, 2023 के दंगों से संबंधित 8 मामलों में दाखिल जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इमरान खान की तरफ से सलमान सफदर जबकि पंजाब के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद शफी सिद्दीकी और मियांगुल हसन औरंगजेब भी शामिल थे।



### 29 अगस्त को जापान जाएंगे पीएम मोदी

**क्योटो।** पीएम नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित तीन दिवसीय जापान यात्रा 29 अगस्त को शुरू होगी। मई 2023के बाद यह उनकी पहली जापान यात्रा होगी। तब वह हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। वहीं, जापान दस वर्षों के लिए भारत में 10 ट्रिलियन येन (करीब 68 अरब डॉलर) के निजी निवेश का लक्ष्य तय करने पर विचार कर रहा है। उनकी जापान यात्रा के दौरान इसका ऐलान किया जा सकता है। यह नया लक्ष्य 2022 में घोषित पांच वर्षों में पांच ट्रिलियन येन के निवेश लक्ष्य का विस्तार होगा।



### निक्की हेली ने ट्रंप को चेताया

# 50% टैरिफ विवाद से भारत-यूएस के वर्षों पुराने मजबूत संबंध होंगे प्रभावित

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ का उन्हीं की पार्टी की नेता और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने विरोध किया है। निक्की हेली ने ट्रंप टैरिफ की खामियां गिनाते हुए तर्क दिया है कि टैरिफ नीति से भारत-अमेरिका के वर्षों से चले आ रहे मजबूत संबंध प्रभावित होंगे। इसका प्रतिकूल असर यूएस पर पड़ सकता है। अमेरिका को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। निक्की ने तर्क दिया है कि भारत को एक विरोधी की तरह नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए।



## चीन को छूट, भारत पर सख्ती क्यों?

निक्की हेली ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाना और उसे कमजोर करने की कोशिश बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा कि भारत का विकास सभी के लिए एक मौके की तरह है। यह चीन की तरह खतरनाक नहीं है। चीन रूस से तेल खरीदने के बावजूद अमेरिका के कड़े प्रतिबंध से बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत को साझेदार के बजाय दुश्मन की तरह देखना 'एक बड़ी और रोकी जा सकने वाली गलती होगी।'

### ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी गलती

भारतीय-अमेरिकी पत्रकार, राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने भी ट्रंप प्रशासन के फैसले पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत पर जबरदस्ती टैरिफ थोपना और पाकिस्तान के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती है। इस फैसले से भारत, अमेरिका को लेकर सतर्क हो जाएगा। वहीं,वो रूस और चीन से अपने रिश्तों को और बेहतर बनाएगा।

### दो दशकों की मेहनत पर पानी फेर रहे ट्रंप

अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी टैरिफ को लेकर ट्रंप प्रशासन के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने ट्रंप के इस फैसले को राजनीतिक मूर्खतापूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बेहतर संबंध बनने में दो दशक लगे हैं।

### गाजा पर कब्जे के लिए इजराइली हमले तेज

# 75 प्रतिशत हिस्से पर आईडीएफ का कब्जा, गाजा कॉरिडोर्स पर पूरा नियंत्रण

एजेंसी ▶▶ गाजा

इजराइल ने गाजा पर पूर्ण कब्जे की कोशिश शुरू कर दी है, जिसके चलते इजराइल के हमलों में तेजी आई है। इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि गाजा में उनके सैनिकों की जमीनी स्तर पर कार्रवाई शुरू होने के बाद से अब तक हमास के 2000 आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। इस दौरान 10 हजार आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और गाजा के कॉरिडोर्स पर नियंत्रण कर लिया गया है, जिससे हमास पर दबाव बना है। आईडीएफ ने बताया कि गाजा के 75 प्रतिशत हिस्से पर उनका कब्जा हो गया है। गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए इजराइल ने ऑपरेशन गिदोन चैरिएट शुरू किया है, जिसके लिए 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाया गया है।



### वेस्ट बैंक सेटलमेंट परियोजना को मंजूरी

इजराइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक बस्ती बसाने की विवादास्पद परियोजना को अंतिम मंजूरी दे दी है। परियोजना लागू होने के बाद वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंट सकता है। इस मामले में फिलस्तीनी और मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में स्वतंत्र फिलिस्तीनी की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।

**हमास ने संघर्षविराम की इच्छा जताई:** इजराइली हमलों में तेजी के बाद हमास ने संघर्षविराम समझौता करने की इच्छा जताई है। मिस्त्र ने इस मुद्दे पर इजराइली सरकार से बात की, लेकिन इजराइली पीएम फिलहाल इस समझौते में रुचि नहीं ले रहे हैं। इजराइली सरकार ने फिलहाल संघर्षविराम पर बातचीत के लिए अपनी टीम कतर और मिस्त्र नहीं भेजने का फैसला किया है।

### यूक्रेन पर रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला

# 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर, 1 की मौत, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है।



### राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले 10 दिन में करेंगे

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी। इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा। यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा ट्रंप प्रशासन की तरफ से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को सौंपा गया है।

### यूएस बोला- कीव की सुरक्षा यूरोप करे

अमेरिका धीरे-धीरे यूक्रेन की मदद से अपने हाथ पीछे खींच रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब यूरोप को लेनी चाहिए। भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यूक्रेन की मदद की पहली जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है, लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की भागीदारी को न्यूनतम करना चाहते हैं। वेंस ने कहा मुझे नहीं लगता कि अब हमें इस बोझ को और आगे जारी रखना चाहिए। अगर युद्ध को समाप्त कराने के लिए जरूरी हुआ तो हम मदद के लिए तैयार हैं। हम उम्मीद है और राष्ट्रपति भी यही चाहते हैं कि यूरोप अब नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। राष्ट्रपति ने साफ कहा है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन तब तक हम कोई वचन नहीं दे सकते, जब तक हम युद्ध को रुकवाने का रास्ता नहीं ढूंढ लेते।

### भारत-वियतनाम के बीच उच्चस्तीय बैठक

# 'समुद्री सुरक्षा' सहयोग और क्षमता निर्माण क्षेत्र में सहयोग पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वियतनाम के कोस्ट गार्ड्स के बीच छठी उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को हनोई में आयोजित हुई। दोनों देशों की कोस्ट गार्ड एजेंसियों के बीच यह बैठक 2015 में हुए समझौते के तहत हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय कोस्ट गार्ड के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद प्रकाश बडोला और वियतनाम कोस्ट गार्ड के वाइस कमांडेंट मेजर जनरल वू टुंग कियेन ने की। बैठक में समुद्री खोज एवं बचाव समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने हाल ही में हुई जहाज यात्राओं और पेशेवर आदान-प्रदान की समीक्षा की और भविष्य में संयुक्त गतिविधियों को जारी रखने का निर्णय लिया। खास तौर पर सीमा-पार समुद्री अपराधों जैसे तस्करी, मानव तस्करी और अवैध मछली पकड़ने से निपटने में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।



## खबर संक्षेप



### विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, हीथर की वापसी

**लंदन।** पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उने 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं।

### खेल दिवस पर देश में होंगे तीन दिन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें नागरिकों को 'एक घंटा खेल के मैदान पर' देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा,' जब भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को यह दिखाना जरुरी है कि देश में खेल अब जन आंदोलन का रुप ले रहा है।'

### सेमीफाइनल में श्रुति सारिका और काजल

WRESTLING
U20 WORLD CHAMPIONSHIPS
SAMOKOV
2025

**समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा।

### 23 अगस्त से राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख रुपए है। प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे शीर्ष खिलाड़ियों के खेलने के कारण हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है और मेरा मानना है कि यह प्रतियोगिता देश भर के कई और खिलाड़ियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।'



द हंड्रैड

# हेनरी ने चौंकाया, 16 बॉल फेंकी डॉट, 5 रन देकर चटकाए दो विकेट, बने दूसरे किफायती गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में खेले जा रहे द हंड्रैड में न्यूजीलैंड के धाकड़ गेंदबाज मैट हेनरी ने कमाल कर दिया है। हेनरी ने महज 20 गेंदों में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिससे उनका नाम द हंड्रैड के इतिहास में दर्ज हो गया है। हालांकि, हेनरी का ये कारनामा उनकी टीम को जीत नहीं दिला सका लेकिन फिर भी उनकी गेंदबाजी ने सभी को चौंका दिया। दरअसल, मैट हेनरी ने वेल्श फायर और साउदर्न ब्रेव के बीच कार्डिफ में खेले गए द हंड्रैड 2025 के 21वें मुकाबले में गेंद से कहर बरपाया। हेनरी ने





20 गेंदों में 16 गेंदें डॉट फेंकी। उन्होंने सिर्फ 5 रन खर्च किए और साउदर्न ब्रेव के 2 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस तरह वह द हंड्रेड के इतिहास में दूसरा सबसे किफायती स्पेल डालने वाले गेंदबाज बन गए। बता दें, द हंड्रेड में सबसे किफायती गेंदबाजी का रिकॉर्ड स्पेंसर जॉनसन के नाम है। जॉनसन ने साल 2023 में अपनी 20 गेंदों में सिर्फ 1 रन देकर तीन विकेट झटके थे। वेल्श फायर बनाम साउदर्न ब्रेव मैच में भले ही स्पेंसर जॉनसन का रिकॉर्ड नहीं टूट सका लेकिन द हंड्रैड में मैट हेनरी की गेंदबाजी का डंका बज गया।

### साउदर्न ब्रेव की रोमांचक जीता

*मैट हेनरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेल्श फायर की टीम साउदर्न ब्रेव को 129/8 रन के स्कोर पर रोकने में सफल रही लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी। 130 रनों के लक्ष्य के जवाब में वेल्श फायर की टीम 100 गेंदों में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। इस तरह साउदर्न ब्रेव ने 4 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।*

### आर्चर ने झटके सबसे ज्यादा विकेट

*साउदर्न ब्रेव के लिए गेंदबाजी में इंग्लिश गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा विकेट झटके। आर्चर ने 20 गेंदों में 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने 9 गेंदें डॉट फेंकी। आर्चर के अलावा जेम्स कोल्स और क्रेग ओवरटन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। गौरतलब है कि द हंड्रैड 2025 में साउदर्न ब्रेव 6 मैचों में 12 पॉइंट के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है जबकि वेल्श फायर 5 मैचों में अब तक सिर्फ एक ही जीत दर्ज कर सकी है। वेल्श फायर 4 पॉइंट के साथ आखिरी पायदान पर है।*

कड़े मुकाबले में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 से हराया

# अमेरिकी ओपन : इरानी और वावसोरी ने जीता मिक्सड डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर ( करीब 8.71 करोड़ रुपए ) की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पहले इस नए प्रारुप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।



### 24 अगस्त से शुरू होंगे सिंगल मुकाबले

*वावसोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।*

### हमारे लिए खेलना जरूरी था

*वावस्सोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे लिए खेलना जरूरी था। जैसे, मुझे कहना होगा कि यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह वाकई एक संदेश था कि युगल मुकाबले कुछ बेहतर बन सकते हैं। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। लोग इसका आनंद ले रहे थे। अगर कुछ काम नहीं करता है, जैसे, हमने आज दिखाया कि वह काम कर रहा है। लोग तो पागल हो रहे थे। यह एक ऐसा माहौल था, जिसका आनंद युगल खिलाड़ियों को कम ही मिलता था और अमेरिकी ओपन के आयोजकों ने भी यही चाहा था जब उन्होंने अपने टूर्नामेंट में आमूलचूल परिवर्तन किया और इसे एकल मुकाबले शुरू होने से पहले रविवार को आयोजित किया, इस उम्मीद में कि टेनिस के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी इसमें खेलेंगे।*

### अमेरिकी ओपन में नहीं चल पाए बड़े नाम

इस आयोजन में पूर्व अमेरिकी ओपन एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज, एम्मा राडुकानू, नोवाक जोकोविच, नाओमी ओसाका और डेनियल मेदवेदेव जैसे दिग्गज शामिल थे, जो पहले दिन ही हार गए थे। उनके बिना भी,आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए तीनों मैचों के लिए लगभग सभी सीटें भरी हुई थीं, हालाँकि दोपहर में ज़्यादातर बारिश होने के कारण स्टेडियम की छत बंद थी।

### अमेरिकी टेनिस संघ ने उठाया साहसिक जोखिम

रूड ने स्वीकार किया कि अमेरिकी टेनिस संघ ने अपने बदलावों के साथ एक साहसिक जोखिम उठाया है,आलोचकों का कहना है कि इसने चैंपियनशिप को, पहले तीन राउंड में चार सेटों तक छोटा करके, एक शानदार प्रदर्शन में बदल दिया है, न कि पहले के दो हफ़्ते, 32-गेम वाले आयोजन में। लेकिन युगल में विशेषज्ञता रखने वाले खिलाड़ी भी इस बात से सहमत थे कि इस आयोजन को उनकी आदत से कहीं ज़्यादा ध्यान मिला।

सिंकफील्ड कप

# गुकेश को सेवियन ने ड्रा पर रोका, प्रज्ञाननंदा ने बांटे अंक



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

### प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना संयुक्त बढ़त पर

एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़सटॉफ़ के साथ अंक बांटे। इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने यहां अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल कर खाता खोला है।



रणजी ट्रॉफी

# रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी, कहा- नए कप्तान तैयार करने का सही समय

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र से पहले गुरुवार को मुंबई के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि यह नया नेतृत्वकर्ता तैयार करने का सही समय है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि एक बल्लेबाज के रूप में टीम में बना रहेगा। रहाणे ने अभी तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 201 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 14 हजार से अधिक रन बनाए हैं। रणजी सत्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी।



### एमसीए के साथ सफर रखूंगा जारी

रहाणे ने एक्स पर लिखा, 'मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। आगे नए घरेलू सत्र को देखते हुए मेरा मानना है कि नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है और इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और एमसीए (मुंबई क्रिकेट संघ) के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हमें और अधिक ट्रॉफी जीतने में मदद मिल सके। मैं आगामी सत्र में खेलने को लेकर उत्साहित हूं।'

### मुंबई ने 2023-24 में रणजी ट्रॉफी का जीता था खिताब

रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 के सत्र में फाइनल में विदर्भ को हराकर रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी जीती थी। रहाणे की कप्तानी में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीती थी लेकिन अब राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की उनमें कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बावजूद यह स्टार बल्लेबाज राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें आखिरी टेस्ट जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उन्होंने 90 एकदिवसीय और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया है। रहाणे ने सबसे छोटे प्रारुप में भी अपने खेल को निखारा, जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान बनाया गया। रहाणे और एक अन्य सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद में अब भी घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं।



# गेंदबाजों को पास करना होगा ब्रोंको टेस्ट, बीसीसीआई ने बदला फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड खिलाड़ियों की फिटनेस को जांचने के लिए एक नया नियम लाया है। इस नियम का नाम ब्रोंको टेस्ट है। यह रग्बी से क्रिकेट में लिया गया है। इससे खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को परखा जाएगा। साथ ही यह टेस्ट मैदान पर टिके रहने और लंबी दूरी तक रनिंग क्षमता की परीक्षा लेगा। मुख्य रूप ये ब्रोंको टेस्ट गेंदबाजों के लिए है। इस टेस्ट को पास करने के बाद ही खिलाड़ी को टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खिलाड़ियों के स्टैमिना को बढ़ाने और उन्हें लंबे समय तक फिट रखने के लिए ब्रोंको टेस्ट अनिवार्य किया गया है।



**क्या है ब्रोंको टेस्ट :** ब्रोंको टेस्ट से ही अब खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को परखा जाएगा। इसमें खिलाड़ी को एक सेट में 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की शटल रन पूरी करनी होती है। इस तरह से कुल पांच सेट बिना रुके पूरे करने होते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों को ब्रोंको टेस्ट 6 मिनट के अंदर पास करने को बोला गया है।

# विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है, जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा।

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे।



इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।'

### 1990 के दशक में नियम को कर दिया 'किनारा'

ओलंपिक खेलों में पहले गुणसूत्र परीक्षण आम था, लेकिन 1990 के दशक में इससे किनारा कर दिया गया था क्योंकि ठोस परिणाम पर नहीं पहुंचा जा रहा था। कई खेलों ने लिंग योग्यता निर्धारित करने के लिए हार्मोन परीक्षण का सहारा लिया, लेकिन इन परीक्षणों के लिए नियामक निकायों को उन खिलाड़ियों को लेकर कड़ा फैसला करना पड़ता है, जिनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर अधिक पाया जाता है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने इसके साथ ही कहा कि परीक्षण कराने और परिणाम प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की है। इस साल की शुरुआत में विश्व एथलेटिक्स गुणसूत्र परीक्षण को फिर से शुरू करने वाला पहला ओलंपिक खेल बना था।

एशिया कप : चीन के हांगझोउ में 5 से 14 सितंबर तक होगा टूर्नामेंट

# महिला हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा की कप्तानी बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर 6 सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच 8 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।



### महिला भारतीय टीम

**गोलकीपर:** बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम
**डिफेंडर:** मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी
**मिडफील्डर:** नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो
**फारवर्ड:** नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।

### सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं

टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है, जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं।

### टीम में अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का संतुलन

हॉकी इंडिया के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं।' सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं। हरेंद्र ने कहा, 'यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।'



# पंजाबी फिल्म में हीरो बनकर आएंगे राज कुंद्रा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा की पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' के ट्रेलर को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लिखा कि वह कई साल से उनके हीरो हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'मेहर' की शानदार झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'वाह, पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन वो कई साल से मेरे हीरो रहे हैं। फिल्मों में आपका स्वागत है राज कुंद्रा आपको और मेहर की पूरी टीम को अपार सफलता की शुभकामनाएं।' इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के निर्देशक राकेश मेहता, निर्माता और गीता बसरा को भी शुभकामनाएं दीं।

लाइफ Style

# सुरवीन
## अचानक दो ड्रैकुला दांत निकल आए

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुरवीन चावला इन दिनों अपनी सुपरनैचुरल वेब सीरीज अंधेरा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। यह एक हॉरर सीरीज है। इस सीरीज के प्रमोशन के दौरान सुरवीन ने एक डरावनी घटना के बारे में बताया। सुरवीन चावला ने अपनी नई वेब सीरीज अंधेरा के प्रमोशन के दौरान एक डरावनी घटना का जिक्र किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यह सुपरनैचुरल हॉरर शो 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ है। दरअसल, कुछ महीने पहले वह अपने परिवार के साथ बाली गई थीं। जहां उन्होंने इंडोनेशिया के बाली शहर के अपने डरावने अनुभव के बारे में एक दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताया। सुरवीन ने बताया कि एक शाम सुरवीन ने देखा कि बाली के लोग पारंपरिक कपड़ों में पूजा कर रहे थे। उनके जीजा ने उस दौरान दो बाली लड़कियों की तस्वीर खींची।

अगले दिन से अजीब घटनाएं शुरू हो गईं। उनकी ताईजी तालाब में गिर गईं, किसी की कोहनी में चोट लगी, उनकी छह साल की भतीजी को गंभीर एलर्जी हुई और एक भतीजे की हालत इतनी खराब हो गई कि डॉक्टर को बुलाना पड़ा। सबसे डरावनी बात तब हुई जब आखिरी रात को उनके जीजा ने अपने फोन में तस्वीरें देखीं। उन दो बाली लड़कियों की तस्वीर में अचानक ड्रैकुला जैसे दांत नजर आए। सुरवीन ने कहा कि अगर ये दांत पहले दिखे होते, तो उनके जीजा वह तस्वीर नहीं लेते। यह देखकर सब हैरान रह गए कि तस्वीर में अचानक ऐसे दांत कैसे आ गए, जबकि लड़कियां पारंपरिक कपड़ों में बहुत सुंदर लग रही थीं। सुरवीन चावला की वेब सीरीज 'अंधेरा' प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।



हॉलीवुड मसाला




# बिस्तर पर न टीवी देखते न किताब पढ़ते

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने सोने के समय की आदतों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वे बिस्तर पर टीवी नहीं देखते। प्रियंका जब बिस्तर पर टीवी देखती हैं, तो निक उनके बगल में कुर्सी पर बैठते हैं। निक का मानना है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होता है। निक जोनस ने कहा, 'मुझे लगता है कि बिस्तर केवल सोने के लिए होते हैं। मैं बिस्तर पर नहीं बैठता, मैं बिस्तर पर नहीं खाता, मैं बिस्तर पर किताब नहीं पढ़ता या टीवी नहीं देखता। मैं ऐसा नहीं कर सकता। मुझे बस गर्मी पसंद नहीं है। मुझे गर्मी लगती है। यह पूरी बात है।'



# सांवले हुस्न से दुनिया को बनाया दीवाना

**लॉस एंजिल्स।** 'जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइज' की फिल्म 'डाई अनदर डे' में अपने सांवले हुस्न से दुनिया को दीवाना बना देने वाली हैल बेरी आपको याद होंगी। हैली 59 साल की हो गई हैं। अमेरिकी एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। बॉन्ड की फिल्मों में बिकिनी पहन पानी से बाहर आकर दिल धड़काने वाली हैल की अदाएं यहां भी मदहोश करने वाली हैं। तस्वीरों में समंदर है, नीला आसमान है, बिकिनी में हैल हैं और साथ हैं उनके बॉयफ्रेंड वैन हंट। इन तस्वीरों को देख फैंस कह रहे हैं कि लाइफ हो तो हैली बेरी जैसी हो। उम्र ने तो जैसे उनपर असर करना ही बंद कर दिया है। फैंस की नजरों में हैली की यह तस्वीर सबसे शानदार है। अपने पैरों से वाइन ग्लास पकड़ने की उनकी असाधारण क्षमता से बहुतों को जलन हो रही है।



# सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज के दो पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** गुरुवार को निर्माताओं ने आगामी फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का पहला लुक जारी कर फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। पहले लुक में ऋतिक रोशन की कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद और आलिया भट्टा की मां सोनी राजदान नजर आ रही हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली प्लेबैक सिंगर पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने सबा आजाद और सोनी राजदान की म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का एक मोशन वीडियो शेयर किया है। 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का निर्देशन दानिश रेंजू ने किया है। शफत काजी और दानिश रेंजू ने मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद के अलावा जैन खान दुर्रानी, शीबा चड्ढा, तारुक रैना और लिलेट दुबे भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# 30 बाद रजनीकांत के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** वेटरेन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म द बंगाल फाइल्स में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती लगभग 30 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों इससे पहले आखिरी बार साल 1995 में आई बंगाली भाषा की फिल्म भाग्य देवता में नजर आए थे। इस फिल्म में रजनीकांत का स्पेशल अपीयरेंस था और यह उनकी एकमात्र बंगाली फिल्म भी है। इससे पहले मिथुन और रजनीकांत साल 1989 में आई हिंदी फिल्म भ्रष्टाचार में एकसाथ दिखाई दिए थे।

टीवी मसाला



# बिग बॉस का घर बनेगा अखाड़ा, शो में एंट्री लेगा ये इंटरनेशनल खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 का हिस्सा कौन बनेगा, इसकी उत्सुकता लंबे समय से ही दर्शकों के बीच बनी हुई है। टेलीविजन के बड़े सितारों का नाम सामने आ रहा है जो सलमान के शो में महीनों के लिए कैद हो सकते हैं। अब इस लिस्ट में एक नया नाम जुड़ गया है जिससे स्पोर्ट्स के दीवाने जरूर परिचित होंगे। इस बार मशहूर बॉक्सर माइक टायसन बिग बॉस का हिस्सा होने वाले हैं। इंस्टाग्राम पेज बिग बॉस ताजा के मुताबिक, माइक टायसन बिग बॉस में नजर आएंगे। हालांकि, वह सिर्फ गेस्ट बनकर आ रहे हैं। वह शो में सिर्फ 7 से 10 दिन तक रहेंगे। फिलहाल, अभी तक माइक टायसन को लेकर मेकर्स ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। माइक टायसन फेमस अमेरिकन बॉक्सर हैं। उन्हें आयरन माइक और किड डायनामाइट के नाम से जाना गया। वह अपने समय के सबसे महान हैवीवेट चैंपियन के रूप में एक माने गए। बिग बॉस का 19वां सीजन 24 अगस्त को टीवी पर प्रीमियर होने वाला है। शो में टीवी के कई बड़े सितारे शामिल होने वाले हैं। हालांकि, अभी तक शो में किसी के नाम को कन्फर्म नहीं किया गया है।

## कीकू-कृष्णा के बीच एक्ट को लेकर हुआ बवाल

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा शो के सेट्स से एक वीडियो वायरल हुआ जिसे देखकर लोग थोड़े शॉक्ड हैं। इसमें कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा बहस करते दिख रहे हैं। उन दोनों को संभालने के लिए क्रू के लोग भी मौजूद हैं। क्लिप देखकर लग रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई है। हालांकि, कई लोग मान रहे हैं कि ये असली लड़ाई नहीं, बल्कि प्रैंक है। वीडियो की शुरुआत में सुनाई देता है कि कीकू शारदा बोले, मैं टाइमपास रहा हूं? कृष्णा बोलते हैं, तो ठीक है फिर आप कर लो। कृष्णा हाथ जोड़कर बोलते हैं, भाई मेरे को कोई प्रॉब्लम नहीं है, आप कर लो। मैं जाता हूं। कीकू शारदा बोलते हैं, बात वो नहीं है, अगर मेरे को बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं ना फिर। कृष्णा बोलते हैं, भाई आई लव यू ऐंड रिस्पेक्ट यू। मैं अपनी आवाज ऊंची नहीं करना चाहता। इस पर कीकू शारदा बोलते हैं, गलत आदमी को अलग तरीके से डील किया गया। वीडियो को देखकर कई लोग शॉक्ड हैं। वहीं, कुछ को लोगों को लग रहा है कि यह प्रैंक है।



# आज थिएटर में आएगा भूचाल और ओटीटी पर होगा धमाल

**नई दिल्ली।** शुक्रवार का दिन जहां मेकर्स और एक्टर्स के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होता, तो वहीं सप्ताह का ये एक दिन ऐसा होता है, जिसके इंतजार में फैंस पलके बिछाए रहते हैं और लगातार अपडेट का इंतजार करते हैं। अब तक वॉर 2 से लेकर कूली और ओटीटी-थिएटर में रिलीज होने वाली सीरीज और फिल्मों की अपडेट हम आप तक पहुंचाते रहे हैं। 22 अगस्त को तो थिएटर और ओटीटी दोनों पर कौन-कौन सी फिल्में-सीरीज रिलीज होंगी चलिए देखते हैं

**अमार बोस** : ओटीटी की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आपको यहां पर हर भाषा की फिल्में और सीरीज देखने को मिलेंगी। इन्हीं में से एक है बंगाली फिल्म 'अमार बोस'। ये एक 40 साल की घर की ओनर अनिमेष की कहानी है, जिसे तब चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जब उसकी मां हार्ट सर्जरी के बाद उसके ऑफिस में इंटर्न का काम करने आती है। फिल्म में करण अर्जुन एक्ट्रेस राखी गुलजार मुख्य भूमिका में हैं। इस फैमिली ड्रामा को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।




**एनी मीनी** : मनी हाइस्ट के बाद एक बार फिर से हाइस्ट की कहानी लेकर एनी मीनी आ रहे हैं। इस सीरीज में एनी को अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड को बचाने के लिए अपने पास्ट में लौटना पड़ता है। इस हाइस्ट थ्रिलर फिल्म में समारा वीविंग ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसका निर्देशन शॉन सिमंस ने किया है। इस हॉलीवुड फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**मां** : काजोल थिएटर के साथ-साथ ओटीटी क्वीन भी बन चुकी हैं। उनकी 27 जून को रिलीज हुई सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म मां अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है, जोकि 22 अगस्त है।

**मारीसन** : मारीसन एक ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो ओरिजिनली तमिल भाषा में बनी हुई है। फिल्म में फहाद फासिल और वाडिवेलु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म की कहानी अल्जाइमर रोग से पीड़ति एक बूढ़े आदमी की है, जिसकी एक लड़के से दोस्ती हो जाती है और दोनी रोड़ ट्रिप पर निकल जाते हैं। तमिल भाषा में बनी इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**द केस डायरी** : बॉलीवुड में भले ही इस हफ्ते कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है, लेकिन साउथ में मनोरंजन का सिलसिला इस हफ्ते भी नहीं रुकने वाला है। 22 अगस्त को थिएटर में मलयालम फिल्म द केस डायरी रिलीज हो रही है, जिसकी कहानी पुलिस अधीक्षक के गोद लिए बेटे सैम कोशी की है, जो एक डाकुओं के ग्रुप को पकड़ने के मिशन पर निकलता है।

**कमारो 2** : ओटीटी पर जहां मां दस्तक देगी, तो वहीं थिएटर में भी हॉरर फिल्म देखकर सब डरने वाले हैं, क्योंकि कमारो 2 जल्द ही आ रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी अलौकिक शोधकर्ता की है, जो अपनी लापता बहन को ढूंढते हुए कमरौट्ट घर पहुंच जाती है, जहां बुरी आत्माओं का साया है। यहां पर उसके सामने ऐसे राज खुलते हैं, जो बहुत ही डराने वाले हैं। इस फिल्म को आप 22 अगस्त को थिएटर में देख सकते हैं।

# एक-दूसरे को अपने जाल में फंसाने में लगे नील-दिव्या



**मुंबई।** नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला की फिल्म एक चतुर नार का टीजर गुरुवार को रिलीज हो गया है। टीजर में नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला का अलग अंदाज देखने को मिला है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। एक चतुर नार 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर की शुरुआत एक मजेदार वॉइस ओवर से होती है। पूरे टीजर में वॉइस ओवर ही सुनाई देता है और दिखाई देता है नील नितिन मुकेश और दिव्या खोसला के बीच जारी शह-मात का खेल। वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'शहर की भीड़ में हर कोई लगता है कॉमन, पर हुजूर किसी की होती है जलेबी जैसी चाल, किसी के पास होता है चूना लगाने का कमाल, इरादे अगर नवाबी हो तो किसकी क्या मजाल, ये खेल ही ऐसा है बाबू, जिसमें बेगम और बादशाह दोनों हैं किस्मत के गुलाम। देखना ये है चतुर कौन है, शिकारी नेवला या नागिन मचाएगी बवाल।' इस टीजर को साझा करते हुए टी-सीरीज ने लिखा, 'नागिन का बवाल या नेवले का शिकार... इनमें चतुर है कौन?' जबकि दिव्या खोसला ने टीजर को शेयर करने के साथ ही लिखा, "ना चाल सीधी और ना इरादे आम, एक चतुर नार टीजर आउट नाऊ। 2 टीजर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या और नील अपनी-अपनी चाल से एक-दूसरे को फंसाते और मात देने का प्रयास करते नजर आएंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930